www.livehindustan.com

1936
सत्य • सार्थक • सदैव

# हिन्दुस्तान

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

मंगलवार
2 जून 2026, नई दिल्ली

• पांच प्रदेश • 23 संस्करण

राजनाथ सिंह बोले, ऑस्ट्रेलिया से रक्षा सहयोग बढ़ाया जाएगा




## Sri Chaitanya Techno School

The right mentor for IIT (JEE), Medical, Olympiad & all other Competitive exams

JEE ADV. 2026 RESULTS

41 YEARS OF EXCELLENCE 1986-2026

# श्री चैतन्या IIT तक पहुँचने का भरोसेमंद फॉर्मूला



4 Rank

All India Open Category

M Shekhar Shukla
HT.No.266152016
Classroom Student



9 Rank

Sri Chaitanya Techno School Student

M Naga Saharsha
HT.No.266145246
Classroom Student
All-India Open Category

SEIZES 3 RANKS IN **TOP 10 IN ALL-INDIA OPEN CATEGORY**



10 Rank

Darsh Sikha
HT.No.262105093
Online Classroom Student
All-India Open Category

## 35 RANKS BELOW 100 IN ALL INDIA OPEN CATEGORY

| Rank | Name | HT. NO. |
|---|---|---|
| 17 | AARAV GUPTA | 266100595* |
| 21 | YAJAT SHINGHAL | 267020175 |
| 26 | PASALA MOHITH | 266060100 |
| 28 | MUKKARA SAKETH | 266059154 |
| 30 | AMRIT RAJ | 267043075* |
| 31 | B SAMEERAJ REDDY | 266131323 |
| 36 | ARNAV GANDHI | 267013646 |
| 37 | ADITYA SINGH | 261037065 |
| 38 | B C SEKHAR REDDY | 266060225 |
| 40 | KATA HIMAKAR | 266009152 |
| 41 | SNEHAL ROY CHOUDHURY | 257474072* |
| 44 | YASH YADAV | 262067130* |
| 45 | AARUSH SINGHAL | 267015167 |
| 52 | YASHWARDHAN | 267011368* |
| 56 | CHINNI PAWAN TEJA | 266060479 |
| 59 | A SUSHANT KUMAR | 262007260* |
| 62 | K SAMITH CHOWDARY | 266062106 |
| 64 | U VENKATA YOGESH | 266009162 |
| 66 | J ROSHAN MANIDEEP | 266009143 |
| 67 | TANMAY H.G | 261043005 |
| 72 | NISHKARSH SINGH | 262097033* |
| 73 | PALASH JAMBURE | 261114121 |
| 74 | RAM NIKIL PUVVADI | 261048073 |
| 79 | B.V. KRISHNA R BHAT | 261065216* |
| 81 | ADITYA GUPTA | 267010589 |
| 87 | NAIDU LAKSHMI TEJAL | 266032030 |
| 91 | S T VATHSAN | 266097453 |
| 92 | I ABHISHEK KANTH | 266055215 |
| 93 | PATURI JAYADEV | 266009028 |
| 95 | V AVINASH NAIDU | 266058086 |
| 98 | ANSHU | 262092420* |
| 99 | RUCHIT AGRAWAL | 262056072* |

| Category | Count |
|---|---|
| BELOW 10 ALL INDIA OPEN CATEGORY RANKS | 3 |
| BELOW 100 ALL INDIA OPEN CATEGORY RANKS | 35 |
| BELOW 200 ALL INDIA OPEN CATEGORY RANKS | 60 |
| BELOW 500 ALL INDIA OPEN CATEGORY RANKS | 126 |
| BELOW 1000 ALL INDIA OPEN CATEGORY RANKS | 200 |
| BELOW 10 ALL INDIA ALL CATEGORY RANKS COUNT | 10 |

*T & C apply | Note: Any inadvertent error published in this advertisement could be brought to our notice Note: The information is as per students feedback

*DLP-AITS Information so far.

## Sri Chaitanya Techno School

The right mentor for IIT (JEE), NEET, Olympiad & all Other Competitive exams

## PREPARE YOUR CHILD FOR THE FUTURE

ADMISSIONS OPEN FOR NURSERY ONWARDS

SCAN QR CODE FOR ADMISSIONS

DELHI NCR BRANCHES :

NOIDA
Sector - 02 : 7207662851
Sector - 04 : 7207779124
Sector - 41 : 7093684411
Sector - 130 : 7207888124
Greater Noida: 8445566104

GHAZIABAD
Mohan Nagar : 7428969809
Rajnagar Extn : 7207779132

FARIDABAD
Sector-75 : 7207755528
Sector-85 : 7015168809
Sector-89 : 7207772213

PALWAL
Kithwari : 7207815500

Future Pathways
Sector - 64 : 7207767623
Palam Vihar : 7207770241

GURUGRAM
Sector - 07 : 7207779135
Sector - 57 : 7207998381
(Golf Court Extn)
Sector - 67 : 7207914404
Sector - 70A : 7207770192
Sector - 92 : 9513303711

CO PROGRAM:
Noida : 7207931507
Faridabad : 7207772213
Gurugram : 8790165655

www.livehindustan.com

1936 सत्य • सार्थक • सदैव

# हिन्दुस्तान

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

मंगलवार
2 जून 2026, नई दिल्ली

वर्ष 91, अंक 130, 16 पेज, मूल्य ₹ 5.00, हिन्दुस्तान टाइम्स के साथ मूल्य ₹ 10.50 एवं एचटी एज के साथ मूल्य ₹ 6.25 • पांच प्रदेश • 23 संस्करण



बीसीसीआई ने वैभव को सर्वोच्च स्तर तक ले जाने के संकेत दिए P-12




### लेबनान पर इजरायली हमलों के विरोध में कदम उठाया

# ईरान ने अमेरिका से शांति वार्ता रोकी

**टकराव**

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान ने अमेरिका के साथ मध्यस्थों के जरिये चल रही शांति वार्ता रोक दी है। इसके लिए ईरान ने लेबनान पर इजरायल के हमलों को जिम्मेदार बताया। ईरान की तस्नीम समाचार एजेंसी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

ईरान का कहा कि संघर्ष विराम का अर्थ पूरी तरह हमला रोकना है। उसने कहा कि लेबनान पर हमला न करना संघर्षविराम की मुख्य शर्तों में शामिल था। इजरायल ने हमला करके इसका उल्लंघन किया, इसलिए ईरानी वार्ता टीम ने मध्यस्थों के जरिए अमेरिका से बातचीत रोक दी। एजेंसी के अनुसार, ईरान फिर से बातचीत शुरू करने की शर्त के तौर पर गाजा और लेबनान में इजरायल के सैन्य अभियानों को रोकने की मांग कर रहा है।

**अंदर तक घुसी इजरायली सेना :** इजरायल की सेना दक्षिणी लेबनान में वर्ष 2000 में इस इलाके से अपना कब्जा खत्म करने के बाद से अब तक के सबसे अंदरूनी हिस्सों तक पहुंच गई है। सोमवार को उसने बेरूत के निवासियों को हवाई हमलों से पहले इलाका खाली करने की चेतावनी दी।

**अब बाब अल मंडेब बंद होगा :** ईरान और उसके सहयोगियों ने होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह से बंद करने, बाब अल-मंडेब जलडमरूमध्य को बंद करने की तैयारी कर ली है। ईरान के यमनी सहयोगी, हूती विद्रोहियों ने पहले भी जलडमरूमध्य और आसपास के पानी में पोतों पर हमले किए हैं।

**ट्रंप बोले, बातचीत रोकने की जानकारी नहीं:** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि उन्हें ईरान की ओर से बातचीत निलंबित करने की आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है।

**तनाव बढ़ने से कच्चे तेल में उछाल :** अमेरिका और ईरान के बीच तनाव के चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल का मानक ब्रेंट क्रूड 3.34 प्रतिशत बढ़कर 94.16 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

> भारी बमबारी P13



इजरायली हमले के बाद लेबनान में सोमवार को उठता धुएं का गुबार। • एजेंसी

**08** अप्रैल से ईरान-अमेरिका में संघर्षविराम लागू है | **28** फरवरी को ईरान और अमेरिका में युद्ध छिड़ा था

### संघर्ष विराम तोड़ने के लिए वॉशिंगटन जिम्मेदार : ईरान

ईरान के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को बयान जारी कर कहा कि ईरान के साथ और लेबनान में इजरायल द्वारा किए गए संघर्ष विराम तोड़ने के लिए अमेरिका जिम्मेदार है। ईरान ने कहा कि एक मोर्चे पर संघर्ष विराम तोड़ना सभी मोर्चों पर तोड़ने के बराबर है। वहीं, लेबनान ने कहा कि सोमवार को दक्षिणी शहर टायर में एक अस्पताल के पास इजरायल ने हमला किया, जिसमें अस्पताल को भारी नुकसान पहुंचा है।

# अमेरिका से व्यापार समझौता जल्द:गोयल

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत-अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर 99 फीसदी वार्ता पूरी हो गई है। उन्होंने संभावना जताई कि दो से चार जून तक दोनों पक्षों के बीच हो रही वार्ता सफल रहेगी और समझौते के पहले चरण पर जल्द ही हस्ताक्षर करेंगे।

केंद्रीय मंत्री ने सोमवार को कहा कि दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडलों के बीच अधिकांश महत्वपूर्ण मुद्दों पर सहमति बन चुकी है। अंतरिम व्यापार समझौते का मसौदा तैयार है, इसे अंतिम रूप देने के बाद दोनों देशों के लिए नए आर्थिक अवसर खुलेंगे। उन्होंने कहा कि भारत की एक टीम हाल ही में वॉशिंगटन गई थी, जहां समझौते के शेष बिंदुओं पर चर्चा की गई। अब द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर चर्चा के लिए अमेरिका का प्रतिनिधिमंडल भारत पहुंच रहा है। कुछ लोग आ चुके हैं, बाकी मंगलवार सुबह तक पहुंचेंगे। मंगलवार से ही तीन दिवसीय (दो से चार जून) बैठक में दोनों पक्ष उन बिंदुओं पर चर्चा करेंगे, जिन पर अभी तक सहमति नहीं बनी है। मुझे पूरा विश्वास है कि दोनों पक्ष वार्ता का पहला चरण पूरा करेंगे और उस पर हस्ताक्षर करेंगे।

ध्यान रहे कि बीते सप्ताह अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने भी कहा था कि समझौते का केवल एक प्रतिशत हिस्सा ही अंतिम रूप से तय किया जाना बाकी है, जबकि 99 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है।



**11** अरब डॉलर से अधिक मूल्य का भारत-ओमान में व्यापार

### भारत-ओमान के बीच मुक्त व्यापार समझौता लागू

भारत-ओमान के बीच हुआ मुक्त व्यापार समझौता सोमवार से लागू हो गया। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि इस समझौते से भारतीय निर्यातकों को ओमान के बाजार में तत्काल शुल्क-मुक्त (ड्यूटी-फ्री) पहुंच मिलेगी।

**दोनों देशों में व्यापार**

जानकारी के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में भारत और ओमान के बीच द्विपक्षीय व्यापार 11.18 अरब डॉलर रहा, जबकि एक वर्ष पहले 2024-25 में यह 10.61 अरब डॉलर था। इसमें भारत का निर्यात 4.02 अरब डॉलर और आयात 7.16 अरब डॉलर रहा। > P11

**भारत को क्या लाभ होगा?**

भारत को ओमान में निर्यात के लिए 100 प्रतिशत शुल्क-मुक्त बाजार पहुंच मिलेगी। यह ओमान की 98.08 प्रतिशत उत्पाद श्रेणियों और 99.38 प्रतिशत व्यापार मूल्य को कवर करेगी।

**ओमान को क्या लाभ मिलेगा?**

भारत अपनी कुल 12,556 उत्पाद श्रेणियों में से 77.79 प्रतिशत पर शुल्क रियायत देगा, जो मूल्य के आधार पर ओमान से होने वाले 94.81 प्रतिशत आयात को कवर करती हैं।

## पांच किलोग्राम का रसोई गैस सिलेंडर 11 रुपये महंगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तेल कंपनियों ने पांच किलोग्राम के गैस सिलेंडर और वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमतों में रविवार देर रात बढ़ोतरी कर दी। अब पांच किलोग्राम का सिलेंडर 11 रुपये और वाणिज्यिक सिलेंडर 42 रुपये महंगा हो गया।

नई दरों के बाद दिल्ली में 19 किलो वाले सिलेंडर की कीमत 3,113.50 रुपये पहुंच गई, जो पहले 3,071.50 रुपये थी। एक मई को वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमत में 993 रुपये की बढ़ोतरी की गई थी। पांच किलोग्राम के सिलेंडर के दाम बढ़ाकर 821.50 रुपये कर दिया गया। हालांकि, 14.2 किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर की कीमत 913 रुपये पर स्थिर रखी हैं।

# सीबीएसई की पुनर्मूल्यांकन वेबसाइट शुरू नहीं हो पाई, परेशान रहे छात्र

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन और सत्यापन के लिए एक जून से शुरू होने वाला केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) का पोर्टल सोमवार को तय समय पर शुरू नहीं हो सका।

हजारों छात्र और अभिभावक सुबह से पोर्टल खुलने का इंतजार करते रहे, लेकिन देर शाम तक वेबसाइट का लिंक एक्टिव नहीं हो सका। कॉपियों की स्क्रूटनी और वेरिफिकेशन के लिए महीनों से इंतजार कर रहे लाखों छात्र-छात्राएं लगातार वेबसाइट को रिफ्रेश करते रहे, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। इसके चलते छात्र, अभिभावक दोनों गुस्से में हैं। उन्हें डर है कि कहीं एक और डेट का इंतजार न करना पड़े। सीबीएसई ने दोपहर दो बजे एक्स पर जानकारी दी कि पोर्टल को जल्द शुरू किया जाएगा। इसके बाद भी शाम 8:30 बजे तक पोर्टल शुरू नहीं हो सका।

सोशल मीडिया पर छात्रों और अभिभावकों ने बोर्ड की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। एक्स यूजर योगेश ने लिखा कि सीबीएसई की मूल्यांकन प्रक्रिया को लेकर उठ रहे सवाल अब राष्ट्रीय चिंता का विषय बन गए हैं, बोर्ड को इन मुद्दों पर जवाबदेह बनाया जाना चाहिए। परीक्षा तंत्र की जिम्मेदारी को परीक्षण की प्रक्रिया में नहीं बदला जा सकता। एक अन्य यूजर ललित ने लिखा कि यदि बोर्ड स्थिति को संभालने में सक्षम नहीं है तो छात्रों को अतिरिक्त अंक देने पर विचार करना चाहिए। देर शाम तक पोर्टल शुरू होने का कोई नया समय घोषित नहीं किया गया था।

> संबंधित खबर P06

### दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी

सीबीएसई परीक्षा विवाद मामले में शिक्षा मंत्रालय ने कार्रवाई शुरू की। शिक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि सीओईएमपीटी को ठेका देने के मामले में रिपोर्ट तलब की गई है। टेंडर प्रक्रिया का विवरण भी जुटाया गया है। शिक्षा मंत्रालय के अनुसार दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की सिफारिश की जाएगी।

## प्रमुख पांच

**सुप्रीम कोर्ट में पांच नए जज की नियुक्ति**

1 राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सुप्रीम कोर्ट में पांच जज की नियुक्ति को मंजूरी दे दी। शीर्ष अदालत में अब कुल 37 जज हो गए हैं। P 07

**मलेशिया में बच्चे के लिए सोशल मीडिया पर रोक**

2 मलेशिया में 16 साल से कम उम्र के बच्चे के सोशल मीडिया इस्तेमाल करने पर रोक लगा दी है। P 13

**तपती रातों से गेहूं उत्पादन पर संकट**

3 जलवायु परिवर्तन के चलते रात में तापमान बढ़ने का प्रतिकूल असर गेहूं की बालियों पर पड़ रहा है। P 07

**पश्चिम बंगाल में 35 मंत्रियों ने ली शपथ**

4 पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार के पहले मंत्रिमंडल विस्तार में 35 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। P 06

**विवाह संस्था पर बना रहे विश्वास**

5 ट्विशा शर्मा की गाथा को एक अपराध-कथा के रूप में नहीं पढ़ना चाहिए। इस अध्ययन में भारतीय समाज में विवाह संस्था के बढ़ते अनादर और पितृ सत्ता पर बात होनी चाहिए।



विभूति नारायण राय P 08

# 'मुकदमों में बरी लोगों की पहचान उजागर न हो'

**आदेश**

- भुलाने के अधिकार को मान्यता मिले
- निर्णयों की खोज को निष्क्रिय करने को कहा

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली हाईकोर्ट ने व्यवस्था दी कि किसी भी आपराधिक मामले में बरी और आरोपमुक्त होने वाले अथवा आपसी सहमति से बंद होने वाले मुकदमों के फैसले की प्रति को उजागर न किया जाए। इसके लिए गूगल सर्च इंजन समेत अन्य वेबसाइट को नाम आधारित खोज के माध्यमों से न्यायिक निर्णयों को प्रदर्शित न करने को कहा है।

हाईकोर्ट ने कहा कि व्यक्ति के भुला दिए जाने के अधिकार को मान्यता दी जानी चाहिए। हाईकोर्ट ने संबंधित प्राधिकारियों, विभिन्न सर्च इंजन के संचालकों व कानूनी डेटाबेस मंचों को निर्देश दिया कि वे याचिकाकर्ताओं को लेकर आए निर्णयों, आदेशों व समाचार लेखों के संबंध में अपनी नाम-आधारित खोज सुविधा को निष्क्रिय करें तथा उन्हें खोज परिणामों से हटा दें (डी-इंडेक्स करें)।

डी-इंडेक्स करने का अर्थ है किसी विशेष वेबपेज या वेबसाइट को सर्च इंजन के डेटाबेस से हटाना, ताकि वह सामान्य खोज परिणामों में दिखाई न दे। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि महिलाओं या बच्चों के विरुद्ध अपराधों, सार्वजनिक विश्वास के उल्लंघन से जुड़े अपराधों, लोकसेवकों, निर्वाचित प्रतिनिधियों आदि द्वारा किए गए अपराधों में दोषसिद्धि से संबंधित मामलों में डी-इंडेक्स करना उपयुक्त नहीं होगा।

### यूपीआई से लेनदेन मई में उच्चतम स्तर पर पहुंचा

नई दिल्ली। यूपीआई के जरिए मई में लेनदेन उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। इस महीने में कुल 29.90 लाख करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ, जबकि पिछले माह अप्रैल में यह आंकड़ा 29.03 लाख करोड़ था। > P11

### राज्यसभा की 27 सीटों के लिए नामांकन शुरू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चुनाव आयोग ने राज्यसभा की 27 और बिहार, कर्नाटक की विधान परिषद सीटों के लिए होने वाले द्विवार्षिक, उपचुनावों के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

चुनाव आयोग के अनुसार, नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया सोमवार सुबह शुरू हुई। उम्मीदवार 8 जून को दोपहर 3 बजे तक अपने नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 9 जून को होगी, जबकि उम्मीदवारी वापस लेने की अंतिम तिथि 11 जून निर्धारित की गई है। मतदान 18 जून को सुबह नौ बजे से शाम चार बजे के बीच होगा।









राहत-बचाव कार्य में जुटे अधिकारियों को अब भी कुछ लोगों के दबे होने की आशंका, कार्य में तेजी लाने के लिए और मशीनें लगाईं

# मलबे में 48 घंटे बाद भी जिंदगियों की तलाश जारी

**कोशिश**


**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** दक्षिणी दिल्ली के सैदुलाजाब में इमारत गिरने के 48 घंटे बाद भी राहत और बचाव कार्य जारी है। अधिकारी अब भी मलबे में कुछ और लोगों के दबे होने की आशंका जता रहे हैं।

अधिकारियों का कहना है कि मलबा पूरी तरह हटाने में अभी 24 घंटे से अधिक समय लग सकता है। हादसे के बाद से एनडीआरएफ, दमकल विभाग, दिल्ली पुलिस और अन्य एजेंसियां संयुक्त रूप से काम कर रही हैं। मलबे को हटाने के लिए एक हाइड्रा क्रेन और दो बड़ी क्रेन लगाई गई हैं। अब तक करीब 55 ट्रक मलबा हटाया जा चुका है।

एनडीआरएफ के अधिकारियों के अनुसार, हादसे के समय इमारत के साथ बने ढाबे में लोगों के मौजूद होने की सूचना मिली थी। इसी वजह से शुरुआती चरण में बचाव दलों की प्राथमिकता ढाबे के ऊपर गिरे मलबे को जल्द से जल्द हटाने की थी, ताकि वहां कोई फंसा हो तो उसे सुरक्षित निकाला जा सके।

अधिकारियों ने बताया कि ढाबे वाले हिस्से का मलबा पूरी तरह साफ कर दिया गया है और रविवार शाम के बाद से वहां कोई व्यक्ति नहीं मिला है। अभी करीब 250 गज क्षेत्र में मलबा फैला है। बचावकर्मी अब इस पूरे हिस्से को व्यवस्थित तरीके से साफ कर रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि मंगलवार शाम तक बचा मलबा भी हटा लिया जाएगा।

**राहत कार्य में आ रही कई चुनौतियां :** राहत कार्य में जुटे कर्मचारियों के सामने कई चुनौतियां आ रही हैं। घटनास्थल पर जगह काफी कम है और हादसे के बाद पास की एक इमारत झुक गई है। उसके गिरने की आशंका को देखते हुए उसे जैक लगाकर सहारा दिया गया है। साथ ही अतिरिक्त गार्डर भी मंगवाए गए हैं, ताकि बचाव अभियान के दौरान आसपास की संरचना सुरक्षित रहे और किसी नए हादसे की आशंका न हो।



सैदुलाजाब में जमींदोज हुई पांच मंजिला इमारत के मलबे को हटाने का कार्य सोमवार को भी पूरे दिन जारी रहा। ● इशांत चौहान

### दावा : कई लोगों के मोबाइल की लोकेशन मौके पर मिली

मौके पर मौजूद जसंवत यादव ने बताया कि जो इमारत ढही है उसका व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा था। इमारत में कई कार्यालय संचालित होते थे। हालांकि, शनिवार और रविवार को अधिकांश कार्यालय बंद रहते हैं, लेकिन कुछ दफ्तरों में कर्मचारियों व अन्य लोगों का आना-जाना बना रहता है। लोगों का दावा है कि हादसे के समय भी इमारत में कई लोग मौजूद थे। इसी वजह से आशंका जताई जा रही है कि मलबे के नीचे अब भी कुछ लोग दबे हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि कई लोग अब भी लापता हैं, जिनके मोबाइल की लोकेशन घटनास्थल की ही दिखाई दे रही है। ऐसे में वह मलबे के नीचे हो सकते हैं। बचाव कार्य में जुटी टीमें भी यह सुनिश्चित कर रही हैं कि मलबा नीचे की ओर न धंसे, ताकि यदि कहीं कोई जीवित व्यक्ति फंसा हो तो उसे सुरक्षित निकाला जा सके।

## खतरनाक भवनों पर कार्रवाई होगी

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** साकेत के सैदुलाजाब में इमारत गिरने के बाद राजधानी में अवैध निर्माण की निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों और आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधियों ने विभागों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं।

वहीं, एमसीडी प्रशासन भी हरकत में आ गया है। नगर निगम प्रशासन ने सभी 12 जोन में अवैध निर्माण व खतरनाक इमारतों की जांच के निर्देश दिए हैं। साथ ही ऐसी इमारतों की पहचान कर नोटिस जारी करने और कार्रवाई के भी निर्देश दिए हैं।

**कार्रवाई**

## हादसे में क्षतिग्रस्त दूसरी इमारत भी ढहाई जाएगी

**नई दिल्ली, व. सं.।** दक्षिण दिल्ली के सैदुलाजाब इलाके में पांच मंजिला इमारत गिरने के दौरान उसके बगल में बनी दूसरी इमारत भी क्षतिग्रस्त हो गई है। अधिकारियों के अनुसार मलबे का भारी दबाव पड़ने से बगल की इमारत की दीवारों और नींव में दरारें आ गई हैं, जिससे उसके कभी भी गिरने का खतरा बना है।

घटनास्थल पर मौजूद इंजीनियरों और आपदा प्रबंधन टीमों ने प्रारंभिक निरीक्षण के बाद इमारत को असुरक्षित घोषित कर दिया है। सुरक्षा के मद्देनजर आसपास के मकानों को खाली करा लिया गया है और इलाके में पुलिस बल तैनात किया गया है। किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए संबंधित विभाग ने कमजोर इमारत को नियंत्रित तरीके से गिराने (जमींदोज करने) का फैसला लिया है।

■ **आपदा प्रबंधन टीमों ने प्रारंभिक निरीक्षण के बाद असुरक्षित घोषित किया**

### राजधानी में इमारत गिरने की पुरानी घटनाएं

**13 सितंबर 2021**
सब्जी मंडी इलाके में तीन मंजिला व्यवसायिक जर्जर इमारत का एक हिस्सा ढहा, दो सगे भाइयों की मौत

**15 अप्रैल 2022**
अलीपुर में गोदाम की दीवार गिरने से पांच मजदूरों की जान गई

**21 अप्रैल 2024**
वेलकम इलाके में तीन मंजिला इमारत गिरी, दो की मौत

**27 जनवरी 2025-**
बुराड़ी में निर्माणाधीन इमारत गिरने से पांच लोगों की मौत

**9 अप्रैल 2025**
1दयालपुर में इमारत गिरने से 11 लोगों की जान चली गई

**17 मई 2025**
पहाड़गंज में निर्माणाधीन इमारत के ढहने से तीन लोगों की मौत

**12 जुलाई 2025**
सीलमपुर के जनता मजदूर कालोनी में इमारत ढहने से 6 लोगों की मौत

**20 अगस्त 2025**
दरियागंज में पुरानी इमारत के ढहने से तीन मजदूरों की मौत हो गई थी। इसके बाद कई इमारतों की जांच हुई

## छात्र परेशान, लाइब्रेरी में फंसीं किताबें और लैपटॉप

**कश्मकश**

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** सैदुलाजाब में हुए हादसे के बाद अब सैकड़ों छात्रों के सामने पढ़ाई का संकट खड़ा हो गया है। हादसे के समय साथ वाली इमारत में स्थित लाइब्रेरी में पढ़ाई कर रहे 150 से अधिक छात्रों के लैपटॉप, मोबाइल फोन, किताबें, नोट्स वहीं रह गए। इस कारण वे तैयारी नहीं कर पा रहे हैं। छात्र अब पुलिस-प्रशासन से सामान सुरक्षित निकलवाने की गुहार लगा रहे हैं।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार हादसे वाली इमारत से सटी बिल्डिंग भी पूरी तरह झुक गई है। उसके किसी भी समय गिरने का खतरा बना हुआ है। सुरक्षा कारणों से किसी को भी अंदर जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। ऐसे में छात्रों का जरूरी सामान अभी तक बाहर नहीं निकाला जा सका है।

**'28 को परीक्षा, समझ नहीं आ रहा क्या करूं' :** असम की रहने वाली अटलांटा ने बताया कि उन्होंने रूस से एमबीबीएस की पढ़ाई की है। कोर्स पूरा होने के बाद वह भारत लौट आई थीं और विदेशी मेडिकल स्नातकों के लिए अनिवार्य परीक्षा की तैयारी कर रही थीं। 28 जून को यह महत्वपूर्ण परीक्षा है। हादसे के समय वह लाइब्रेरी में पढ़ाई कर रही थीं। इमारत गिरने की आवाज पर वह अपना लैपटॉप, मोबाइल व किताबें वहीं छोड़कर बाहर आ गईं। अब तैयारी नहीं कर पा रही हैं।



### पुलिस ने मलबे से 23 लैपटॉप बरामद किए

राहत और बचाव कार्य में जुटी टीमों को रविवार शाम इमारत का मलबा हटाने के दौरान 23 लैपटॉप मिले हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि बरामद लैपटॉप के मालिकों की पहचान अभी नहीं हो सकी है। सभी लैपटॉप को जब्त कर थाने भेज दिया गया है।

## जहां चहल-पहल रहती थी, वहां अब पसरा है सन्नाटा

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** सैदुलाजाब गांव आम दिनों में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले हजारों छात्रों की गतिविधियों से गुलजार रहता था। संकरी गलियों में सुबह से देर रात तक छात्रों की आवाजाही, लाइब्रेरी में पढ़ाई, चाय की दुकानों पर चर्चाएं और ढाबों पर जुटने वाली भीड़ इस इलाके की पहचान रही है, लेकिन शनिवार शाम हुए इमारत हादसे के बाद यहां का माहौल पूरी तरह बदल गया है। जहां पहले चहल-पहल दिखाई देती थी, अब वहां सन्नाटा पसरा है।

हादसे के दो दिन बाद सोमवार को पूरे दिन इलाके में पुलिस, एनडीआरएफ और अन्य एजेंसियों के वाहन ही नजर आए। आम दिनों में छात्रों और स्थानीय लोगों से भरी रहने वाली गलियां लगभग खाली दिखाई दीं। कई छात्र अपने कमरों में ही रहने को मजबूर हैं, जबकि कुछ ने अस्थायी रूप से दूसरे इलाकों का रुख कर लिया है। वहीं, सैदुलाजाब की घटना के मद्देनजर फोर्डा (फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन)-इंडिया ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर राष्ट्रीय राजधानी में पीजी (पेइंग गेस्ट) संचालक भवनों का पंजीकरण अनिवार्य किए जाने की मांग की है।

### पुलिस टीमों ने पूरे इलाके में लोगों का प्रवेश रोका

पुलिस ने पूरे इलाके को बंद कर दिया है। राहत कार्य में बाधा न आए इसके लिए पुलिस ने घटनास्थल के आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। सोमवार को पुलिस ने घटनास्थल की ओर आने वाली सड़क को भी बंद कर दिया। इसके अलावा आसपास की दुकानों, रेस्तरां और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को भी अगले दो दिनों के लिए बंद कर दिया गया है।

## इमारत मालिक गिरफ्तार, बिल्डर और ठेकेदार फरार

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** दक्षिण दिल्ली के सैदुलाजाब गांव में हुए दर्दनाक भवन हादसे की जांच में जुटी पुलिस ने घटना के 48 घंटे बाद इमारत के मालिक 71 वर्षीय करमवीर जेलदार को गिरफ्तार कर लिया है।

हालांकि हादसे से जुड़े बिल्डर और ठेकेदार अब भी फरार हैं। उनकी तलाश में पुलिस की कई टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एक टीम पश्चिम बंगाल भेजी गई है, जबकि दो अन्य टीमें उत्तराखंड और हरियाणा में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। हादसे के बाद से बिल्डर, मालिक और ठेकेदार फरार हो गए थे। अब भवन मालिक की गिरफ्तारी के बाद पुलिस अन्य आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। मालिक को पुलिस ने उसके एक रिश्तेदार के घर से पकड़ा है।

## एम्स में भर्ती घायल की हालत गंभीर

**नई दिल्ली, प्र. सं.।** सैदुलाजाब में इमारत गिरने की घटना में घायल पांच लोग अब भी एम्स के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती हैं। जिसमें से दो मरीज आईसीयू में भर्ती हैं। इसमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई है। उसे आईसीयू में वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया है।

एम्स प्रशासन का कहना कि अन्य चार मरीजों की हालत स्थिर है। बता दें कि इस हादसे के बाद एम्स ट्रॉमा सेंटर में 13 लोग लाए गए थे। जिसमें से पांच लोगों की मौत हो गई थी।

## आप नेताओं ने उपायुक्त कार्यालय घेरा

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** सैदुलाजाब हादसे के विरोध में सोमवार को आम आदमी पार्टी ने नगर निगम के साउथ जोन के उपायुक्त कार्यालय का घेराव किया।

पार्टी के पार्षदों ने उपायुक्त राकेश कुमार को निलंबित करने की मांग की। उन्होंने उपायुक्त से इमारत की शिकायत के बावजूद कार्रवाई न किए जाने पर जवाब मांगा। आप का दावा है कि प्रदर्शन देख उपायुक्त कार्यालय छोड़कर चले गए। इससे बाद पार्षदों ने कार्यालय के गेट पर ताला लगा दिया।



निगम के साउथ जोन के उपायुक्त कार्यालय में सोमवार को प्रदर्शन करते आप पार्षद।

## एसपीए परिसर में आग से हड़कंप, कोई हताहत नहीं

**नई दिल्ली,एजेंसी।** मध्य दिल्ली में स्थित स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए) परिसर के भीतर सोमवार को शिक्षा मंत्रालय के कार्यालय में आग लग गई।

प्रशासनिक ब्लॉक की दूसरी मंजिल पर स्थित फैकल्टी रूम से अचानक धुआं और आग की लपटें उठती देख वहां हड़कंप मच गया। परिसर में तैनात एक एमटीएस कर्मचारी ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस और दमकल विभाग को दी। दिल्ली दमकल सेवा के अनुसार, सुबह 9:37 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली,जिसके तुरंत बाद दमकल की आठ गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। जल्द आग पर काबू पा लिया गया।

दिल्ली में सोमवार सुबह आग लगने की एक घटना को लेकर कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि शिक्षा मंत्रालय के कार्यालय में आग लग गई। हालांकि, मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि फैलाई जा रही खबरें भ्रामक हैं।

## दूसरे दिन भी जमींदोज किए गए कई अवैध मकान

**शालीमार बाग**

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** दिल्ली के शालीमार बाग गांव में सोमवार को भी दूसरे दिन प्रशासन ने दिल्ली पुलिस और सुरक्षा बलों की उपस्थिति में कई अवैध इमारतों में तोड़फोड़ की।

सोमवार को कार्रवाई के दूसरे दिन सुबह 7 बजे से प्रशासन के साथ पुलिस बल की मौजूदगी में दर्जनों जेसीबी मशीनों के जरिए पुराने मलबे को हटाने का कार्य किया गया। सोमवार को दिन भर अवैध इमारतों में तोड़फोड़ व ध्वस्तीकरण की कार्य जारी रहा। इसके अलावा शालीमार बाग गांव की गलियों व आसपास के इलाकों में पुलिस के सिपाही तैनात रहे। इस गांव के मुख्य सड़कों मार्गों के रास्ते सोमवार को भी आम यातायात के लिए बंद रहे। इस संबंध में दिल्ली के मध्य-उत्तर जिला के डीएम एसएस परिहार ने बताया कि कुल 143 इमारतों को सुप्रीम कोर्ट व हाई कोर्ट के आदेशों पर तोड़ा जा रहा है। मलबा भी हटाया जा रहा है।

### प्रभावित पात्र लोगों के लिए प्रशासन ने कैंप लगाए

मध्य-उत्तर जिला के एडीएम राजीव रंजन ने बताया कि यह मूल रूप से अधिग्रहण अभियान है। यह सरकारी जमीन है, इसके तहक सरकारी जमीन को वापस लेने का कार्य कर रहे हैं। इसमें सभी कानूनी प्रक्रियाओं का पालन किया गया। प्रभावित पात्र लोगों के लिए विशेष सहायता पैकेज घोषित कर उनके लिए कैंप लगाए गए हैं। प्रभावित प्रत्येक पात्र परिवार और इकाई विशेष सहायता पैकेज के तहत तीन लाख रुपये की एकमुश्त एक्स-ग्रेशिया सहायता के लिए कैंप में फॉर्म भर सकते हैं। लोगों को इसके बारे में जानकारी भी दी जा रही है।

### यातायात व्यवस्था सुधरेगी

डीएम परिहार ने कहा कि शालीमार बाग स्थित गांव हैदरपुर क्षेत्र में रोड नंबर-320 के निर्धारित राइट ऑफ वे के भीतर रोड नंबर-320 का चौड़ीकरण दिल्ली के लिए एक अहम सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की परियोजना है, जिसके पूरा होने से यातायात व्यवस्था में सुधार होगा।

## तीन मंजिला मकान में भीषण आग लगी

**नई दिल्ली, प्र. सं.।** मुखर्जी नगर में रविवार देर रात तीन मंजिला इमारत में शार्ट सर्किट से आग लग गई। करीब आधे घंटे की मशक्कत से दमकल की सात गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। बचाव दल ने इमारत मौजूद चार लोगों को सुरक्षित निकाल लिया है।

इंदिरा विहार में तीन मंजिला इमारत के ग्राउंड फ्लोर पर एसी में शार्ट सर्किट से आग लगी थी। ग्राउंड फ्लोर पर मकान मालिक सुरेंद्र पाल रहते हैं, जबकि अन्य फ्लोर पर तीन छात्राएं रहती हैं। इन्हें सुरक्षित निकाला गया है।



मुखर्जी नगर स्थित तीन मंजिला घर जहां रविवार रात लगी थी भीषण आग। ● वीडियो ग्रैब

## लोगों को भड़काने में इस्तेमाल हुए नंबर

**नई दिल्ली/कानपुर।** दिल्ली में संचालित कॉल सेंटर की आड़ में ओटीपी से एक्टिवेट कर जारी किए गए सिम नंबरों का इस्तेमाल सोशल मीडिया में फेक अकाउंट बनाने में भी खूब हुआ।

इन नंबरों के जरिये भारत के साथ ही नेपाल व अन्य देशों में जनभावनाएं भड़काने का भी काम किया गया। चूंकि ये नंबर एक से तीन माह की सीमित अवधि तक ही सक्रिय रहे, ऐसे में पुलिस के लिए विदेश में बैठे ऐसे लोगों को ढूंढ पाना मुश्किल है।

## विवाद के बीच सेंट स्टीफंस की प्रिंसिपल ने पद संभाला

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** डीयू से संबद्ध सेंट स्टीफंस कॉलेज के इतिहास में पहली महिला प्रिंसिपल प्रो. सुजैन एलियास ने सोमवार को पदभार ग्रहण कर लिया। यह पदभार उन्होंने डीयू की आपत्ति के बाद ग्रहण किया है।

ज्ञात हो कि कॉलेज ने पहले ही यह घोषणा कर दी थी कि वह 1 जून को पदभार ग्रहण करेंगी। हालांकि, इस पूरे मामले में अभी कॉलेज की तरफ से किसी तरह का आधिकारिक बयान नहीं आया है। कॉलेज के एक प्राध्यापक ने बताया कि रविवार शाम कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल प्रो. जॉन वर्गीस ने सभी सहकर्मियों को एक विदाई मेल लिखा।

ज्ञात हो कि प्रो. एलियास की नियुक्ति की घोषणा 12 मई को हुई थी जिसके बाद डीयू के रजिस्ट्रार विकास गुप्ता ने कॉलेज को पत्र लिखकर नियुक्ति प्रक्रिया को रोकने के निर्देश दिए थे।

**चिंताजनक** राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे में खुलासा, छह माह से दो वर्ष तक की उम्र के सिर्फ 11.2 प्रतिशत बच्चों को ही भरपूर आहार मिल पा रहा, इस वजह से संक्रमण का खतरा बढ़ा

# राजधानी में ज्यादातर मासूमों को नहीं मिल पाता पर्याप्त आहार

■ रणविजय सिंह

**नई दिल्ली।** दिल्ली में जन्म लेने वाले छह से 23 माह (करीब दो वर्ष) तक की उम्र के सिर्फ 11.2 प्रतिशत बच्चों को ही भरपूर आहार मिल पा रहा है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे-छह की ताजा रिपोर्ट में यह बात सामने आई है।

रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली में छह माह से करीब दो वर्ष तक की उम्र के करीब 88.8 प्रतिशत बच्चों को पर्याप्त आहार नहीं मिल पा रहा है। इस वजह से बच्चे अधिक कमजोर हो रहे हैं। रिपोर्ट के आंकड़े बताते हैं कि पहले की तुलना में भरपूर आहार पाने वाले बच्चों की संख्या घटी है। वहीं, बच्चों में दुबलेपन की समस्या भी बढ़ी है। विशेषज्ञ इसका कारण बच्चों को पर्याप्त व पौष्टिक पोषण नहीं मिल पाना बता रहे हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे की रिपोर्ट के अनुसार पहले दिल्ली में छह माह से करीब दो वर्ष तक की उम्र के 16 प्रतिशत बच्चों को पर्याप्त आहार मिल पाता था। नई रिपोर्ट के अनुसार भरपूर आहार पाने वाले बच्चों की संख्या में 4.8 प्रतिशत की गिरावट हुई है।

वर्ष 2024 में 21 फरवरी से 26 दिसंबर के बीच दिल्ली में 9116 परिवारों पर यह सर्वे किया गया। सर्वे रिपोर्ट के आंकड़ों से डॉक्टर भी हैरान हैं। सफदरजंग अस्पताल के प्रिवेंटिव कम्युनिटी मेडिसिन के निदेशक ने कहा कि दिल्ली में यदि छोटे बच्चों को भरपूर आहार नहीं मिल रहा है तो इससे गंभीर सवाल उठा रहा है। इसके कई कारण हो सकते हैं। एक तो यह कि बच्चों को जो पौष्टिक आहार मिलना चाहिए वह नहीं मिल रहा है। उसकी जगह कुछ और मिल रहा है, जो सेहत के लिए फायदेमंद नहीं है।

| | ताजा सर्वे | वर्ष 2019-21 |
|---|---|---|
| तीन वर्ष तक के बच्चे जिन्हें जन्म के पहले घंटे में कराया गया स्तनपान | 45.1% | 52.3% |
| बच्चे जिन्हें छह माह तक केवल स्तनपान कराया गया | 48.3% | 64.3% |
| छह-आठ माह के बच्चे जिन्हें ठोस आहार व स्तनपान कराया गया | 52.5% | 62.9% |
| 23 माह तक के बच्चे जिन्हें मिला पर्याप्त आहार | 11.2% | 16.0% |
| पांच वर्ष तक की उम्र के बच्चे जिनका वजन कम था | 27.4% | 21.8% |
| पांच वर्ष तक की उम्र के बच्चे जिनका कद पाया गया छोटा | 26.4% | 30.9% |

**छह माह तक सिर्फ स्तनपान पाने वाले बच्चों की संख्या घटी :** दिल्ली में जन्म के बाद छह माह तक सिर्फ स्तनपान पर रहने वाले बच्चों की संख्या 16.8% कम हो गई है। पहले 64.3% बच्चों को छह माह तक सिर्फ स्तनपान कराया जाता था। अब यह आंकड़ा गिरकर 50% से कम हो गया है। इसका कारण सिजेरियन प्रसव बढ़ना है। दिल्ली में पहले सिजेरियन प्रसव 23.6% था जो अब 27.4% हो गया है। निजी अस्पतालों में सिजेरियन प्रसव 42.8% से बढ़कर 50.9% हो गया है। सरकारी अस्पतालों में भी सिजेरियन प्रसव 19.6% हो गया है।

### बच्चों को संक्रमण रोगों से सुरक्षा देता है मां का दूध

डॉ. जुगल किशोर ने बताया कि बच्चों को जन्म के छह माह तक सिर्फ स्तनपान करना जरूरी होता है। मां का दूध बच्चों को कई तरह के संक्रमण से बचता है और उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। इसलिए जन्म के पहले घंटे में भी स्तनपान करना जरूरी माना जाता है। इससे बच्चे कई अन्य बीमारियों से भी बचते हैं।

**शहर 30s**

### सूद ने प्रधानाचार्यों से संवाद किया

**नई दिल्ली।** शिक्षा विभाग की ओर से जनकपुरी के पोसंगीपुर स्थित सीएम श्री स्कूल में सोमवार को संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने प्रधानाचार्यों और स्कूल प्रमुखों के साथ हाइब्रिड मोड में संवाद किया। शैक्षणिक वातावरण, इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वच्छता और अन्य प्रशासनिक व्यवस्थाओं से जुड़े अलग-अलग विषयों पर चर्चा की। इस दौरान शिक्षा मंत्री ने स्कूलों में उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं की भी समीक्षा की।

### 'प्रदूषण पर समयबद्ध तरीके से कार्रवाई हो'

**नई दिल्ली।** राजधानी में सर्दियों के प्रदूषण से मुकाबले के लिए अभी से तैयारी शुरू हो गई है। सोमवार को उप राज्यपाल तरनजीत सिंह संधू और वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा के बीच लोक निवास में बैठक हुई। उप राज्यपाल ने कहा कि प्रदूषण को लेकर सर्दियों से पहले समयबद्ध तरीके से कार्रवाई की जानी चाहिए। बैठक में वायु प्रदूषण को कम करने पर चर्चा हुई।

### डीटीसी-आईआईटी कानपुर के बीच समझौता

**नई दिल्ली।** दिल्ली की बसों में महिलाओं को मुफ्त और आसान सफर के लिए लॉन्च किया गया पिंक सहेली कार्ड महज 90 दिनों में 10 लाख महिलाओं के पास पहुंच गया है। अब डीटीसी ने डिजिटल टिकटिंग सिस्टम को और बेहतर बनाने के लिए वन दिल्ली मोबाइल ऐप का संचालन, रखरखाव और अपग्रेड करने के लिए आईआईटी कानपुर के साथ समझौता किया है। सोमवार को दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह की मौजूदगी में एमओयू साइन किया गया।

### बच्चे की पहचान बताई, पूर्व विधायक पर केस

**नई दिल्ली।** जनकपुरी इलाके में नाबालिग से दुष्कम के मामले में पीड़ित बच्चे की पहचान सोशल मीडिया पर सार्वजनिक करने के आरोप में आम आदमी पार्टी के पूर्व विधायक सौरभ भारद्वाज के खिलाफ जनकपुरी थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने मामला बीएनएस, किशोर न्याय अधिनियम और पॉक्सो अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हैदरपुर रोड पर स्ट्रीट लाइट लगाएगा पीडब्ल्यूडी

**नई दिल्ली।** शालीमार बाग क्षेत्र के हैदरपुर में रोड नंबर 320 पर फैंसी खंभे व लाइटें लगाई जाएंगी। लोक निर्माण विभाग करीब 64 लाख रुपये की लागत से यह कार्य कराएगा। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस परियोजना के तहत 35 फैंसी खंभे, 4 हाई मास्ट लाइट, 70 एलईडी स्ट्रीट लाइट लगाई जाएंगी। पुराने 25 खंभे हटाकर नई आधुनिक लाइटें स्थापित की जाएंगी।

### नजफगढ़ में 33 फैक्टरियां सील की गईं

**नई दिल्ली।** नगर निगम के नजफगढ़ जोन ने जींस, कार वॉशिंग, डेंटिंग व पेंटिंग जैसी प्रदूषण फैलाने वाली 33 इकाइयों के खिलाफ कार्रवाई कर सील किया। इस संबंध में निगम अधिकारियों ने बताया कि नजफगढ़ जोन में इस वर्ष अब तक प्रदूषण फैलाने वाली इन 33 इकाइयों पर कार्रवाई की गई है। यह सभी इकाइयां अवैध तरीके से चल रही थीं। इस कार्रवाई से पहले नोटिस भी जारी किए गए थे।

### 'विस्थापित परिवारों को एक करोड़ मुआवजा मिले'

**नई दिल्ली।** दिल्ली कांग्रेस ने शालीमार बाग के हैदरपुर से विस्थापित हुए परिवारों को पुनर्वास के लिए दिए गए सरकारी मुआवजे को नाकाफी बताया है। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने सोमवार को कहा कि मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र में दशकों से रह रहे लोगों को उजाड़ने के लिए प्रत्येक परिवार को एक करोड़ का मुआवजा मिलना चाहिए। उन्होंने प्रभावित परिवारों की मदद का भरोसा भी दिया।

### सीबीआई को याचिका वापस लेने की अनुमति

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को सीबीआई को वर्ष 1997 के उपहार सिनेमा अग्निकांड से जुड़े मामले में पूर्व आईपीएस अधिकारी अमोद कांत के खिलाफ दायर अपनी क्लोजर रिपोर्ट स्वीकार कराने की याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट टी. प्रियदर्शिनी की अदालत ने कहा कि सीबीआई ने उपहार त्रासदी पीड़ित संघ के हाईकोर्ट जाने पर यह अपील की थी।



Loot Blink
SABSE BADI DEALS, SABSE BADA FAAYDA!
JOIN INDIA'S MOST TRUSTED
DEALS CHANNEL
SAVE MORE SPEND LESS!
100% REAL DEALS | LIMITED TIME OFFERS | BEST PRICES GUARANTEED
SAB PE BADI BACHAT!
UP TO 90% DISCOUNT DEALS
BIGGEST DISCOUNTS • BEST BRANDS • LIMITED STOCK
LIMITED STOCK
JOIN KARO AUR PAO SABSE BADI LOOT DEALS!
boat Airdopes 141 TWS Earbuds ₹2,990 ₹249 92% OFF YOU SAVE ₹2,741
Noise Pulse 2 Smart Watch ₹4,999 ₹349 93% OFF YOU SAVE ₹4,650
iPhone 13 128GB ₹59,900 ₹5,399 91% OFF YOU SAVE ₹54,501
SAMSUNG 32" HD Smart TV 89% OFF YOU SAVE ₹25,800
realme Narzo N55 (6GB+128GB) ₹13,999 ₹799 94% OFF YOU SAVE ₹13,200
ASUS Vivobook 15 (i3 12th Gen, 8GB/512GB SSD) 90% OFF YOU SAVE ₹40,491
GREEN SOUL Office Chair Ergonomic ₹14,999 ₹1,499 92% OFF YOU SAVE ₹17,500
SAMSUNG 980 500GB NVMe SSD ₹6,999 91% OFF YOU SAVE ₹6,400
WILDCRAFT Backpack ₹1,999 ₹149 93% OFF YOU SAVE ₹1,850
PHILIPS Trimmer Series 3000 ₹1,995 ₹199 90% OFF YOU SAVE ₹1,796
AGARO Air Fryer 4.5L ₹6,999 ₹699 90% OFF YOU SAVE ₹6,300
PUMA Men's Running Shoes ₹3,999 91% OFF YOU SAVE ₹3,650
ZEBRONICS Study Headphones with Mic ₹1,499 ₹169 89% OFF YOU SAVE ₹1,330
PORTABLE Laptop Table Foldable ₹1,299 ₹129 90% OFF YOU SAVE ₹1,170
boAt Stone 650 Bluetooth Speaker ₹3,999 ₹199 95% OFF YOU SAVE ₹3,800
UPTO 90% OFF ON TOP BRANDS
PRICE DROP ALERTS BE THE FIRST TO KNOW
100% GENUINE PRODUCTS
FAST DELIVERY ACROSS INDIA
DEALS ITNI BADI, KI CHOOK GAYE TO PACHTAOGE!
ABHI JOIN KARO AUR LOOTNA SHURU KARO!
JOIN OUR WHATSAPP CHANNEL
Instant Deal Alerts
Exclusive Offers
Limited Stock Updates
CLICK HERE
JOIN OUR TELEGRAM CHANNEL
Latest Deals & Offers
Price Drops Alerts
Limited Time Offers
CLICK HERE
SAVE TIME SHOP SMART
SAVE MONEY LIVE BETTER
SMART CHOICES. BRIGHTER FUTURE!
SHOP SMART. SAVE BIG. SHINE BRIGHT.
JOIN 1 LAKH+ SMART SHOPPERS & SAVE THOUSANDS EVERY MONTH!

# दर्श ने बढ़ाया दिल्ली का मान, बोले- सोशल मीडिया से बनाई थी दूरी

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** जेईई एडवांस की परीक्षा में दिल्ली जोन का जलवा रहा। परीक्षा में सभी तीन टॉपर दिल्ली जोन के हैं, लेकिन उनमें से कोई दिल्ली का रहने वाला नहीं है। उन्होंने सिर्फ दिल्ली जोन को परीक्षा केंद्र के रूप में चुना था। हालांकि, ऑल इंडिया दसवीं रैंक पाने वाले दर्श सिक्का राजधानी के किदवई नगर में रहते हैं।



जेईई एडवांस में दर्श ने ऑल इंडिया में 10वां स्थान हासिल किया

दर्श के माता-पिता एम्स में कार्यरत हैं। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि पर अपने माता-पिता और दादाजी का आभार व्यक्त किया है। दर्श बताते हैं कि आप जिस विषय में कमजोर हों उस पर अधिक जोर देने की जरूरत है। केमेस्ट्री में दिक्कत थी। मैंने इसमें अतिरिक्त मेहनत की। घंटों पढ़ाई करने से बेहतर है जब भी पढ़े एकाग्र होकर पढ़े और मैंने यही तकनीकी पढ़ाई के लिए अपनाई थी। वह बताते हैं कि मैंने पढ़ाई के दौरान सोशल मीडिया से पर्याप्त दूरी बनाकर रखी। पिता डॉ. कपिल सिक्का का कहना है कि दर्श शुरू से ही पढ़ने में अव्वल रहा है।

रविवार देर रात जारी परिणाम में दिल्ली जोन से शुभम ने जेईई एडवांस्ड 2026 में 360 में से 330 अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं, गुरुग्राम निवासी कबीर छिल्लर महज एक अंक से पिछड़कर 329 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। दोनों ने ही कोटा के कोचिंग संस्थान से तैयारी की थी। जबकि तीसरे स्थान पर झुंझुनू के जतिन चाहर हैं जिन्होंने 300 में से 319 अंक अर्जित किया है। हालांकि, कबीर छिल्लर ने बताया कि मैं आश्वास्त था कि मेरा रैंक अच्छा आएगा लेकिन मैं ऑल इंडिया दूसरे रैंक पर रहूंगा यह नहीं सोचा था। कबीर ने बताया कि उनके पिता भी आईआईटियन हैं। कबीर का कहना है कि यदि आप मन से मेहनत करते हैं और अपने लक्ष्य को लेकर फोकस हैं आपको सफलता जरूर मिलेगी। जब भी समय मिलता है मैं फुटबाल खेलता हूं। उन्होंने बताया कि मेरी प्राथमिकता आईआईटी बाम्बे है।

## सफलता के लिए आत्मविश्वास अहम : शुभम

**नई दिल्ली/ गया जी।** जेईई एडवांस्ड में पहला स्थान हासिल करने वाले शुभम कुमार का कहना है कि सफलता के लिए मजबूत बुनियाद, निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास सबसे महत्वपूर्ण हैं।



शुभम ने परीक्षा में 360 में से 330 अंक प्राप्त किए

शुभम गया जी शहर के नादरागंज ब्राह्मणी घाट के रहने वाले हैं। शुभम ने जेईई एडवांस में 360 में से 330 अंक प्राप्त किए हैं। इससे पहले उन्होंने जेईई मेन के दोनों सत्रों में 100 परसेंटाइल प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया था। शुभम ने कहा कि इस वर्ष जेईई मेन और जेईई एडवांस दोनों परीक्षाओं के प्रश्न अपेक्षाकृत कठिन थे। लेकिन, जिन विद्यार्थियों की बुनियादी तैयारी मजबूत थी, उनके लिए परीक्षा आसान साबित हुई। शुभम अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता की प्रेरणा और स्वाध्याय को देते हैं। उन्होंने बताया कि 10वीं तक उन्होंने कोई ट्यूशन नहीं ली। उन्होंने 10वीं बोर्ड परीक्षा में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया था और 12वीं बोर्ड में विज्ञान संकाय से 96.8 प्रतिशत अंक हासिल किए। दसवीं के बाद शुभम ने ऑनलाइन माध्यम से जेईई की तैयारी शुरू की। एक वर्ष तक ऑनलाइन कक्षाएं लेने के बाद उन्हें कोटा के एक प्रतिष्ठित संस्थान में छात्रवृत्ति मिली। वर्ष 2025 में वे कोटा चले गए और ऑफलाइन तैयारी शुरू की। शुभम ने बताया कि 10वीं से ही रोजाना 10 घंटे पढ़ाई करते थे। बाद में यह समय 12 घंटे से अधिक और जेईई एडवांस की तैयारी के दौरान 15 घंटे प्रतिदिन तक पहुंच गया। शुभम का सपना शुरू से ही आईआईटी बॉम्बे में पढ़ाई कर इंजीनियर बनने का था। उनका मानना है कि इंजीनियरिंग केवल एक पेशा नहीं, बल्कि नई सोच और नवाचार का माध्यम है।

## शहर 30s

### रेलवे में नौकरी का झांसा देकर ठगी

**नई दिल्ली।** पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन पुलिस ने रेलवे में नौकरी का झांसा दे ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने शनिवार को गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। डीसीपी भरत रेड्डी ने बताया कि मेरठ निवासी शख्स ने शनिवार को शिकायत दी थी। टीम ने ईशा और उसके एक साथी रंजीत को दबोचा। रंजीत की निशानदेही पर आलम को गिरफ्तार किया।

### दहेज उत्पीड़न मामले में पति और सास दोषी

**नई दिल्ली।** कड़कड़डूमा कोर्ट ने दहेज उत्पीड़न से जुड़े एक मामले में पति जितेंद्र और उसकी मां रामबती को दोषी ठहराया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरविंदर सिंह की अदालत ने बचाव पक्ष के इस तर्क को खारिज कर दिया कि पूजा अपनी बहन की शादी टूटने के कारण अवसाद में थी। अदालत ने कहा कि इस दावे के समर्थन में कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया।

### भवानी कुंज में दीवार गिरने से मजदूर की मौत

**नई दिल्ली।** वसंत कुंज के भवानी कुंज इलाके में एक मकान के तोड़फोड़ के दौरान दीवार गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मजदूर 35 वर्षीय विशाल के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने विशाल के साथियों के बयान पर ठेकेदार के खिलाफ लापरवाही से मौत का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### फायरिंग मामले में सबूतों के अभाव में आरोपी बरी

**नई दिल्ली।** साकेत जिला अदालत ने वर्ष 2021 में बदरपुर इलाके में हुई फायरिंग की घटना में सुजीत को सभी आरोपों से बरी कर दिया है। इसमें हेड कांस्टेबल और एक आम नागरिक घायल हो गए थे। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शीतल चौधरी प्रधान की अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपी की घटनास्थल पर मौजूदगी साबित करने में विफल रहा।

### अवैध हथियारों के साथ आरोपी दबोचा

**नई दिल्ली।** वेलकम थाना पुलिस ने अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त के मामले में 25 वर्षीय मनन खान को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से एक सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल बरामद हुई, जिसका इस्तेमाल चर्चित किंग्स कैफे हत्याकांड में हुआ था। पुलिस रिमांड के दौरान जनता मजदूर कॉलोनी निवासी रुहैल उर्फ साहिल ने बताया था कि यह हथियार 50 हजार रुपये में बेचा था।

### क्रिप्टोकरेंसी के नाम पर ठगने वाले दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के साइबर पुलिस ने क्रिप्टोकरेंसी के नाम पर हुई करीब दो लाख की ठगी का पर्दाफाश किया। इस मामले में राजस्थान के डीग जिले में छापेमारी कर दो आरोपियों को 23 वर्षीय साबिर और 28 वर्षीय रिंकू को गिरफ्तार किया। डीसीपी राहुल अहलावल ने सोमवार को बताया कि हर्ष विहार निवासी 19 वर्षीय संचित के साथ ठगी हुई थी।



यमुना छठ घाट पर सोमवार को श्रीकृष्ण की प्रतिमा बनाते कलाकार। • सोनू मेहता

मॉडल टाउन इलाके की घटना, पिता एमसीडी में सैनिटरी इंस्पेक्टर, हमलावरों की तलाश कर रही पुलिस

# झगड़े में बीच बचाव करने पर युवक को मार डाला

सनसनीखेज 1

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** मॉडल टाउन इलाके में रविवार रात को झगड़े में बीच बचाव करने पर हमलावर ने युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान 24 वर्षीय साहिल के तौर पर हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है और हमलावरों की तलाश की जा रही है।

साहिल परिवार सहित बुराड़ी की तोमर कॉलोनी इलाके में रहता था। वह दिल्ली कौशल एवं उद्यमिता विश्वविद्यालय में संविदा पर एमटीएस था। साहिल के पिता सुरेंद्र एमसीडी में सैनिटरी इंस्पेक्टर हैं। पहले परिवार मॉडल टाउन स्थित एमसीडी कॉलोनी में रहता था, लेकिन बाद में तोमर कॉलोनी में आ गया।

परिजनों के अनुसार साहिल अक्सर अपने दोस्तों से मिलने के लिए एमसीडी कॉलोनी जाता था। साहिल को रविवार को भी दोस्तों ने फोन कर बुलाया था। वह रविवार रात को एमसीडी कॉलोनी में अपने दोस्त शिवम एवं शिवा के साथ घूम रहा था। बताया जाता है कि लाल बाग निवासी आशु उर्फ लाला मौके पर आया। उसका साहिल के दोस्त से विवाद होने लगा।

इस पर साहिल ने दोस्त का पक्ष लेकर बीचबचाव किया तो लाला ने उसी पर चाकू से ताबड़तोड़ तीन चार वार गंभीर रूप से घायल कर दिया। दोस्त उसको विनायक अस्पताल ले कर गए, जहां डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया और पुलिस को घटना की सूचना दी।

### पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद किया

साहिल के पिता सुरेंद्र ने बताया कि उनके बेटे का किसी से कोई झगड़ा नहीं था। वह नौकरी से समय मिलने पर अपने दोस्तों से मिलने चला जाता था। चूंकि रविवार को छुट्टी थी इसलिए दोस्तों के बुलाने पर चला गया। परिजनों के अनुसार साहिल अभी अविवाहित था। परिवार में माता-पिता के अलावा एक छोटा भाई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने घटनास्थल से सौ मीटर की दूरी पर हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी की तलाश में छापेमारी कर रही है।



साहिल • फाइल फोटो

### सामान रखने के विवाद में दो भाइयों को पीटा

**नई दिल्ली।** जवाहर नगर औद्योगिक क्षेत्र में सामान उतारने को लेकर हुए विवाद में फैक्टरी मालिक ने साथियों संग मिलकर दो भाइयों की पिटाई कर दी। करावल नगर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि विपुल जैन लोनी का रहने वाला है और भाई के साथ फैक्टरी में काम करता था। इसी दौरान मालिक सूरज वहां आया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर उनकी पिटाई कर दी।

## चांदनी महल में नाबालिगों ने अधेड़ को चाकू से गोदा

सनसनीखेज 2

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** चांदनी महल इलाके में रविवार देर रात जम्पिंग पैड पर कूदने से मना करने पर नाबालिगों ने अधेड़ की उसकी नातिन के सामने ही चाकू घोंपकर हत्या कर दी। पुलिस ने हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज कर दोनों नाबालिगों को सोमवार को दबोच लिया।

मृतक की पहचान 56 वर्षीय मोहम्मद कामिल के तौर पर हुई। कामिल अपनी पत्नी नजमा के साथ चांदनी महल इलाके में रहते थे। वह पेशे से बाइक मकैनिक थे। दम्पति की एक बेटी सबा है, जिसकी शादी हो चुकी है। वह अपनी पांच वर्षीय की बेटी के साथ मायके आई हुई थी। कामिल अपनी नातिन को सुई वालान इलाके में लगे जम्पिंग पैड पर ले कर गए थे। इसी दौरान दो नाबालिग भी अजोबो गरीब तरीके से जम्पिंग बैग पर कूद रहे थे, जिससे बच्चों को दिक्कत हो रही थी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कामिल के टोकने पर आरोपी भिड़ गए और डांटने से नाराज हो गए। इसी बीच नाबालिगों ने नातिन के सामने की चाकू निकालकर अधेड़ के सीने में घोंप दिया। मौके पर काफी भीड़ थी, लेकिन किसी की हिम्मत उनको दबोचने की नहीं हुई। वारदात के बाद दोनों भाग गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी और घायल को एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर ने उनको मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सोमवार को शव के पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

### आरोपी पर पहले से दर्ज हैं झपटमारी के मामले



डीसीपी रोहित राजवीर सिंह ने बताया कि मृतक की बेटी की शिकायत पर हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज किया। साथ ही, तुर्कमान गेट चौकी प्रभारी नरेंद्र सिंह की टीम ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज और टेक्निकल सर्विलांस के आधार पर दोनों नाबालिगों को दबोच लिया। दोनों आरोपी इलाके के ही रहने वाले थे। इनमें से एक आरोपी पर वाहन चोरी और झपटमारी के दो मामले पहले से दर्ज हैं। उनको जेजेबी के समक्ष पेश कर बाल सुधार गृह भेज दिया गया है।

### घर के बाहर चलाई गोली, बच्चा घायल

**नई दिल्ली, का. सं.।** न्यू उस्मानपुर में सोमवार शाम उस वक्त सनसनी फैल गई, जब तीन बदमाशों ने एक कैटरर के घर के बाहर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। अचानक हुई गोलीबारी की चपेट में वहां से गुजर रहा एक 12 साल का बच्चा आ गया। उसके पैर में गोली लगी है।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चंद घंटों के भीतर दो आरोपियों को हथियार समेत गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान 29 वर्षीय प्रंकुर और 22 वर्षीय हर्ष के रूप में हुई है। इनके पास से देशी राइफल बरामद हुई है। तीसरे आरोपी की तलाश की जा रही है।

### ई-रिक्शा चालक को यात्री ने चाकू मारा

**नई दिल्ली, व.सं।** गोविंदपुरी मेट्रो स्टेशन के पास ई-रिक्शा चालक पर 20 रुपये के किराए को लेकर हुए विवाद में चाकू मारने का मामला सामने आया है। आरोपी यात्री ने चाकू निकालकर अमन पर हमला कर दिया।

सूचना पर पीसीआर कर्मियों ने घायल को एम्स पहुंचाया, जहां उसका उपचार किया गया। मामले में घायल 20 वर्षीय अमन कुमार के बयान पर केस दर्ज कर ओखला औद्योगिक क्षेत्र पुलिस चौकी की टीम ने आरोपी 17 वर्षीय किशोर की पहचान कर उसे गोविंदपुरी स्थित नेहरू कैंप झुग्गी से गिरफ्तार किया।

## अपशब्द कहने पर सहकर्मी की हत्या

सनसनीखेज 3

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** मुखर्जी नगर में सोमवार सुबह अपशब्द कहने पर सहकर्मी की कैंची घोंपकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान यूपी के बाराबंकी निवासी 38 वर्षीय दिलबहार के रूप में हुई है। वह पटेल चेस्ट में किराए के मकान में रह रहा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



■ मुखर्जी नगर की घटना, छोटी-छोटी बातों पर होता रहता था दोनों में विवाद

हडसन लेन स्थित गद्दा बनाने की दुकान में दिलबहार करीब 15 साल से काम करता था। इसी दुकान पर आरोपी अशफाक भी काम करता है। वह मूलरूप से बिहार के सीतामढ़ी का रहने वाला है और पटेल चेस्ट में ही किराए के मकान में रहा है। दोनों में छोटी-छोटी बातों को लेकर विवाद चल रहा था। इस बीच सोमवार सुबह किसी बात पर दिलबहार ने अशफाक को अपशब्द कह दिए। इससे नाराज होकर आरोपी ने गद्दा काटने वाली कैंची से दिलबहार के गर्दन और पेट पर ताबड़तोड़ तीन वार किए।

**साथियों ने अस्पताल में भर्ती कराया :** दुकान पर मौजूद अन्य लोगों ने दोनों को अलग किया और घायल को बीजेआरएम अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई। हडसन लेन से ही पुलिस को हमले की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आरोपी को हिरासत में ले लिया। इसके अलावा मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। परिजनों के पहुंचने पर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होगी।

## सुकेश को जबरन वसूली मामले में कोर्ट से राहत नहीं

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** उच्च न्यायालय ने सोमवार को दो सौ करोड़ रुपये की कथित जबरन वसूली के मामले में सुकेश चंद्रशेखर के खिलाफ औपचारिक रूप से आरोप तय करने पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है।



आरोप तय करने पर रोक लगाने से हाईकोर्ट का इनकार

पिछले सप्ताह अदालत ने मकोका के तहत जबरन वसूली के मामले और धनशोधन मामले में सुकेश चंद्रशेखर एवं दूसरे आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने का निर्देश दिया था। चंद्रशेखर ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर कहा था कि जब तक दिल्ली पुलिस नवास कक्कट की गिरफ्तारी के बाद आरोपपत्र दाखिल नहीं कर देती, तब तक सत्र अदालत को इस मामले में आरोप तय न करने का निर्देश दिया जाए। दलीलें सुनने के बाद न्यायमूर्ति सौरभ बनर्जी की पीठ ने कहा कि मामले को आठ जुलाई को संबंधित पीठ के सामने सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया।

### रिश्तेदार की हत्या करने वाला पकड़ा

**नई दिल्ली, प्र.सं।** क्राइम ब्रांच ने नौ साल पुराने एक सनसनीखेज हत्याकांड को अंजाम देने वाले आरोपी को बिहार के लखीसराय से गिरफ्तार किया है। एक आरोपी की मौत हो चुकी है। वह पकड़े गए आरोपी का भाई था।

आरोपियों ने पुलिस को गुमराह करने के लिए मृतका के पति को इस हत्याकांड में फंसाने की साजिश रची थी, लेकिन नाकाम रहे। मामला साल 2017 का है। मुख्य आरोपी 46 वर्षीय चंदन कुमार ने अपने भाई कुंदन और जीजा कमल कुमार के साथ एक खूनी साजिश रची थी। जीजा की सगी बहन अनीता की संपत्ति और बीमा को हड़पने के लिए तीनों ने मिलकर उसकी हत्या की थी।

### फॉलोअप : अमर कॉलोनी गोलीकांड में घायल हुए किशोर ने दम तोड़ा

**नई दिल्ली, व.सं।** अमर कॉलोनी इलाके में 28 मई को हुए गोलीकांड में घायल किशोर साई कुमार की सोमवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। वह घटना के बाद से कोमा में था और उसका इलाज चल रहा था।

पुलिस ने मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक अन्य नाबालिग की तलाश जारी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि वारदात में मुख्य आरोपी ओखला के श्याम नगर का रहने वाला 16 वर्षीय किशोर है, जिसे घटना के अगले ही दिन क्राइम ब्रांच ने पश्चिमी दिल्ली से दबोच लिया था। सोमवार को पुलिस ने उसके दो अन्य साथियों को भी दिल्ली के अलग-अलग इलाकों से गिरफ्तार कर लिया।

पिता सुनील कुमार ने बताया कि साई ने इस वर्ष 12वीं की परीक्षा दी थी। वह 28 मई की शाम अपने दोस्तों के साथ एक ढाबे पर पार्टी करने गया था। उसके साथ एक महिला मित्र भी थी। इसी दौरान तीन-चार युवक आए और कथित रूप से उसकी महिला मित्र से छेड़खानी करने लगे। साई और उसके दोस्तों ने इसका विरोध किया, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया। आसपास लोगों ने बीच- बचाव कर मामला शांत करा दिया था और आरोपी वहां से चले गए थे, लेकिन करीब पांच मिनट बाद वे दोबारा लौटे और साई कुमार को निशाना बनाते हुए गोली मार दी।

### खुलासा : संदिग्ध आतंकियों के फोन से छह अहम स्थानों के फोटो मिले

**नई दिल्ली, प्र.सं।** स्पेशल सेल के हत्थे चढ़े संदिग्ध आतंकी तौकीर और अरबाज के फोन की फॉरेंसिक जांच में कई अहम खुलासे हुए हैं। दोनों के फोन में छह अहम स्थानों की रेकी के वीडियो और फोटो मिले हैं। हालांकि, इन स्थानों के बारे में अभी पुलिस ने कोई जानकारी नहीं दी है।

पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और अंडरवर्ल्ड गठजोड़ से बने आतंकी मॉड्यूल की अहम कड़ी हुजैफा देश में किसी बड़ी वारदात की फिराक में था। इसका खुलासा भी फोन में मिले कुछ चैट से हुआ है। पुलिस ने इस मॉड्यूल के गिरफ्तार सभी आठों संदिग्ध आतंकियों के मोबाइल फोन को जांच के लिए फॉरेंसिक लैब भेजा है। संदिग्ध आरोपियों के मोबाइल और उसमें मौजूद ऐप की मदद से फॉरेंसिक टीम इनके पूरे नेटवर्क को खंगालने में जुट गई है और इनके बीच हुए चैट के डिलीट किए गए कंटेंट को रिकवर करने में जुटी है। ताकि यह पता लगाया जा सके कि इस मॉड्यूल के नेटवर्क से और कितने संदिग्ध जुड़े हैं और इनका इरादा क्या करने का था।


## गुमशुदा/अगवा की तलाश



अकांश

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़का जिसका नाम **अकांश पुत्रः अखिलेश पताः मकान नं. 169/9, भूतल, दसघरा मोहल्ला, गढ़ी, इस्ट ऑफ कैलाश, नई दिल्ली** है जो अपने घर से दिनांक 31.05.2026 को सुबह लगभग 08:00 बजे से लापता है। जिसका ब्यौरा इस प्रकार है। **उम्रः** 19 वर्ष, **कदः** 5'8'', **रंगः** साँवला, **शरीरः** सामान्य, **चेहराः** लम्बा, जिसने लाल रंग का टी–शर्ट और नीले रंग का पैंट पहना है। इस संदर्भ में **DD No. 118A, दिनांक 31.05.2026 , थाना अमर कॉलोनी, नई दिल्ली में दर्ज है।**

हर संभव कोशिश के बाद भी इस लड़के का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। अगर किसी को इस लड़के के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

वेबसाईटः http://cbi.nic.in
ई–मेलः cic@cbi.gov.in
फैक्सः 011-24368639
फोन नं.: 011-24368638, 24368641

**थानाध्यक्ष**
**थाना अमर कॉलोनी, नई दिल्ली**
**फोनः 011-26825821, 8750870931**

**DP/7253/SE/2026**

## गुमशुदा की तलाश



एकता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि यह महिला (फोटो में दर्शाया गया है) जिसका नामः **एकता, पुत्रीः नेमी चंदर, निवासीःमकान नंबर 952, कैंप नंबर 5, ज्वालापुरी, दिल्ली (मो.नंबर 8448440165) 13.05.2026** को सुबह **10:30** बजे अपने घर से अपहृत/लापता हो गयी है। इस संबंध में **DD No.86A दिनांक 14.05.2026** के तहत **थाना पश्चिम विहार पश्चिम, बाहरी जिला, दिल्ली-110087** में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

**उनका शारीरिक विवरण इस प्रकार हैः–**
**लिंगः** स्त्री, **उम्रः** 27 वर्ष, **कदः** 5'4'', **रंगः** गेहुँआ, **चेहराः** लम्बा, **बनावटः** मध्यम, **पहनावाः** नीले रंग का सूट, सलवार, लाल रंग की चुन्नी और पैरों में चप्पल।


स्थानीय पुलिस द्वारा लापता महिला का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए गए हैं लेकिन अभी तक कोई सुराग सामने नहीं आया है यदि किसी को इस महिला के बारे में कोई जानकारी हो तो कृपया नीचे हस्ताक्षरकर्ता को सूचित करें।

**फोन न.:** 011-24368638, 011-24368641 | **फ़ैक्स न.:** 011-24368639
**ईमेल आईडी.:** cic@cbi.nic.in | **वेबसाइट.:** http://cbi.nic.in

**थानाध्यक्ष**
**थाना- पश्चिम विहार पश्चिम, दिल्ली**
**फ़ोनः 011-25268394, 8802572845**

**DP/7091/OD/2026**

## गुमशुदा/अपहृत की तलाश



चंदन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका **नामः चंदन कुमार, पुत्रः** स्वर्गीय रामानंदन यादव, **पताः** मकान नंबर सी–14, गली नंबर 2 जगत पुरी एक्सटेंशन, दिल्ली जो दिनांक 30.04.2026 को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से लापता/अपहृत है। इस बाबत **DD No: 63A, Dt. 12.05.2026, थानाः कमला मार्किट, दिल्ली** में दर्ज है। इसका शारीरिक ब्यौरा इस प्रकार से हैः

**उम्रः** 35 साल, **कदः** 6'0'' **रंगः** सांवला; **चेहराः** लम्बा, **शरीरः** समान्य, **पहचान चिह्नः** दाहिने हाथ की एक उंगली पर जला हुआ निशान, **मानसिक स्थितिः** अस्थिर। स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता व्यक्ति के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लापता व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

**फोनः 011-24368638, 24368641**
**वेबसाईटः http://cbi.nic.in**
**ई–मेलः cic@cbi.gov.in**
**फैक्सः 011-24368639**

**थानाध्यक्ष**
**थानाः कमला मार्किट दिल्ली**
**फोनः 011-23230623, 011-23233743**

**DP/7072/CD/2026**

## गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला जिसका नाम **लक्ष्मी त्रिपाठी, पत्नीः जितेंद्र त्रिपाठी, निवासीः बी–408, गली नंबर 2, राजवीर कॉलोनी, घरौली एक्सटेंशन, दिल्ली जोकि दिनांक 28.05.2026 को रात 09:00 बजे अपने घर से गुमशुदा है।** इस सन्दर्भ में **DD No. 22A, Dated: 30.05.2026,** पुलिस थाना **गाजीपुर, दिल्ली** में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे गुमशुदा महिला की पहचान दी गई हैः


**नामः लक्ष्मी त्रिपाठी, उम्रः 40 वर्ष, कदः 5'3", रंगः गोरा, शरीरः मध्यम, चेहराः अंडाकार, पहनावाः पीले रंग का सूट–सलवार और पैरों में चप्पल।**

अगर किसी को इस गुमशुदा महिला के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया थाना प्रभारी **गाजीपुर, दिल्ली** को संपर्क करें।

**वेबसाइटः http://cbi.nic.in, ई–मेलः cic@cbi.gov.in**
**फोनः 011–24368638/24368641, फैक्सः 011–24368639** **थाना प्रभारी**
**पुलिस थाना गाजीपुर, दिल्ली**
**फोनः 9910539975, 8750870625**

**DP/7196/ED/2026**

## गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम **बुलबुल चौधरी, पुत्रीः मुकेश चौधरी, निवासीः शंकर लाल चौधरी विद्यालय भवन के पास, खंडवा पीथमपुर, एस.ओ. खंडवा धार, मध्य प्रदेश जोकि दिनांक 25.05.2026 को सुबह लगभग 05:15 बजे से प्लेटफॉर्म नंबर 09, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से गुमशुदा है।** इस सन्दर्भ में **DD No. 37A, Dated 28.05.2026** पुलिस थाना, **नई दिल्ली रेलवे स्टेशन** में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे गुमशुदा लड़की की पहचान दी गई हैः

**नामः बुलबुल चौधरी, उम्रः 22 वर्ष, कदः 5'2", रंगः गोरा, पहनावाः हरे रंग की टी–शर्ट, काले रंग की पैंट और सफेद रंग के जूते।**

अगर किसी को इस गुमशुदा लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया थाना प्रभारी **नई दिल्ली रेलवे स्टेशन** को संपर्क करें।

**वेबसाइटः http://cbi.nic.in, ई–मेलः cic@cbi.gov.in**
**फोनः 011–24368638/24368641, फैक्सः 011–24368639** **थाना प्रभारी**
**पुलिस थाना नई दिल्ली रेलवे स्टेशन**
**फोनः 9891705732, 8750871305**

**DP/7181/RLY/2026**

## गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला जिसका नाम **रहनुमा सोहेल अहमद, पत्नीः ईश्वर सिंह, निवासीः एफ–94, विजय विहार, फेज–1, दिल्ली जोकि दिनांक 26.05.2026 को लगभग दोपहर 02:00 बजे अपने घर से गुमशुदा है।** इस सन्दर्भ में **DD No. 11A, Dated: 27.05.2026,** पुलिस थाना **विजय विहार, दिल्ली** में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे गुमशुदा महिला की पहचान दी गई हैः

**नामः रहनुमा सोहेल अहमद, उम्रः 24 वर्ष, कदः 4'10", रंगः सांवला, शरीरः पतला, चेहराः लंबा, पहनावाः हल्के नीले रंग का प्रिंटेड सूट, काले रंग की पैंट और पैरों में चप्पल।**

अगर किसी को इस गुमशुदा महिला के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया थाना प्रभारी **विजय विहार, दिल्ली** को संपर्क करें।

**वेबसाइटः http://cbi.nic.in, ई–मेलः cic@cbi.gov.in**
**फोनः 011–24368638/24368641, फैक्सः 011–24368639** **थाना प्रभारी**
**पुलिस थाना विजय विहार, दिल्ली**
**फोनः 9015937404, 8750870329**

**DP/7210/RD/2026**

## पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला, जिसका **नामः** शांति, **पत्नीः** नामालूम, **पताः** नामालूम, **लिंगः** महिला, **उम्रः** 67 वर्ष, **रंगः** सांवला, **पहनावाः** हल्का पिंक रंग की नाइटी, **बरामदी स्थलः** चर्च के पास, शिव विहार, विकास नगर, दिल्ली। इस संदर्भ में **DD No. 178A, दिनांकः 26.05.2026, U/S 194(1) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023, थानाः रनहोला, नई दिल्ली,** में दर्ज है।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस महिला के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस महिला के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

थाना प्रभारी
थानाः रनहोला, दिल्ली
फोनः 8383907726

DP/7245/OD/2026

# नेपाल में नए दावे

नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह ने अपने देश की संसद में कुछ ऐसी टिप्पणियां की हैं, जिनसे वहां एक नया विवाद शुरू हो गया है। नेपाली संसद के मौजूदा सत्र में अपनी पहली उपस्थिति पर बालेंद्र शाह ने भारत के साथ सीमा विवाद का जिक्र विवादास्पद ढंग से किया है। उनके बयान के दो पहलू हैं। पहला, शाह के अनुसार, लिपुलेख दर्रे का विवाद कूटनीति के माध्यम से सुलझाया जा सकता है और इसके लिए उनकी सरकार ने ब्रिटेन और चीन से संपर्क किया है। नेपाली प्रधानमंत्री का यह तर्क चिंताजनक है कि चूंकि यह विवाद ब्रिटिश भारत काल से चला आ रहा है, इसलिए समाधान में ब्रिटेन की भागीदारी आवश्यक है। यह तो और भी असुविधाजनक है कि वह भारत के साथ सीमा विवाद सुलझाने में चीन को भी शामिल करना चाहते हैं। पड़ोसी प्रधानमंत्री की यह इच्छा कूटनीति के लिहाज से नेपाल को अनुकूल लग सकती है। दरअसल, भारत के कुछ अन्य पड़ोसी भी हैं, जो किसी विदेशी ताकत के साथ मिलकर भारत विरोध का लाभ उठाते रहे हैं। दक्षिण एशिया को जिस मकसद से टुकड़ों में बांटा गया था, वह मकसद हमारा एक पड़ोसी देश पूरा करता दिखना चाहता है, तो आश्चर्य की बात नहीं।

पड़ोसी प्रधानमंत्री की ताजा टिप्पणी का दूसरा पहलू तो और भी सनसनीखेज है। उन्होंने अपनी संसद में दावा किया है कि नेपाल ने कई जगह भारतीय क्षेत्र का अतिक्रमण कर रखा है, क्षेत्रीय अतिक्रमण एकतरफा नहीं है। वह आश्चर्य जताते हैं कि उन्हें भी प्रधानमंत्री बनने के बाद ही यह बात पता चली। हालांकि, उनकी यह दलील स्वागतयोग्य है, दोनों देशों को तथ्यों का निष्पक्ष रूप से विश्लेषण करना चाहिए और विवाद सुलझाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। उनकी ताजा टिप्पणी का खुद नेपाल में विरोध शुरू हो गया है। वहां की विपक्षी पार्टियां चाहती हैं कि उनके प्रधानमंत्री की इस टिप्पणी को संसदीय रिकॉर्ड से हटाया जाए। नेपाल में ही बालेंद्र शाह से सुबूतों की मांग हो रही है। वाकई, यह जानना जरूरी है कि उन्होंने यह दावा क्यों और कैसे किया है? क्या यह दावा नेपाल की ताकत दिखाने के लिए है या इस दावे का मतलब सीमा विवाद सुलझाने के लिए भारत पर दबाव बनाना है? यह बिल्कुल नए तरह का विवाद है, जिस पर नेपाल में सरगर्मी तेज हो गई है।

**नेपाल बदलावों से गुजर रहा है। बेहतर है कि वह अपने बुनियादी विकास पर ज्यादा ध्यान दे। भारत के साथ विवाद करना उसकी मुश्किलों को कम नहीं करेगा।**

बहरहाल, भारत की प्रतिक्रिया सावधानी भरी है और विवाद बढ़ाने की किसी भी प्रत्यक्ष या परोक्ष कोशिश से बचना ही सबसे अच्छी रणनीति है। नेपाल नए बदलावों से गुजर रहा है। उसके लिए यही बेहतर है कि वह अपने बुनियादी विकास पर ज्यादा ध्यान दे। भारत के साथ विवाद खड़ा करने की कोई भी कोशिश नेपाल की मुश्किलों को कम नहीं करेगी। दुर्भाग्य से भारत विरोध या भारत से खटास की राजनीति नेपाल के अनेक नेता करते रहे हैं। लिपुलेख, कालापानी व लिंपियाधुरा को नेपाल की सीमा में दिखाने की कोशिश होती रही है। अब समय आ गया है, जब दोनों देशों को 1816 में हुई सुगौली संधि के प्रावधानों से आगे बढ़ना चाहिए। सीमा विवाद का स्थायी समाधान करना दोनों ही देशों के हित में है। इसके लिए एक ठोस कार्य और समय-योजना बना लेने का समय आ गया है। दोनों देश एक-दूसरे के स्वाभाविक सहोदर हैं। दोनों को समग्रता में अपने संबंधों का सम्मान करते हुए भविष्य की चिंता करनी चाहिए। नेपाल के लिए भारत का और भारत के लिए नेपाल का प्रेम सदियों पुराना है, इसमें किसी भी प्रकार का व्यवधान पैदा करना अपनी विरासत के विरुद्ध जाना होगा।

## हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले 02 जून, 1951

### कांग्रेसजनों की कलाबाजियां

अखिल भारतीय रूप में जब आज कांग्रेसजनों में फूट पड़ चुकी है तब प्रान्तों या राज्यों में भी उसको पाना कोई आश्चर्य की बात नहीं है। आश्चर्य यदि है तो यही कि कांग्रेसजनों की उखाड़-पछाड़ सेवा के लिए नहीं, जो उनकी परम्परा रही है, बल्कि सत्ता के लिए है। देशहित के आदर्श को सामने रखकर जो काम सामने आए, उसको अपने भरसक अच्छाई के साथ निबाहना आज कांग्रेसजन भूल बैठे हैं। लड़ाई बुराई से नहीं बल्कि अपने ही साथियों से खुद सत्ता या सुविधा पाने अथवा अपना स्वार्थ-साधन करने के लिए है। इसीलिए हरएक दूसरे को उखाड़ने की चेष्टा करते हुए बुराई के नाश का दावा करता है, किन्तु वास्तविक उद्देश्य बुराई का नाश नहीं बल्कि बुराई करने की सुविधा खुद पाकर उसका स्वयं उपयोग करना ही होता है- ऐसा कांग्रेसजनों की कलाबाजियों से सामान्य लोगों पर असर पड़ने लगा है। जो दूसरे पर आक्षेप करता है, वह अपने गिरेबान में हाथ डालकर नहीं देखता, अच्छे-अच्छे को जब बुरा या भ्रष्टाचारी घोषित किया जाये, तो सर्वसामान्य की श्रद्धा पर आघात लगकर यह धारणा बद्धमूल होना स्वाभाविक है कि सभी एक ही थैले के चट्टे-बट्टे हैं। कांग्रेसजनों की आपसी उखाड़-पछाड़ का आज यही परिणाम हो रहा है और जीतने वाले पक्ष को भी आज कुछ हीन दृष्टि से देखा जाने लगा है, यह स्पष्ट है।

पंजाब में कांग्रेसजनों की जो कलाबाजियां आजकल चल रही हैं वे भी उपर्युक्त प्रकार की ही हैं और उनके कारण वहां कांग्रेसजनों की प्रतिष्ठा पूर्ववत् होगी, इसमें हमें बहुत सन्देह है। कांग्रेसजनों के दो दल बन गए हैं; एक के हाथ में शासन है, दूसरे के हाथ में संगठन। शासनारूढ़ पक्ष के नेता डा. गोपीचन्द भार्गव प्रान्त के पुराने सेवक हैं तथा रचनात्मक कार्य एवं सरलता के लिए विख्यात रहे हैं; सरदार प्रतापसिंह कैरो और श्री भीमसेन सच्चर अपेक्षाकृत नए व्यक्ति हैं किन्तु जिसके हाथ में शासन होता है उसकी कमियां या गलतियां निकालना आसान होता है, वैसे ही जैसे मकान बनाने से उसे गिराना सरल है, इसलिए भार्गव-दल के खिलाफ निरन्तर प्रचार करके इन्होंने संगठन में अपना जोर बढ़ा लिया है। एक मनोवैज्ञानिक बात यह भी है कि सत्ता प्राप्त व्यक्ति या वर्ग सत्ताविहीन की उपेक्षा करने लगता है- कुछ तो सत्ता के मद में और कुछ इस भय से कि कहीं वह हमें सत्ता से हटाने में समर्थ न हो जाए।

# विवाह संस्था पर बना रहे विश्वास



राय की राय
यहां स्कैन करें

**विभूति नारायण राय** | पूर्व आईपीएस अधिकारी

**ट्विशा शर्मा की गाथा को एक अपराध-कथा के रूप में नहीं पढ़ना चाहिए। इस अध्ययन में भारतीय समाज में विवाह संस्था के बढ़ते अनादर और पितृसत्ता पर बात होनी चाहिए।**

मानव इतिहास की सबसे दीर्घजीवी और सभी धर्मों में पवित्रतम मानी जाने वाली संस्था 'विवाह' काफी हद तक जुआ बन गई है। हमारे देश में अधिकांश विवाह माता-पिता या परिवारीजन तय करते हैं और इनमें होने वाले पति-पत्नी की भूमिका न्यूनतम होती है, इसलिए उनके सफल या असफल होने की जिम्मेदारी से वे कुछ हद तक बच सकते हैं, पर अब यह वाक्य उन संबंधों के बारे में भी प्रासंगिक हो गया है, जो किसी लड़की व लड़के के मध्य उपजे प्रेम और लंबी या छोटी कोर्टशिप का परिणाम होते हैं।

भोपाल में शो-बिज से जुड़ी ट्विशा शर्मा की हत्या/आत्महत्या की हालिया वारदात के चलते भारतीय विवाह संस्था से जुड़ी यौनिकता, एक विषाक्त रिश्ते को भी प्राणपण से बचाने की मध्यवर्गीय कामना, दांपत्य में परिवारीजनों की दखलंदाजी या वंशबेलि की वृद्धि में स्त्री की मुख्य जिम्मेदारी जैसे मुद्दों पर गंभीर विमर्श शुरू हो गया है।

हमारे देश में हर साल सैकड़ों की तादाद में प्रताड़ित होने वाली महिलाओं की तरह ही ट्विशा शर्मा की मृत्यु की पटकथा भी लिखी गई थी। अनगिनत अन्य मामलों की तरह इसमें भी हत्या और आत्महत्या के बीच बारीक सी विभाजन रेखा है। एक डेटिंग एप पर मिले समर्थ सिंह और ट्विशा शर्मा की दिसंबर 2025 में शादी हुई। पेशे से वकील समर्थ एक अवकाश प्राप्त जिला जज का पुत्र है और ट्विशा एक मध्यवर्गीय परिवार से थी। विवाह के सिर्फ पांच महीने बाद 12 मई, 2026 को ट्विशा शर्मा अपनी ससुराल में एक फंदे से लटकी पाई गई। उसकी मृत्यु को ससुराली आत्महत्या और मायके वाले हत्या साबित करने की पुरजोर कोशिश कर रहे हैं।

ट्विशा के परिवार वालों ने पति और सास पर दहेज प्रताड़ना व आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप लगाए हैं। जैसी कि आशंका थी, ट्विशा के परिजन थाने व पुलिस अधिकारियों के चक्कर लगाते रहे और एक ताकतवर परिवार के खिलाफ तीन दिन बाद 15 मई को वे एफआईआर लिखा सके। उसमें भी पुलिस ने उनकी जुबानी नहीं, अपनी मनमर्जी की रिपोर्ट दर्ज की। रिटायर्ड जज सास चंद घंटों में जमानत पर रिहाई पा गई और आरोपी पति को भागने का पूरा अवसर दिया गया। मृतका का एक भाई भारतीय सेना में मेजर है, उसकी भागदौड़ से रिटायर्ड सैन्य कर्मियों का संगठन सक्रिय हुआ, साथ में राष्ट्रीय व सोशल मीडिया ने कई दिनों तक इस मामले को गर्म रखा, तब जाकर पीड़ित परिवार की मांग के अनुरूप दोबारा पोस्टमार्टम हुआ, सास की जमानत रद्द हो सकी, विवेचना सीबीआई को सौंप दी गई और फरार पति को दूसरे जिले में समर्पण करना पड़ा।

उपरोक्त विवरण सिर्फ याददाश्त के लिए हैं, मुख्य मुद्दे तो उन संदर्भों से जुड़े हैं, जिनका जिक्र भारत में विवाह नामक संस्था के सिलसिले में किया गया है। एक कारुणिक पहेली अक्सर बुझाई जाती है- किस बेटी को देखकर मां-बाप को कम दुख होता है- तलाक लेकर उनके पास लौट आने वाली या ससुराल से अर्थी पर लेटकर श्मशान घाट जाने वाली? ट्विशा शर्मा ने अपनी मां से ससुराल में हो रही प्रताड़ना और पति की उपेक्षा का जिक्र किया था और हर बार उसे यही सलाह दी गई कि उसे अपने व्यवहार में बदलाव लाकर इस रिश्ते को बचाने की कोशिश करनी चाहिए। एक-दो बार वह अपने माता-पिता के घर गई भी, तो उसे समझा-बुझाकर वापस उसी विषाक्त रिश्ते में भेज दिया गया। ट्विशा के पिता ने एक न्यूज चैनल पर बड़ी सहज सी स्वीकारोक्ति की कि एक मध्यवर्गीय व्यक्ति की तरह उनकी भी कामना थी कि बेटी अपने ससुराल में 'एडजस्ट' करके रहे।

ट्विशा शर्मा और उसकी मां के बीच वाट्सएप संदेशों का आदान-प्रदान होता रहा, जिनमें समर्थ की नशे की आदतों और गुस्सैल मिजाज का उल्लेख खूब हुआ और उत्तर में सलाह दी जाती रही कि उसे धैर्य के साथ ससुरालियों का दिल जीतने का प्रयास करना चाहिए; समय के साथ सब कुछ ठीक हो जाएगा। आखिरी संदेश में भी मां से आकर इस नर्क से निकालकर ले जाने की अपील की गई थी। कुछ भी ठीक नहीं हुआ और अंत में मां-बाप जब तक आए, ट्विशा को सफेद चादर में लपेटकर पोस्टमार्टम सेंटर पहुंचाया जा चुका था।

ट्विशा और समर्थ की डेढ़-दो साला कोर्टशिप, विवाह व आत्महत्या की दुखांत गाथा आधुनिकता और पारंपरिकता के बीच चलने वाले उस संघर्ष को रेखांकित करती है, जो भारतीय परिवारों में अदृश्य रूप से मौजूद रहता है। ट्विशा की सास एक अवकाश प्राप्त जिला जज और बाहरी आवरण में आधुनिक महिला है। वह अपने बेटे के स्वयं चयनित अंतरजातीय जीवनसाथी को घर में स्वीकार तो करती है, पर इस बात से दुखी है कि उसे मंत्र नहीं याद या वह बिना पति व सास की इजाजत के घर से बाहर चली जाती है।

समर्थ को शिकायत है कि ट्विशा मोबाइल पर अपनी मां से बहुत बात करती है। यौनिक शुचिता के तहत मां-बेटे को संदेह है कि ट्विशा के पेट में पलने वाले बच्चे का पिता कोई और है, पर गिरिबाला सिंह को वंश-बेलि की भी चिंता है, इसलिए वह ट्विशा की गर्भ गिराने की जिद का विरोध करती हैं। समर्थ के परिजन ट्विशा पर और ट्विशा के मां-बाप समर्थ पर ड्रग्स लेने के आरोप लगाते हैं। किसके आरोप सही हैं, इस सच्चाई को जाने बिना यह तो कहा ही जा सकता है कि उनका दांपत्य एक विषैले रिश्ते में तब्दील हो चुका था और यदि इसे समय रहते समाप्त कर दिया जाता, तो दोनों परिवार उस यंत्रणा से बच ही सकते थे, जिससे वे आज गुजर रहे हैं।

ट्विशा की गाथा को एक अपराध-कथा के रूप में नहीं पढ़ना चाहिए। अपराध शास्त्र के विद्यार्थियों के लिए यह समझना जरूर महत्वपूर्ण हो सकता है कि कैसे ताकतवर लोगों के सामने पुलिस और न्यायपालिका असहाय हो जाती हैं, पर इससे ज्यादा यह एक गंभीर समाजशास्त्रीय अध्ययन का विषय हो सकता है। इस अध्ययन में भारतीय समाज में यौनिकता की धारणा, विवाह संस्था की अनुल्लंघनता और पितृसत्तात्मकता पर बात होनी चाहिए। उन कारणों की भी पड़ताल होनी चाहिए, जिनमें एक स्त्री किसी 'टॉक्सिक रिलेशनशिप' को बचाए रखने का बोझ अपने कंधों पर लिए तिल-तिलकर जीती या मरती है। इस अध्ययन से शायद हमारे सांसदों को ऐसे संबंधों को बिना व्यय और समय-साध्य कानूनी पचड़ों के समाप्त करने में सहायक कानून बनाने की सुध आए।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# नशे के खिलाफ लड़ाई में राह दिखाता जम्मू-कश्मीर

यहां स्कैन करें

**श्याम नारायण लाल** | प्रोफेसर, आईआईएम, जम्मू

जम्मू-कश्मीर की कहानी लंबे समय तक आतंकवाद, सीमा पार से प्रायोजित हिंसा और राजनीतिक चुनौतियों के संदर्भ में लिखी जाती रही है। हालांकि, गोलियों और बारूदी धमाकों की आवाजों के बीच एक ऐसे खतरे की आहट को अक्सर अनसुना कर दिया गया, जो खामोशी से समाज को भीतर से कमजोर कर रहा था। यह खतरा घरों, विद्यालयों और महाविद्यालयों तक पहुंचकर युवाओं के सपनों को अपनी गिरफ्त में ले लेता और धीरे-धीरे परिवारों की खुशियां, समाज की नैतिक शक्ति और भविष्य की संभावनाओं को क्षीण कर देता।

वर्ष 2021 में जम्मू-कश्मीर में करीब 145 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई थी, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 1,015 करोड़ रुपये थी। तस्करी कर लाया गया मादक पदार्थ यहां से देश के अन्य हिस्सों में भी पहुंचता है। सुरक्षा से जुड़े लोग बताते हैं कि जहां भारत के अन्य हिस्सों में मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री व्यावसायिक मॉडल पर की जाती है, वहीं जम्मू कश्मीर के लिए इसकी आपूर्ति निःशुल्क की जाती है। इसका अर्थ है कि अन्य मामलों में मादक पदार्थों की बिक्री से प्राप्त धन अफगानिस्तान-पाकिस्तान क्षेत्र में स्थित उत्पादकों और तस्करों तक वापस पहुंचता है, जबकि जम्मू-कश्मीर के मामले में बिक्री से प्राप्त धन-राशि भारत के अन्य हिस्सों से वापस आकर आतंकवाद और अलगाववाद को बढ़ावा देने में निवेश की जाती है।

**जम्मू-कश्मीर ने बताया है कि नशे के विरुद्ध संघर्ष को सिर्फ स्वास्थ्य, पुलिसिंग या सामाजिक सुधार के दृष्टिकोण से नहीं देखा जा सकता।**

उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा ने इसकी गंभीरता को पहचाना है। उन्होंने महसूस किया कि यह केवल स्वास्थ्य या सामाजिक चिंता का विषय नहीं, बल्कि जम्मू-कश्मीर की युवा पीढ़ी, सामाजिक स्थिरता और भविष्य के लिए एक गंभीर चुनौती है। इसी पृष्ठभूमि में 100 दिवसीय 'नशा-मुक्त जम्मू-कश्मीर अभियान' की शुरुआत की गई। यह अभियान सिर्फ एक प्रशासनिक पहल नहीं था, बल्कि नशे के विरुद्ध प्रदेश की जन-शक्ति को संगठित करने वाले एक व्यापक सामाजिक आंदोलन का उद्घोष भी था। बीते 11 अप्रैल को जम्मू में पदयात्रा के शुभारंभ के बाद जम्मू और कश्मीर, दोनों संभागों में इसमें अभूतपूर्व जन-भागीदारी देखने को मिली। यह संकेत है कि समाज ने नशे के खतरे को गंभीरता से समझा है और उसके विरुद्ध एकजुट होकर खड़े होने का संकल्प लिया है।

अभियान के पहले 50 दिनों के आंकड़े उल्लेखनीय हैं। 1,000 से अधिक ड्रग तस्करों की गिरफ्तारी, 341 किलोग्राम मादक पदार्थों की बरामदगी, 923 प्राथमिकी, पीआईटी-एनडीपीएस के तहत 55 गिरफ्तारियां, 89 संपत्तियों की कुर्की, 668 ड्राइविंग लाइसेंसों का निरस्तीकरण और 124 पासपोर्ट जब्त करने की सिफारिश- ये आंकड़े केवल प्रशासनिक सक्रियता का प्रमाण नहीं हैं, ये उस व्यापक दृष्टिकोण को भी दर्शाते हैं, जिसमें अपराध की जड़ों और उसकी आर्थिक संरचना पर सीधा प्रहार किया जा रहा है।

इस अभियान ने स्पष्ट संदेश दिया कि जम्मू-कश्मीर में शांति और सुरक्षा के लिए उन नेटवर्क को भी तोड़ना होगा, जो नशे की तस्करी, अपराध और आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं। 'नार्को-टेररिज्म' की अवधारणा को इसने जन-चर्चा का विषय बना दिया है। इसने लोगों को यह समझने में सहायता दी है कि नशा सिर्फ व्यक्ति या परिवार की समस्या नहीं, बल्कि कई बार आतंकवाद, संगठित अपराध व सामाजिक अस्थिरता को पोषित करने वाली एक व्यापक चुनौती भी है।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने वर्ष 2020 में नशा-मुक्त भारत का संकल्प लिया था। जम्मू-कश्मीर में चल रहा अभियान उसी व्यापक राष्ट्रीय दृष्टि का एक प्रभावशाली उदाहरण बनकर उभरा है। इसमें भारत के अन्य राज्यों के लिए भी एक महत्वपूर्ण सीख निहित है। नशीले पदार्थों का संकट अब किसी एक प्रदेश या क्षेत्र तक सीमित नहीं है। यह महानगरों से लेकर देश के सीमावर्ती जिलों तक फैल चुका है।

इस पृष्ठभूमि में जम्मू-कश्मीर का अनुभव बताता है कि नशे के विरुद्ध संघर्ष को केवल स्वास्थ्य, पुलिसिंग या सामाजिक सुधार के दृष्टिकोण से नहीं देखा जा सकता। इसके लिए बहुआयामी रणनीति आवश्यक है, जिसमें सुरक्षा, कानून, पुनर्वास और जन-भागीदारी भी समान रूप से शामिल हों।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## मनसा वाचा कर्मणा

# मन ही मूल समस्या

ऐसा क्यों होता है कि हम जो कुछ भी छूते हैं, वह समस्या में परिवर्तित हो जाता है? हमने ईश्वर को एक समस्या बना दिया है; हमने प्रेम को एक समस्या बना दिया है; हमने संबंध को, जीने को एक समस्या बना दिया है और हमने काम-वृत्ति को भी एक समस्या बना दिया है। क्यों हम खुद को समस्याओं से भरे जीवन को समर्पित कर देते हैं? उनका अंत क्यों नहीं करते?

हम अपनी समस्याओं को दिन-प्रतिदिन, वर्ष-प्रतिवर्ष ढोते रहते हैं। काम-वृत्ति निस्संदेह एक प्रासंगिक प्रश्न है, परंतु मूलभूत प्रश्न यह है कि क्यों हम जीवन को ही समस्या बना लेते हैं? धंधा, धन का उपार्जन, काम-वृत्ति, भावना, अनुभव, जीवन का यह समस्त व्यापार, यह सब एक समस्या क्यों है? क्या यह इसीलिए नहीं है कि हम सदा एक खास दृष्टिकोण से, एक बंधे-बंधाए दृष्टिकोण से सोचा करते हैं? अपने सोच-विचार में हम सदा केंद्र से परिधि की ओर जाते हैं, लेकिन हममें से अनेक के लिए परिधि ही केंद्र बन जाती है, अतः जिस वस्तु का हम स्पर्श करते हैं, वही सतही हो जाती है। जीवन सतही नहीं है, उसकी मांग तो समग्रता में जीने की है; चूंकि हम केवल सतही ढंग से जीते हैं, इसलिए केवल सतही प्रतिक्रिया जानते हैं। परिधि पर रहकर हम चाहे जो कुछ करें, उससे समस्या ही पैदा होती है, और यही हमारा जीवन है।

हम सतही स्तर पर जीते हैं और उसकी तमाम समस्याओं के साथ जीकर संतोष कर लिया करते हैं। जब तक हम सतही स्तर पर, परिधि पर जीते हैं, समस्याओं का अस्तित्व बना रहता है और यह परिधि क्या है? यह है, 'मैं' और उसके संवेदन, उसकी उत्तेजनाएं। इस मैं को हम एक बाह्य रुख दे सकते हैं या फिर व्यक्तिनिष्ठ बना सकते हैं, जिसका हम सृष्टि के साथ, राष्ट्र के साथ अथवा मन की बनाई हुई किसी दूसरी चीज के साथ तादात्म्य कर सकते हैं।

जब तक हम मन के दायरे में रहते हैं, जटिलताएं बनी रहेंगी, समस्याएं बनी रहेंगी; यही है जो हम जानते हैं। मन संवेदन है, मन संचित उत्तेजनाओं और प्रतिक्रियाओं का नतीजा है, और जिस किसी चीज को भी वह छू लेगा, वह चीज पीड़ा व अंतहीन समस्या ही पैदा करेगी। मन ही हमारी समस्याओं का वास्तविक कारण है। मन चेतन व अचेतन स्तर पर रात-दिन यंत्रवत कार्य कर रहा है।

**मन एक अत्यंत सतही चीज है और इसका संवर्द्धन करने में, इसे चालाक बनाने में, अधिकाधिक मूर्त और दुष्ट बनाने में हमने पीढ़ी-दर-पीढ़ी पूरी जिंदगी बिता डाली है।**

मन एक अत्यंत सतही चीज है और इसी मन का संवर्द्धन करने में, इसे चालाक बनाने में अधिकाधिक मूर्त और दुष्ट बनाने में हमने पीढ़ी-दर-पीढ़ी पूरी जिंदगी बिता डाली है। यह सब हमारे जीवन की हर एक गतिविधि से जाहिर होता है। मन स्वभाव से ही कपटी तथा कुटिल है, तथ्यों का मुकाबला करने में असमर्थ है, और यही समस्याओं की जड़ है। यही तो है मूल समस्या।

**जे कृष्णमूर्ति**

**पोप लिओ XIV** | ईसाई धर्मगुरु



**सच्ची शांति उस हृदय में जन्म लेती है, जो प्रेम करता है। गवाही वे होंठ देते हैं, जो मेल-मिलाप के शब्द बोलते हैं। यह उन आंखों में झलकती है, जो दुनिया को करुणा और विवेक से देखती हैं। केवल सत्य और प्रेम की शक्ति ही सच्ची शक्ति है।**

## अनुलोम-विलोम
### चुनाव-बाद हिंसा



# जनता का दबा आक्रोश निकल रहा

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के बाद जो कुछ हो रहा है, उसके गहरे अर्थ हैं। सत्ता से जैसे ही तृणमूल कांग्रेस बेदखल हुई, उसके नेताओं को जहां-तहां लोग आड़े हाथ लेने लगे। यह तृणमूल नेताओं के प्रति लोगों का दबा हुआ असंतोष और आक्रोश है, जो अब सामने आ रहा है। वास्तव में, लोग अब राहत का अनुभव कर रहे हैं और उन्हें लग रहा है कि इस चुनाव में एक ऐसे शासन की विदाई हुई है, जो उनकी हितैषी कतई नहीं थी। कहने का अर्थ यह है कि तृणमूल नेता अपनी कथनी का फल भोग रहे हैं। हालांकि, हिंसा को किसी भी स्थिति में जायज नहीं कहा जा सकता, लेकिन हमें यह भी समझना चाहिए कि आखिर लोग नाराज क्यों हैं? आखिर क्यों वे नेताओं से हाथापाई कर रहे हैं? बेहतर यही होगा कि तृणमूल के नेतागण अपने गिरेबां में झांकें और जनता का भरोसा फिर से जीतने का प्रयास करें। इसके लिए उन्हें एक अच्छे विपक्ष की भूमिका निभानी होगी। यह नहीं कि सरकार के हर कदम का विरोध ही किया जाए, बल्कि सच्चे विपक्ष की तरह तृणमूल सत्ता के गलत कदमों का विरोध करे और उसे जनहितकारी कामों को करने के लिए बाध्य करे। इसी से लोग फिर से उस पर भरोसा कर सकेंगे और उसके नेताओं के साथ जिस तरह की हाथापाई हो रही है, वह रुक सकेगी। एक आदर्श विपक्ष की भूमिका ही तृणमूल को जनता की नाराजगी से बचा सकती है। इसके लिए पार्टी खुद को जितनी जल्दी तैयार कर ले, उसके लिए उतना बेहतर होगा।

**शोभित कुमार**, टिप्पणीकार

**पश्चिम** बंगाल शक्ति की पूजा करने वाला समाज है और मुंह तोड़ जवाब देना अच्छी तरह जानता है। लगता है, तृणमूल नेतागण इस सूबे का मूल चरित्र ही भूल गए थे, इसलिए उन्होंने जनता पर एक तरह से जुल्म ढाए। अब जनता अपने ऊपर किए गए जुल्मों का बदला ले रही है। तृणमूल नेताओं के साथ मारपीट को 'लोकतांत्रिक आदर्शों' से न जोड़ें। यह वास्तव में लोगों की नाराजगी है, जो तृणमूल सरकार के दमनकारी शासन के खिलाफ उभरी है। हिसाब चुकाने में माहिर बांग्ला समाज तृणमूल का पुराना हिसाब ही चुकता कर रहा है, इसलिए पश्चिम बंगाल को गलत न समझें, बल्कि उसने गलत को सही करने का एक तरीका ईजाद कर लिया है। अब तृणमूल नेतागण समझ सकेंगे कि जनता के दमन का क्या नतीजा होता है। जब रावण का अहंकार भी खत्म हो गया, तो फिर तृणमूल नेताओं का कैसे बचता? हालांकि, हिंसा अब बंद हो जानी चाहिए, क्योंकि अहंकारियों को उचित सबक मिल गया है।

**दीपिका कुमारी**, टिप्पणीकार

# सभ्य समाज में मारपीट की जगह नहीं

तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के साथ भीड़ द्वारा मारपीट करना और उन पर जूते-अंडे आदि फेंकना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं कहा जा सकता। यह निंदनीय कृत्य है और किसी भी सभ्य समाज में इसे जायज नहीं ठहराया जा सकता। एक तरह से यह अक्षम्य अपराध है। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी को कड़ाई के साथ इसका संज्ञान लेना चाहिए, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। जब तृणमूल कांग्रेस का शासन था और ऐसी ही हिंसा होती थी, तब भगवा पार्टी तृणमूल कार्यकर्ताओं और नेताओं को 'गुंडा' कहने से नहीं हिचकती थी। उनके कृत्य को गैर-कानूनी बताकर तृणमूल कांग्रेस को घेरने का प्रयास करती थी। इन्हीं सबसे तो त्रस्त होकर जनता ने इस बार सुशासन को चुना है और भाजपा को राज्य की सत्ता सौंपी। बंगाल चुनाव परिणाम आने के बाद जनता को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा था कि बंगाल में बदलाव किसी बदले के लिए नहीं, बल्कि विकास व सुशासन के लिए हुआ है। क्या इस तरह के विकास व सुशासन के लिए जनता-जनार्दन ने बदलाव किया है? तृणमूल के शासनकाल वाली गुंडागर्दी अगर इस सरकार में भी दिखेगी, तो फिर कैसा बदलाव हुआ? हिंसक घटनाएं अगर पूर्ववत जारी रहीं, तो फिर बदलाव के क्या मायने रह जाएंगे? सिर्फ कहने से बदलाव नहीं आएगा। इसके लिए ठोस उपाय करने होंगे, तभी शासन-व्यवस्था में फर्क दिखेगा। उनकी गंदी कमीज से अपनी कमीज उजली और साफ दिखनी चाहिए। और, यह तब दिखाई देगी, जब बदले की भावना से नहीं, बल्कि शुचिता की सियासत होगी। यह नहीं भूलना चाहिए कि गंदगी को कभी भी गंदगी से दूर नहीं किया जा सकता, इसके लिए साफ-सुथरा पानी (कथनी व करनी) चाहिए, अन्यथा गंदगी से गंदगी ही फैलेगी, जो किसी के हित में नहीं है।

**हेमा हरि उपाध्याय**, टिप्पणीकार

**पश्चिम** बंगाल का घटनाक्रम निंदनीय है। इस तरह की घटनाएं जंगलराज का संकेत देती हैं। यह माना गया था कि भाजपा के सत्ता में आने के बाद बदलाव की बयार बहने लगेगी। किंतु ऐसा नहीं हो रहा। उल्टे, तृणमूल नेताओं के साथ मारपीट की जा रही है। अगर आपको किसी पार्टी से नाराजगी है, तो विचारों से विरोध जताइए, न कि लाठी-डंडों से। सभ्य समाज हिंसा को कभी स्वीकार नहीं करता। कुछ ही असामाजिक तत्व हैं, जो पश्चिम बंगाल की छवि खराब कर रहे हैं। ऐसे तत्वों पर राज्य सरकार को तुरंत लगाम लगाना चाहिए, अन्यथा ऐसी घटनाएं राज्य की छवि को नुकसान पहुंचा सकती हैं, जिनसे विकास के कार्य भी प्रभावित हो सकते हैं।

**कुणाल कुमार**, टिप्पणीकार

# ज्ञान-भक्ति के साथ कर्म भी जरूरी

**पौराणिक कथाओं के अनुसार ज्येष्ठ मास के मंगलवार के दिन ही राम सीता को खोजते हुए पहली बार हनुमान से मिले थे। विद्यावान, बजरंगबली, अतुलित बलधामा, संकटमोचन जैसे अनेक विशेषणों से युक्त होने पर भी उन्हें राम का सेवक और भक्त रूप ही भाया।**



**अध्यात्म**

रामकिंकर उपाध्याय



लंका यात्रा में हनुमान तीन पर्वत-शिखरों पर गए। पहले बंदरों के साथ यात्रा की और स्वयंप्रभा के पास गए। उसके पूर्व पर्वत-शिखर पर गए। इसके बाद जब छलांग लगाने लगे, तो दूसरे पर्वत-शिखर पर चढ़े। जब छलांग लगाकर सागर पार पहुंच गए, तो लंका को देखने के लिए पर्वत के तीसरे शिखर पर चढ़े। ये यात्रा के तीन शिखर हैं।

अलग-अलग प्रसंगों में अलग-अलग शिखर हैं। देहाभिमान के समुद्र को पार करने के पहले जरा देह से तो मुक्त हो जाइए! हमारे लिए देह का समुद्र पार करना ही कठिन हो रहा है, फिर देहाभिमान की बात ही क्या? इस यात्रा में पहला पर्वत-शिखर क्या है? जब बंदर मार्ग भूल गए और प्यास से व्याकुल हो गए, तो हनुमान पहले शिखर पर पहुंचे। यही है विश्वास का शिखर। जब जीवन में कभी वन में मार्ग भूल जाएं, जैसे बंदर मार्ग भूल गए, तो क्या करना चाहिए? वन क्या है? रामायण की भाषा में यह वन संशय है।

### विश्वास का शिखर

जीवन में यदि संशय आ जाए, भटकाव आ जाए, तो क्या करें? हनुमान ने प्यासे बंदरों के लिए उस भटकाव में एक उपाय सोचा। जीवन में जब कभी अतृप्ति का अनुभव हो, संशय का अनुभव हो, तो क्या करें? हनुमान यदि न होते, तो बेचारे सब बंदर क्या करते? प्रतापभानु भी जब भटक गया, प्यासा हुआ और मार्ग भूल गया, तो अंत में रावण बनना पड़ा, यह 'रामायण' में हम पढ़ते हैं। यदि हनुमान न होते, तो पता नहीं बेचारे बंदरों की क्या दशा होती? नीचे तो जल नहीं मिला, अब जरा ऊपर चढ़कर देखें। बंदरों ने कहा, आप ही जरा ऊपर चढ़कर देख आइए! यह विश्वास का शिखर है।

### विचार कर दूर करें संशय

जब संशय के वन में हम भटकें, तो हम ऊपर उठें और विश्वास के शिखर पर पहुंच जाएं। जब हनुमान ने देखा कि जल के पक्षी उस गुफा में जा रहे हैं, तो हनुमान ने बंदरों को निमंत्रण दिया कि आइए! आइए!! इस गुफा में जल अवश्य है। अंगद आगे-आगे चल रहे थे, परंतु गुफा में आगे चलने का साहस अंगद में नहीं था, क्योंकि उनके परिवार में जो झगड़ा हुआ, वह गुफा को लेकर ही तो हुआ था। हनुमान के नेतृत्व में सभी ने गुफा में प्रवेश किया और वहां सबको जल पीने को मिला और सीता के खोजने का उपाय भी स्वयंप्रभा से प्राप्त हुआ।

स्वयंप्रभा स्वयं प्रभु की कृपा है। जीवन में जब कभी भी संशय आए, तो हम ऊपर विचार के शिखर पर जाएं। अंत में भगवान की शरणागति का जल पीकर, फल खाकर आगे कदम बढ़ाएं। पहला शिखर विश्वास का शिखर है, जहां पर भगवान की कृपा ही कृपा दिखाई दे रही है। समुद्र लंघन के पूर्व हनुमान दूसरे पर्वत शिखर पर जाते हैं। यह दूसरा शिखर है, विचार का। विचार के द्वारा ही देहाभिमान का समुद्र पार किया जाता है।

### वैराग्य से दूर होगा माया का मोह

तीसरा शिखर, जिस पर हनुमान समुद्र पार करने के पश्चात चढ़े, वह वैराग्य का है। इस पर चढ़कर उन्होंने लंका को देखा। लंका को ऊपर से देखा, नीचे से नहीं। लंका में कामिनी और कंचन दोनों का बड़ा दिव्य आकर्षण है। ऐसी लंका को यदि देखना हो, तो देखते ही व्यक्ति फंस जाएगा।

हनुमान ने भी लंका को देखा, परंतु वैराग्य के शिखर पर खड़े होकर लंका को देखा। यह बड़े महत्व का सूत्र है। इन वस्तुओं का आकर्षण जब आए, तो वैराग्य के ऊंचे शिखर पर चढ़ जाना चाहिए। वैराग्य के शिखर पर जाने का परिणाम यह हुआ कि हनुमान ने निर्णय किया कि इस लंका को तो जला देना चाहिए। लंका को जला देने का जो संकल्प जाग्रत हुआ, यह वैराग्य की ऊंचाइयों के कारण हुआ। हनुमान तो इतने विशाल हैं कि देहाभिमान उनका क्या करेगा? हनुमान बंदरों को आश्वासन देते हैं।

### प्रभु के नाम का आश्रय

हनुमान केवल ज्ञानी ही नहीं हैं। उन्हें केवल तत्वज्ञान का ही आश्रय नहीं है। 'रामायण' की मान्यता है कि कितना भी बड़ा ज्ञानी क्यों न हो? अगर वह भक्ति की निंदा करेगा, तो वह ऊपर से जरूर नीचे गिरेगा। हनुमान तो शिखर पर हैं।


यहां बहुत बढ़िया उपाय गोस्वामीजी ने बताया। ऊपर उठना तो बहुत बढ़िया है, परंतु जितना अधिक ऊपर उठेंगे, उतना ही अधिक नीचे गिरने का डर भी बढ़ेगा। हनुमान ने सोचा कि ऊपर चढ़ तो गए, लेकिन कोई संभालने वाला भी तो चाहिए। तब गोस्वामीजी ने बहुत बढ़िया सूत्र दिया कि हनुमान ने क्या किया? बार-बार प्रभु का स्मरण किया। 'महतो महीयान्' हो जाने के बाद भी हनुमान के चरित्र में जो भक्ति का पक्ष दिखाई देता है, उसी का आश्रय लेकर वे आगे बढ़ते हैं।

बाण को देखकर लगता है कि बाण चल रहा है, परंतु बुद्धिमान व्यक्ति यह जानता है कि बाण में स्वयं चलने की शक्ति नहीं है। बाण धनुष के द्वारा चलाया जाता है और धनुष धनुषधारी के द्वारा चलाया जाता है। चलाने वाले की भुजा में जितनी अधिक शक्ति है, बाण उतनी ही तीव्र गति से जाता है। हनुमान ने कहा कि चलता हुआ तो मैं दिखाई देता हूं, लेकिन मैं तो बाण हूं, जिसको चलाने वाले धनुषधारी हमारे प्रभु हैं और वे अपनी शक्ति के द्वारा जो कार्य मुझसे लेना चाहते हैं, मैं वही कार्य करने लगता हूं। इस तरह से हनुमान भक्ति-संयुक्त ज्ञान के आश्रय से उस देहाभिमान के समुद्र को पार करते हैं, अनेक विघ्नबाधाओं को पार करते हैं।

यह है हनुमान का भक्तियुक्त ज्ञानयोग, जिसमें कर्मयोग भी है, क्योंकि वे श्रेष्ठतम कर्म करते हुए भी ज्ञान और भक्ति का आश्रय लिए हुए हैं।

# मन के जागने में ही सुख

**बोध कथा**



**एक** दिन कुछ बौद्ध भिक्षुओं में चर्चा हो रही थी। चर्चा का विषय था- 'संसार में सबसे बड़ा सुख क्या है?' अगर संसार में सुख ही सुख है, तो फिर हम सब या दूसरे लोग उसे छोड़कर भिक्षु क्यों बन जाते हैं? सुख तो इसका कारण नहीं है। दुख होने पर ही व्यक्ति भिक्षु होता है, जबकि वास्तविकता यह है कि व्यक्ति यदि यह समझ ले कि सुख-दुख कुछ नहीं है, तो फिर सारी परेशानी ही खत्म हो जाएगी। व्यक्ति यदि समभाव से परिस्थितियों का सामना करना सीख जाए, तो फिर उसे गृहस्थ से भिक्षु होने की आवश्यकता ही नहीं होगी।

व्यक्ति भिक्षु ही तब होता है, जब उसे लगता है कि यह संसार ही व्यर्थ है। रिश्ते-नाते सब मोह-माया है। यहां आने वाले भिक्षु भी ऐसे ही घर से भागकर यहां आए होंगे। किसी की पत्नी मर गई होगी, तो कोई जीवन में कुछ न कर पाने की पीड़ा से भागकर भिक्षु हो गया होगा। कोई भिक्षु सांसारिक वस्तुओं के भोग को सुख बता रहा था। उसका मानना था कि सुख भोगने वाला व्यक्ति भिक्षु नहीं बनता। इन भिक्षुओं में काफी देर से आपस में ऐसी ही चर्चा चल रही थी।

तभी भगवान बुद्ध वहां आ गए और भिक्षुओं के पीछे खड़े होकर मौन भाव से उनकी बातें सुनने लगे। उन्होंने भिक्षुओं से कहा, 'भिक्षु होकर भी तुम किस तरह की बातें कर रहे हो? कोई राज्य को सुख बता रहा है, तो कोई स्वादिष्ट भोजन में सुख ढूंढ़ रहा है, तो कोई स्वाद में। अगर इन सब वस्तुओं में सुख है, तो फिर तुम सब यहां भिक्षु बनने क्यों चले आए? मुझे तुम्हारी ये बातें सुनकर आश्चर्य हुआ। ये सुख तो आभास मात्र हैं।'

बुद्ध ने आगे कहा, 'दुख सत्य है और सुख असत्य है, ऐसा नहीं है। संसार का अर्थ ही यह है कि जहां सुख दिखाई देता है, वहां हर पल सुख का आभास होता है, लेकिन जैसे-जैसे पास जाओगे, पता चलता है कि सुख है ही नहीं।' 'फिर सुख कहां है?' बुद्ध ने कहा, 'बुद्धत्व में सुख है। तुम्हारे भीतर बुद्ध का जन्म हो जाए, तो सुख है। तुम्हारे भीतर बुद्ध का अवतरण हो जाए, तो सुख है।' बुद्धत्व बहुत अनूठा शब्द है।

तुम्हारे भीतर बुद्ध उत्पन्न हो जाए, तो सुख है। तुम जब जागो, तो सुख है। सोने में दुख है। मूर्च्छा में दुख है। जागने में सुख है। धर्म का श्रवण करना सुख है। सबसे परम सुख है कि तुम्हारे भीतर बुद्धत्व पैदा हो जाए।

'तो सुनो उनकी, जो जाग गए हैं। जिन्हें कुछ दिखाई पड़ा है, लेकिन उसी सुख पर रुक मत जाना। सुन-सुनकर अगर रुक गए, तो एक तरह का सुख तो मिलेगा, लेकिन यह भी बहुत दूर जानेवाला नहीं है।' इसलिए बुद्ध ने कहा, 'समाधि में सुख है। बुद्धत्व में सुख है, यह तो परम व्याख्या हुई सुख की। फिर यह भी नहीं हुआ, तो उनके वचन सुनो, उनके पास उठो-बैठो, जिनके भीतर यह क्रांति घटी है। जिनके भीतर यह सूरज निकला है। जिनका प्रभात हो गया है। जहां सूर्योदय हुआ है, उनके पास रमो, इसमें सुख है। मगर इसमें ही रुक मत जाना। ध्यान रखना कि जो उनको हुआ है, वह तुम्हें भी करना है। उस करने के उपाय का नाम समाधि है।

अश्वनी कुमार

# अग्नि बिना पूरा नहीं होता अनुष्ठान

**अग्नि देव**



**अग्नि** वैदिककालीन देवता हैं। इसकी पुष्टि ऋग्वेद के प्रथम मंत्र *'ऊं अग्निमीले पुरोहितम् यज्ञस्य देवमृत्विजम्...'* में अग्नि की आराधना से होती है। इसके पहले अध्याय में नौ श्लोक 'अग्नि' को समर्पित हैं। इससे पता चलता है कि हजारों साल पहले ही हमारे ऋषियों ने अग्नि के महत्व को जान लिया था। ऋषि 'यास्क' ने अग्नि को 'अग्रणि' (अग्रणी) कहा है यानी अग्नि का स्थान पहला है। आठ वसुओं में अग्नि का स्थान प्रथम है।

अग्नि का अर्थ है, जो ऊपर की ओर जाता हो। ब्रह्मांड में अग्नि चार रूपों में मौजूद है। पहली आकाश में सूर्य, दूसरी अंतरिक्ष में विद्युत, तीसरी पृथ्वी पर साधारण अग्नि के रूप में और चौथी पाताल में ज्वालामुखी के रूप में।

पृथ्वी पर अग्नि के कई रूप हैं, लेकिन इसके पांच रूप अधिक प्रसिद्ध हैं। यज्ञाग्नि- अग्नि के इस रूप द्वारा मनुष्य लोक कल्याण की भावना से भगवान की स्तुति करता है। भोजाग्नि- अग्नि का यह रूप भोजन पकाने के काम आता है। अग्नि के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए आज भी अनेक घरों में भोजन का पहला ग्रास अग्नि को समर्पित करके ही खाना बनाया जाता है। जठराग्नि- अग्नि का यह रूप मनुष्य को पुरुषार्थ करने के लिए प्रेरित करता है। दावाग्नि- अग्नि का यह रूप सिर्फ विनाश ही नहीं, कई बार नव-सृजन का कारण भी बनता है।

'महाभारत' के अनुसार श्वेतकी के यज्ञों की घी की आहुतियां ग्रहण करने के कारण अग्नि को अजीर्ण हो गया था। अपनी अजीर्णता को उन्होंने कृष्ण और अर्जुन की सहायता से खांडव वन का दहन करके दूर किया और अपनी खोई हुई शक्ति को दोबारा प्राप्त किया। इससे प्रसन्न होकर अग्नि ने अर्जुन को 'गांडीव' धनुष और कृष्ण को 'कौमोदकी' गदा प्रदान की थी। खांडव वन के दहन के बाद पांडवों ने यहां इंद्रप्रस्थ राज्य की स्थापना की। शमशान अग्नि- अग्नि अपने पांचवें रूप में मनुष्य की पार्थिव देह को पंच तत्वों में विलीन करती है।

एक बार अग्नि की प्रेरणा से 'पुलोम' नामक असुर ने ऋषि भृगु की पत्नी 'पुलोमा' का अपहरण कर लिया। जब भृगु को वास्तविकता का पता चला, तो उन्होंने अग्नि को सर्वभक्षी होने का शाप दिया। तभी से अग्नि भक्ष्य-अभक्ष्य सभी पदार्थों का सेवन करते हुए सर्वभक्षी देव बन गए।

मनुष्यों के दुष्कर्मों का दंड देने का अधिकार अग्नि के पास है, इसलिए इन्हें 'दंडाधीश' के नाम से भी जाना जाता है। इनके माता-पिता के संबंध में अनेक कथाएं हैं। ऋग्वेद में इन्हें शक्ति का पुत्र माना गया है। कहीं-कहीं इन्हें परमात्मा के मुख से उत्पन्न हुआ भी माना गया है। एक अन्य पौराणिक कथा के अनुसार धर्म की वसु नामक पत्नी से अग्नि उत्पन्न हुए। ऋषि कश्यप की पुत्री 'स्वाहा' से अग्नि का विवाह हुआ। इनके 'पावक', 'पवमान' और 'शुचि' तीन पुत्र हुए। अग्नि के पुत्र और पौत्रों की संख्या उनन्चास है।

ऋग्वेद में अग्नि को मानव तथा देवताओं के बीच संदेशवाहक माना गया है। इन्हें यज्ञों का राजा और दिव्य पुरोहित भी माना गया है, जो यज्ञ में देवताओं को लाते हैं। अग्नि के प्रिय भोजन- घी, यव, तिल, दही, खीर, श्रीखंड आदि मिठाई हैं, जिन्हें ये अपनी सातों जिह्वाओं से ग्रहण करते हैं। कोई भी धार्मिक अनुष्ठान अग्नि की उपस्थिति के बिना पूरा नहीं होता है।

अरुण कुमार जैमिनि

## सप्ताह के व्रत-त्योहार

### 02 जून से 08 जून 2026 तक

**02 जून (मंगलवार):** द्वितीय (अधिक) ज्येष्ठ कृष्ण द्वितीया तिथि सायं 07.02 मिनट तक। गंडमूल रात्रि 10.07 मिनट तक।

**03 जून (बुधवार) :** द्वितीय (अधिक) ज्येष्ठ कृष्ण तृतीया तिथि रात्रि 09.22 मिनट तक। भद्रा प्रातः 08.12 मिनट से रात्रि 09.22 मिनट तक। श्री गणेश चतुर्थी व्रत।

**04 जून (गुरुवार) :** द्वितीय (अधिक) ज्येष्ठ कृष्ण चतुर्थी तिथि रात्रि 11.31 मिनट तक पश्चात पंचमी तिथि।

**05 जून (शुक्रवार):** द्वितीय (अधिक) ज्येष्ठ कृष्ण पंचमी तिथि रात्रि 01.21 मिनट तक पश्चात षष्ठी तिथि।

**06 जून (शनिवार):** द्वितीय (अधिक) ज्येष्ठ कृष्ण षष्ठी तिथि रात्रि 02.42 मिनट तक पश्चात सप्तमी तिथि। भद्रा रात्रि 02.42 मिनट से। पंचक प्रारंभ सायं 07.04 मिनट।

**07 जून (रविवार) :** द्वितीय (अधिक) ज्येष्ठ कृष्ण सप्तमी तिथि रात्रि 03.25 मिनट तक पश्चात अष्टमी तिथि। भद्रा अपराह्न 03.04 मिनट तक। पंचक।

**08 जून (सोमवार):** द्वितीय (अधिक) ज्येष्ठ कृष्ण अष्टमी तिथि रात्रि 0.24 मिनट तक पश्चात नवमी तिथि। कालाष्टमी। श्री शीतलाष्टमी व्रत। पंचक।

-पं. ऋभुकांत गोस्वामी

## आस्था-अनास्था

समीर उपाध्याय ज्योतिर्विद्

# कर्क में गुरु : धैर्य रखें सब अच्छा होगा

**बृहस्पति के कर्क राशि में आने पर बारह राशियों पर क्या प्रभाव होंगे?** **-इतिश्री गुप्ता,** कानपुर



**बृहस्पति** ग्रह 01 जून, 2026 की मध्य रात्रि के बाद 02.25 पर मिथुन राशि से निकलकर कर्क राशि में प्रवेश कर चुके हैं। बृहस्पति अतिचारी होने की वजह से लगभग पांच महीने में ही 31 अक्तूबर, 2026 को दोपहर 12.50 बजे कर्क राशि से निकलकर सिंह राशि में प्रवेश कर जाएंगे। अतिचारी बृहस्पति का 02 जून, 2026 से 31 अक्तूबर, 2026 तक कर्क राशि में गोचर का आपकी राशि पर पड़ने वाला प्रभाव :

**मेष :** नए कार्यों में संलग्नता। स्वास्थ्य पर खर्च।

**वृष :** परिवर्तनकारी समय। पुराने कार्यों के पूरा होने की संभावना है।

**मिथुन :** आर्थिक लाभ। कुछ पुरानी समस्या का समाधान।

**कर्क :** मिश्रित प्रभाव। विदेश यात्रा। मांगलिक कार्य। महत्वपूर्ण कार्यों में अतिरिक्त प्रयास की आवश्यकता।

**सिंह :** निवास/कार्य स्थल में परिवर्तन। स्वास्थ्य, विवाद, निर्माण कार्य तथा खरीदारी पर खर्च।

**कन्या :** लाभकारी परिवर्तन। घर-परिवार में मांगलिक कार्य। आर्थिक तरक्की।

**तुला :** मिश्रित गोचर। निवास/कार्य स्थल में परिवर्तन। कुछ पुरानी समस्याओं का समाधान।

**वृश्चिक :** कार्यक्षेत्र में लाभकारी परिवर्तन। घर में एक से अधिक मांगलिक कार्य।

**धनु :** संघर्षपूर्ण सफलता। स्वयं तथा परिवार के सदस्य की स्वास्थ्य संबंधी समस्या हो सकती है।

**मकर :** मांगलिक कार्य। नए संबंध/नई साझेदारी। आर्थिक लाभ। नए करार होंगे। आमदनी के नए स्रोत बनेंगे।

**कुंभ :** संघर्षपूर्ण सफलता। पुरानी स्वास्थ्य समस्या का समाधान। कार्य स्थल में परिवर्तन हो सकता है।

**मीन :** संतान पक्ष के लिए शुभ। रुके कार्य बनेंगे। महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिलने की संभावना।

## भेजें अपने सवाल

### स्वर्ग-नरक की कल्पना का आधार क्या है?

पाप क्या है, पुण्य क्या है? धर्म क्या है, अधर्म क्या है? ईश्वर की आराधना कैसे करें? ऐसे सवाल अकसर हमारे मन में उठते हैं, पर इनका जवाब हमारे पास नहीं होता। मन-मस्तिष्क में आने वाले ऐसे ही सवालों के जवाब हमारे पैनल में शामिल धर्माचार्य आपको देंगे।

**अपने सवाल हमें इस पते पर भेजें :**
धर्मक्षेत्रे, हिन्दुस्तान, 11वां तल, द आइकॉन टॉवर, एफ सी-24 सी, फिल्म सिटी, सेक्टर-16ए, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर-201301 (उत्तर प्रदेश)

## रोजनामचा



**पं. राघवेन्द्र शर्मा**
ज्योतिषाचार्य

**मेष :** मन परेशान हो सकता है। संयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखने का प्रयास करें। पिता की सेहत का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ में वृद्धि होगी।

**मिथुन :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परंतु धैर्यशीलता भी बनाए रखें। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। संतान सुख में वृद्धि हो सकती है।

**कर्क :** मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे, परंतु स्थान परिवर्तन हो सकता है।

**सिंह :** आत्मविश्वास बहुत रहेगा। कारोबार का विस्तार हो सकता है। पिता से धन की प्राप्ति भी हो सकती है। कारोबार में लाभ के अवसर भी मिलेंगे। खर्च बढ़ेंगे।

**कन्या :** नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि हो सकती है।

**तुला :** मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। मित्रों का सहयोग मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**वृश्चिक :** आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखने का प्रयास करें। शैक्षिक व शोधादि कार्यों में सफलता मिलेगी। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें।

**धनु :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। माता की सेहत का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**मकर :** किसी रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है। भवन सुख में वृद्धि होगी। किसी संपत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ :** मन प्रसन्न रहेगा। संतान सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार के लिए यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन :** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार बढ़ेगा।

**स्कैन करें**
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

### व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

02 जून, मंगलवार, **शक संवत्** : 12 ज्येष्ठ (सौर) 1948, **पंजाब पंचांग** : 19 ज्येष्ठ मास प्रविष्टे 2083, **इस्लाम** : 15 जिल्हिजा, 1447, **विक्रमी संवत्** : द्वितीय (अधिक) ज्येष्ठ कृष्ण द्वितीया तिथि सायं 07.02 मिनट तक। पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र, साध्य योग प्रातः 07.16 मिनट तक पश्चात शुभ योग, तैतिल करण। चंद्रमा धनु राशि में (दिन-रात)।

**सूर्य उत्तरायण।** सूर्य उत्तर गोल। ग्रीष्म ऋतु। अपराह्न 03 बजे से सायं 04.30 मिनट तक राहुकालम्। गंडमूल रात्रि 10.07 मिनट तक।

### वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

**हम एक पुराना घर खरीद रहे हैं। किन-किन बातों का ध्यान रखें?** -वंदन गर्ग, रांची

- उस घर की बोरिंग उत्तर या उत्तर पूर्व दिशा में होनी चाहिए। यदि दक्षिण, पश्चिम, अग्नि कोण आदि में बोरिंग है, तो ऐसा घर कभी नहीं खरीदना चाहिए। उस घर का आकार चौकोर हो या आयताकार हो। बहुत कटे हुए कोनों वाला मकान नहीं लेना चाहिए। मुख्य द्वार शुभ दिशा में हो, साथ ही सीधा हो और खुलते समय कोई आवाज नहीं आनी चाहिए। ईशान कोण में कोई भी टॉयलेट नहीं होनी चाहिए। कोई भी दीवार झुकी हुई नहीं होनी चाहिए तथा दरारे भी नहीं होनी चाहिए। दक्षिण पश्चिम दिशा नीची नहीं होनी चाहिए। घर के सामने कोई पीपल का पेड़ या सूखा हुआ पेड़ नहीं होना चाहिए।

### वर्ग पहेली : 8347



**बाएं से दाएं**

1. कारागार में डालना; गिरफ्तार करना; दंड देना (4,1,3)
6. रूप; आकृति; कद; बनावट (3)
7. अपरिपक्व; अपूर्ण; अधूरा; अधपिसा; दरदरा (5)
9. अपने मन में आई बात पूरी करना; न चाहते हुए भी किसी के मन की इच्छा पूरी करना (2,3)
11. वह स्थान जहां नाटक खेलते हैं; नाटकघर; नाट्यशाला (5)
12. ऊपर जाने वाला; चढ़ने वाला; सवार (3)
14. इहलोक त्यागना; मरना; परलोक जाना; स्वर्गवास हो जाना (4,4)

**ऊपर से नीचे**

2. राजकार्य; प्रशासन (2,2)
3. गूंज; आवाज; पुकार; नित्य; सर्वदा; हमेशा (2)
4. तेजी से आगे बढ़ कर ले लेना; पकड़ लेना (3,2)
5. दर्द के कारण चिल्लाना; पीड़ा के कारण मुंह से शब्द निकालना; कांखना (4)
7. अक्षरों की यथाक्रम सूची; स्वर व्यंजन सहित सभी अक्षर; वर्णमाला (5)
8. कुख्यात; बुरा (4)
9. खूशबूदार; महकने वाला; सुगंधित (5)
10. झील; तालाब (4)
13. खड्ग; तलवार; भुजाली (2)

**हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली**
(उत्तर अगले अंक में)

### वर्ग पहेली : 8346

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1न | ■ | 2म | र | 3ह | म | ल | 4गा | ना |
| ज | ■ | ह | ■ | रा | ■ | ■ | ड़ | ■ |
| 5र | म | क | ना | ■ | 6ले | न | दे | 7न |
| उ | ■ | ना | ■ | ■ | कि | ■ | 8ना | म |
| ता | ■ | ■ | 9आ | न | न | ■ | ■ | क |
| 10र | 11स | ■ | स्ती | ■ | ■ | 12फ | ■ | छि |
| 13ना | म | ची | न | ■ | 14ग | ड़ | ब | ड़ |
| ■ | झा | ■ | ■ | 15चौ | ■ | क | ■ | क |
| 16ब | ना | क | र | र | ख | ना | ■ | ना |

### सुडोकू : 8329

* कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | 4 | | 9 | 1 | | |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | 6 | |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | | | 7 | 5 | 2 | | | |
| 2 | | | | | | | | 1 |
| | 8 | | | 9 | | | 3 | |
| 1 | | | | | | | | 4 |
| | | 5 | 2 | | 6 | 8 | | |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

### सुडोकू : 8328

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 7 | 4 | 5 |
| 3 | 5 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 | 6 | 8 |
| 8 | 7 | 4 | 6 | 9 | 5 | 2 | 3 | 1 |
| 5 | 9 | 3 | 4 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 |
| 2 | 1 | 7 | 5 | 3 | 8 | 4 | 9 | 6 |
| 4 | 8 | 6 | 9 | 2 | 7 | 1 | 5 | 3 |
| 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 2 | 6 | 8 | 7 |
| 7 | 2 | 5 | 8 | 4 | 6 | 3 | 1 | 9 |
| 6 | 3 | 8 | 7 | 1 | 9 | 5 | 2 | 4 |

# पश्चिम एशिया तनाव के बीच भारतीय निर्यात में उछाल दर्ज

**रिपोर्ट**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खाड़ी देशों में जंग के बीच भारत के निर्यात में दहाई अंक की वृद्धि दर्ज की गई है। चालू वित्त वर्ष 2026-27 के अप्रैल के दौरान निर्यात 13.78 प्रतिशत बढ़कर 43.56 अरब डॉलर रहा। वाणिज्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। वाणिज्य मंत्रालय 15 जून को मई के व्यापार आंकड़े जारी करेगा।

अधिकारी ने कहा कि इन दो महीनों के दौरान निर्यात में दहाई अंक में वृद्धि हुई है। अप्रैल में निर्यात 13.78 प्रतिशत बढ़कर 43.56 अरब डॉलर रहा, जो पिछले चार वर्ष में सबसे अधिक मासिक निर्यात है। यह वृद्धि मुख्य रूप से कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि के बीच पेट्रोलियम उत्पादों के कारण हुई। व्यापार घाटा बढ़कर तीन महीने के उच्चस्तर 28.38 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

अधिकारी ने यह भी बताया कि वाणिज्य मंत्रालय भारत के मुक्त व्यापार समझौतों के बारे में जानकारी देने के लिए देशभर से एक हजार लोगों को नियुक्त करेगा। उन्होंने कहा कि हमें विभिन्न भाषाओं के लोगों की आवश्यकता है। नियुक्ति प्रक्रिया के लिए कागजी कार्रवाई चल रही है। भारत ने संयुक्त अरब अमीरात, ओमान, ऑस्ट्रेलिया, ईएफटीए ब्लॉक और मॉरीशस के साथ मुक्त व्यापार समझौते लागू किए हैं। इसने ब्रिटेन, न्यूजीलैंड और ईयू के साथ भी इन समझौतों को अंतिम रूप दे दिया है।

### उत्पादन गतिविधियां : तीन माह के उच्चतम स्तर पर

देश में कंपनियों की उत्पादन गतिविधियां मई में तीन महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। सोमवार को जारी मासिक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई। मजबूत घरेलू मांग, परियोजनाओं में तेजी और नए कारोबार के बढ़ने से उत्पादन गतिविधियों को मजबूती मिली। एचएसबीसी इंडिया उत्पादन खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) मई में 55.0 रहा, जो अप्रैल के 54.7 से अधिक है। यह पिछले तीन महीनों में क्षेत्र की स्थिति में सबसे मजबूत सुधार को दर्शाता है। खरीद प्रबंधक सूचकांक की भाषा में 50 से ऊपर का अंक विस्तार, जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन को दर्शाता है।



**13%** बढ़कर 43.56 अरब डॉलर रहा अप्रैल में निर्यात

**15** जून को मंत्रालय मई के व्यापार आंकड़े जारी करेगा

### औद्योगिक उत्पादन: वार्षिक आधार पर अप्रैल में घटा

देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि अप्रैल में सालाना आधार पर घटकर 4.9 प्रतिशत रही। ऊर्जा क्षेत्र में सुस्त वृद्धि के कारण औद्योगिक उत्पादन में नरमी देखी गई। हालांकि, यह आधार वर्ष में संशोधन 2022-23 के बाद आईआईपी का पहला आंकड़ा है। अप्रैल 2025 में 5.7% की वृद्धि रही थी। अप्रैल 2026 में खनन और उत्खनन, उत्पादन, बिजली और गैस आपूर्ति, जल आपूर्ति, दूषित जल और अपशिष्ट प्रबंधन की वृद्धि दर क्रमशः (-) 5.1%, 6.2%, 4.9 प्रतिशत और 6.6 प्रतिशत रही।

### यूपीआई : मई में लेनदेन रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा

यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यूपीआई के जरिए मई में लेनदेन उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। गर्मी में अधिक यात्रा और इंडियन प्रीमियर लीग के प्रभाव से कुल लेनदेन 29.90 लाख करोड़ रुपये हुआ, जबकि पिछले माह अप्रैल में यह आंकड़ा 29.03 लाख करोड़ रुपये था। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले वर्ष इसी महीने में यह लेनदेन 25.14 लाख करोड़ रुपये था, जो सालाना आधार पर 19 प्रतिशत वृद्धि है। वहीं, अप्रैल में लेनदेन का मूल्य 29.03 लाख करोड़ रुपये था। दूसरी तरफ, मई 2026 में 23.2 अरब लेनदेन के साथ नया रिकॉर्ड बना, जो पिछले वर्ष इसी अवधि के 18.67 अरब लेनदेन से 24 प्रतिशत अधिक है।

### वाहन बिक्री: महंगे ईंधन के बीच तेज खरीददारी

मध्य पूर्व में तनाव और ईंधन की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद मई में मोटर वाहनों की अधिक बिक्री हुई। इस दौरान मारुति सुजुकी और किआ इंडिया ने सबसे अधिक वाहन बेचे। मारुति सुजुकी इंडिया ने 1,93,535 वाहन बेचे। वहीं, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स की घरेलू बिक्री मई में 42 प्रतिशत बढ़कर 59,090 इकाई रही, जो पिछले वर्ष 41,557 इकाई थी।

## बाजार 30s

### शेयर बाजार

| सेंसेक्स | | |
|---|---|---|
| 74,267 | -508.40 | |
| **टॉप गेनर** | | |
| कंपनी | बंद भाव | बदलाव% |
| टेक महिंद्रा | 1539.50 | 3.80 |
| इंफोसिस | 1202.70 | 3.70 |
| **टॉप लूजर** | | |
| हिंदुस्तान यूनि. | 2085.15 | -2.83 |
| आईटीसी | 279.75 | -2.53 |

| निफ्टी | | |
|---|---|---|
| 23,382 | -165.15 | |
| **टॉप गेनर** | | |
| कंपनी | बंद भाव | बदलाव% |
| टेक महिंद्रा | 1539.00 | 3.71 |
| इंफोसिस | 1203.50 | 3.67 |
| **टॉप लूजर** | | |
| हिंदुस्तान यूनि. | 2091.80 | -2.87 |
| टाटा कंज्यूमर | 1145.00 | -2.83 |

### कमोडिटी

| | भाव | बदलाव |
|---|---|---|
| सोना | 1,60,400 | -2,500 |
| चांदी | 2,69,700 | -5,000 |

**करेंसी**
डॉलर/रुपया
95.19 -0.34

### सोना ढाई हजार रुपये टूटकर बंद

**नई दिल्ली।** सोमवार को सोने की कीमत 2,500 रुपये टूटकर 1.60 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमतों में भी भारी गिरावट आई और यह 5,000 (या लगभग 2 प्रतिशत) टूटकर 2,69,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गई। पिछले सत्र में चांदी की कीमत 2,74,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

### राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को हासिल किया

**नई दिल्ली।** सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 में राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को हासिल कर लिया है। सरकार ने बीते वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा जीडीपी के 4.4 प्रतिशत पर रहने का अनुमान लगाया था। लेखा महानियंत्रक के मुताबिक गत वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटा पहले 15,68,936 करोड़ रुपये अनुमानित था। इसे बाद में संशोधित कर 15,58,492 करोड़ रुपये कर दिया गया था।

### रुपया 34 पैसे टूटकर 95.19 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** अमेरिका और ईरान के बीच तनाव तथा कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच सोमवार को रुपया 34 पैसे लुढ़ककर डॉलर के मुकाबले 95.19 पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में डॉलर की मजबूती और इजराइल-लेबनान के बीच जारी तनाव से निवेशकों की जोखिम लेने की धारणा प्रभावित हुई, जिसका असर भी रुपये पर पड़ा।

### प्याज के बफर स्टॉक की खरीद कीमत बढ़ाई

**नई दिल्ली।** सरकार ने बाजार की स्थितियों और किसानों के हितों की रक्षा के लिए अपने बफर स्टॉक कार्यक्रम के तहत प्याज की खरीद कीमत 24.4 प्रतिशत बढ़ाकर 15.80 रुपये प्रति किलो कर दी है। खाद्य और उपभोक्ता मामले मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव अनुपम मिश्रा ने सोमवार को कहा कि हमने प्याज की खरीद कीमत 12.70 रुपये प्रति किलो से बढ़ाकर 15.80 रुपये प्रति किलो कर दी है।

### आरबीआई ने दो महत्वपूर्ण सर्वेक्षण शुरू किए

**मुंबई।** आरबीआई ने सोमवार को वर्ष 2025-26 के लिए महत्वपूर्ण वार्षिक सर्वेक्षण शुरू करने की घोषणा की, ताकि म्यूचुअल फंड की बाहरी वित्तीय देनदारियों और परिसंपत्तियों के बारे में जानकारी एकत्र की जा सके। इसके अलावा आरबीआई ने वर्ष 2025-26 के लिए 'कंप्यूटर सॉफ्टवेयर एवं सूचना प्रौद्योगिकी सक्षम सेवाओं के निर्यात' संबंधी वार्षिक सर्वेक्षण भी शुरू किया है।

रियायती शुल्क का लाभ लेते हुए 20 से अधिक निर्यात खेप ओमान रवाना की गईं

# सुविधा: निर्यातकों को ओमान में शुल्क-मुक्त पहुंच मिल सकेगी

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** भारत और ओमान के बीच हुआ व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) यानी मुक्त व्यापार समझौता सोमवार से लागू हो गया है।

इस मौके पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि इस समझौते से भारतीय निर्यातकों को ओमान के बाजार में तत्काल शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी। कृषि उत्पाद, वस्त्र, दवा, इंजीनियरिंग और एमएसएमई जैसे क्षेत्रों को बड़ा लाभ होगा।

समझौता लागू होने के अवसर पर वाणिज्य मंत्रालय में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज से भारत को ओमान की 98 प्रतिशत टैरिफ लाइनों पर ड्यूटी-फ्री पहुंच मिल गई है, जिससे भारत के 99 प्रतिशत से अधिक निर्यात को फायदा होगा। समझौता लागू होते ही देश के विभिन्न हिस्सों से 20 से अधिक निर्यात खेपें रियायती शुल्क का लाभ लेते हुए ओमान भेजी जा चुकी हैं। ओमान खाड़ी देशों, एशिया और पूर्वी अफ्रीका तक पहुंच का महत्वपूर्ण केंद्र है। सोहर, दुक्म और सलालाह बंदरगाहों के माध्यम से भारतीय कंपनियों को नए व्यापारिक अवसर मिलेंगे।

इस समझौते से वस्त्र, खेल के सामान, रत्न एवं आभूषण, दवाएं, मेडिकल उपकरण, इंजीनियरिंग उत्पाद, कृषि उत्पाद, मांस, चमड़ा, प्लास्टिक, ऑटोमोबाइल और समुद्री उत्पाद क्षेत्रों को ओमान के बाजार में प्रतिस्पर्धियों की तुलना में बेहतर पहुंच मिलेगी। समझौते में सेवा क्षेत्र और पेशेवरों की आवाजाही के लिए भी अहम प्रावधान किए गए हैं।



### भारत के व्यापार विस्तार अभियान का हिस्सा

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बीते साढ़े तीन वर्षों में भारत ने नौ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं, जो 38 विकसित देशों तक भारतीय उत्पादों और सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करते हैं। सरकार का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में दो ट्रिलियन डॉलर के निर्यात का है। उधर, भारत में ओमान के राजदूत ईसा सालेह अल शिबानी ने कहा कि यह समझौता दोनों देशों के बीच व्यापारिक रिश्तों के नई ऊंचाई प्रदान करेगा।

### समझौते से इन राज्यों एवं उत्पादों को मिलेगा लाभ

**1 उत्तर प्रदेश** मुरादाबाद का पीतल, कानपुर और आगरा का फुटवियर, भदोही के कालीन, नोएडा का इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र, कन्नौज का इत्र, मलिहाबाद के आम को नया बाजार मिलेगा। मेरठ की खेल सामग्री को नया बाजार मिलेगा।

**2 हरियाणा** गुरुग्राम और फरीदाबाद के ऑटो कंपोनेंट्स उद्योग, पानीपत के होम टेक्सटाइल उत्पाद, कृषि मशीनरी, रेडीमेड वस्त्र और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों को नया बाजार मिलेगा।

**3 दिल्ली-एनसीआर** परिधान, फैशन एक्सेसरीज, इलेक्ट्रॉनिक्स, डिजाइन आधारित एमएसएमई और आईटी सेवाओं को समझौते से लाभ होगा। भारतीय पेशेवरों के लिए बेहतर अवसर भी उपलब्ध होंगे।

**4 बिहार** मखाना, भागलपुर रेशम, लीची, शहद, मक्का आधारित उत्पाद और हस्तशिल्प को ओमान सहित खाड़ी देशों के बाजारों तक पहुंच आसान होगी। इससे किसानों और कुटीर उद्योगों की आय बढ़ने की संभावना है।

**5 झारखंड** इंजीनियरिंग उत्पाद, औद्योगिक सामग्री, फैब्रिकेटेड मेटल उत्पाद और हल्के विनिर्माण क्षेत्र के निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। राज्य के औद्योगिक विकास को नई गति मिल सकती है।

**6 उत्तराखंड** फार्मास्यूटिकल्स, हर्बल उत्पाद, जैविक उत्पाद, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ और ऑटो कंपोनेंट्स को समझौते का विशेष लाभ मिलने की उम्मीद है। फार्मा उद्योग को अवसर मिलेंगे।

# घरेलू मांग में मजबूती से जीएसटी संग्रह 3% बढ़ा

**उपलब्धि**

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** मई में देश का जीएसटी संग्रह 1.94 लाख करोड़ रुपये से अधिक का रहा है, जो बीते वर्ष की समान अवधि की तुलना में 3.2 फीसदी अधिक है। आंकड़ों से पता चलता है कि बीते महीने घरेलू मांग और औद्योगिक गतिविधियों में मजबूती रही है, जिसका असर जीएसटी संग्रह पर देखने को मिला है।

आंकड़ों के हिसाब से बीते वर्ष मई में 1.88 लाख से अधिक का जीएसटी संग्रह हुआ था जो बीते महीने बढ़कर एक लाख 94 हजार 184 करोड़ रुपये का रहा है। सरकार का कहना है कि बीते वर्ष मई में दूरसंचार कंपनियों द्वारा स्पेक्ट्रम आवंटन के लिए किए करीब 10,000 करोड़ रुपये का एकमुश्त भुगतान किया गया था, जिसको हटाकर देखें तो वास्तविक वृद्धि करीब नौ प्रतिशत रही है। वहीं, बीते महीने रिफंड के बाद शुद्ध जीएसटी संग्रह 1,66,904 करोड़ रुपये रहा। अप्रैल 2026 के दौरान वस्तुओं की कर योग्य आपूर्ति में 26.9 प्रतिशत की मजबूत बढ़ोतरी दर्ज की गई। यह आंकड़ा 31.61 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 40.10 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया।

**आईजीएसटी संग्रह बढ़ा:** मई 2026 में आयात पर मिलने वाला एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) 50070 करोड़ रुपये से बढ़कर 60166 करोड़ रुपये हो गया। इसमें 20.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।



### मई में इनका आयात बढ़ा

| उत्पाद | वृद्धि |
|---|---|
| कोयला आयात | 391 |
| कंप्यूटर प्रोसेसिंग यूनिट्स | 387 |
| मेमोरी चिप्स | 205 |
| लाइट पेट्रोलियम ऑयल | 855 |
| कॉपर एनोड्स | 219 |
| लिथियम-आयन बैटरियां | 66 |
| एल्यूमिनियम स्क्रैप | 46 |

आंकड़ा (प्रतिशत)

### 27 वस्तु समूहों में वृद्धि

खास बात यह है कि बीते महीने सभी 27 वस्तु समूहों में वृद्धि दर्ज की गई। इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), नवीकरणीय ऊर्जा, स्टील, सीमेंट और डेटा सेंटर जैसे क्षेत्रों में बढ़ते निवेश के चलते मांग को बढ़ावा मिलने के भी संकेत हैं। अप्रैल और मई में कुल जीएसटी संग्रह 436887 करोड़ रुपये रहा।

# एचडीएफसी एएमसी के डेटा इस्तेमाल पर अस्थायी रोक

**मुंबई, एजेंसी।** बंबई उच्च न्यायालय ने एचडीएफसी एसेट मैनेजमेंट कंपनी के कथित डेटा लीक मामले में रैनसमवेयर समूह 'मॉर्फियस' को चुराए गए डेटा के इस्तेमाल, वितरण या खुलासा करने पर अस्थायी रूप से रोक दिया है।

न्यायमूर्ति श्रीराम शिरसाट की अवकाशकालीन पीठ ने 29 मई को पारित अपने आदेश में कहा कि प्रथम-दृष्टया इस मामले में अंतरिम राहत देने के लिए पर्याप्त आधार बनता है। पीठ ने कहा, यदि गोपनीय डेटा का दुरुपयोग, लीक या व्यापार किया गया तो इसके गंभीर परिणाम होंगे और वादी कंपनी को नुकसान हो सकता है। अदालत ने केंद्र सरकार को भी चुराए गए डेटा से जुड़े सभी खातों को हटाने, ब्लॉक करने और निष्क्रिय करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

### 'मॉर्फियस' ने किया है डाटा चोरी का दावा

कंपनी की आईटी प्रणाली में 16 मई को गड़बड़ी का पता चला था। इसके बाद हैकर समूह 'मॉर्फियस' ने एक ईमेल भेजकर 680 जीबी से अधिक महत्वपूर्ण डेटा चोरी करने का दावा किया था। उच्च न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई 16 जून को निर्धारित की है।

# ब्रिटेन के व्यापार मंत्री भारत आएंगे

**लंदन।** ब्रिटेन के व्यापार एवं व्यवसाय मंत्री पीटर काइल इस सप्ताह भारत के दौरे पर आएंगे। वह भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते को लागू करने की प्रक्रिया तेज करने पर बातचीत करेंगे।

ब्रिटिश सरकार ने कहा कि समझौता दोनों देशों को प्रोत्साहन देने का काम करेगा। मंगलवार को नई दिल्ली में काइल वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ बैठक करेंगे। बैठक का मुख्य केंद्र दोनों देशों के बीच हुए व्यापार समझौते को जल्द लागू करना होगा।

करीब 48 अरब पाउंड के द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने वाला यह समझौता ब्रिटेन के प्रस्तावित इस्पात आयात प्रतिबंधों के कारण कुछ समय से अटका हुआ है।

# छोटे उद्यमों को 35,000 करोड़ रुपये के ऋण मंजूर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया संघर्ष से प्रभावित सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों और उद्योगों को बैंकों ने आपातकालीन ऋण गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) के तहत 35,000 करोड़ रुपये के कर्ज स्वीकृत किए हैं।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पांच मई को इसकी मंजूरी दी थी। इस योजना का लक्ष्य 2.55 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त कर्ज प्रदान करना है। इसमें मौजूदा वैश्विक संकट से प्रभावित एयरलाइन कंपनियों के लिए 5,000 करोड़ रुपये भी शामिल हैं। वित्तीय सेवा विभाग के संयुक्त सचिव मनोज मुत्तथिल अयप्पन ने कहा कि 29 मई तक बैंकों ने लगभग 80,000 आवेदनों को मंजूरी दी है। इनमें 35,194 करोड़ रुपये के ऋण शामिल हैं और 15,720 करोड़ रुपये की गारंटी जारी की गई है।

उन्होंने कहा कि हमने लक्ष्य हासिल कर लिया है, इसलिए उम्मीद है कि ग्राहकों को इस योजना से लाभ होगा।

- योजना के तहत 2.55 लाख करोड़ का कर्ज प्रदान करने का लक्ष्य
- 29 मई तक बैंकों ने लगभग 80,000 आवेदनों को मंजूरी दी

# शेयर बाजार में चौथे दिन भी गिरावट

**मुंबई, एजेंसी।** अनिश्चित वैश्विक संकेतों के बीच भारतीय शेयर बाजार सोमवार को वित्तीय, एफएमसीजी एवं वाहन शेयरों में बिकवाली के कारण लगातार चौथे सत्र में गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 508 अंक फिसल गया, जबकि निफ्टी में 165 अंक की गिरावट रही।

विश्लेषकों के मुताबिक, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और अमेरिका-ईरान संघर्ष को लेकर अनिश्चितता के कारण घरेलू बाजार दबाव में रहा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल का मानक ब्रेंट क्रूड 3.34 प्रतिशत बढ़कर 94.16 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स 508.40 अंक गिरकर 74,267.34 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह, एनएसई निफ्टी भी 165.15 अंक गिरकर 23,382.60 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में से हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, एनटीपीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक और बजाज फाइनेंस के शेयर नुकसान में रहे। वहीं, आईटी कंपनियां हरे निशान में बंद हुईं।

जानकारों ने कहा, 'हाल के अमेरिकी हमलों और इजरायल-लेबनान तनाव से बाजार पर दबाव बना है। हालांकि, निवेशक निकट भविष्य में कूटनीतिक समाधान की उम्मीद भी कर रहे हैं।'

विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने भारतीय बाजार से निकासी का सिलसिला जारी रखा है। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, एफआईआई ने शुक्रवार को 21,105.86 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की थी।

# चांदी 100 ग्राम वायदा शुरू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) ने 'चांदी 100' वायदा अनुबंध सोमवार को शुरू कर दिया। इससे खुदरा निवेशकों और छोटे सर्राफा कारोबारियों को 100 ग्राम जैसी कम मात्रा में चांदी में निवेश करने का अवसर मिलेगा।

यह नया अनुबंध एमसीएक्स के मौजूदा चांदी वायदा अनुबंधों (30 किलोग्राम, पांच किलोग्राम और एक किलोग्राम) के मासिक विकल्प अनुबंधों में जोड़ा गया है।

इन अनुबंधों में छोटे और मध्यम उद्यमों तथा रिटेल निवेशकों की पूंजी की आवश्यकता कम हो जाएगी। अनुबंध की समाप्ति पर पारदर्शी मेकिंग चार्ज के साथ गुणवत्ता-युक्त भौतिक डिलीवरी भी सुनिश्चित हो सके।

**अनुबंध एक तारीख को शुरू होगा:** यह माह के पहले दिन शुरू होगा। अगर पहले दिन छुट्टी है तो यह अगले कार्यदिवस से शुरू होगा। अनुबंध समाप्ति महीने का आखिरी दिन होगी। अगर आखिरी दिन छुट्टी का दिन है, तो उससे पहले वाला कार्यदिवस अनुबंध का आखिरी दिन होगा।

## कारपोरेट कॉर्नर



नोएडा एनआईओएस केंद्र में आयोजित अग्निवीरों के शैक्षिक सशक्तिकरण संबंधी दो दिवसीय कार्यशाला में प्रो. अखिलेश मिश्र, मेजर जनरल डॉ. तमोजीत बिस्वास, डॉ.राजीव कुमार सिंह, डॉ. टी एन गिरी, कर्नल शकील अहमद एवं लेफ्टिनेंट कर्नल अभिलाष सिंह सहित भारतीय सशस्त्र सेनाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### आईआरईडीए को 18 सौ करोड़ का सर्वाधिक मुनाफा

**नई दिल्ली।** भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड (आईआरईडीए) ने वित्त वर्ष 2025-26 में 1,873 करोड़ रुपये का अब तक का सर्वाधिक वार्षिक शुद्ध लाभ दर्ज किया है। कंपनी के निदेशक मंडल ने 7.5 प्रतिशत अंतिम लाभांश की सिफारिश की है। आईआरईडीए के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक प्रदीप कुमार दास ने कहा कि 93,069 करोड़ रुपये के ऋण पोर्टफोलियो के साथ यह उपलब्धि भारत की हरित ऊर्जा क्षमता में विश्वास को दर्शाती है।

### ओएनजीसी ने घोषित किया 16 हजार करोड़ रुपये का रिकॉर्ड लाभांश

**नई दिल्ली।** ओएनजीसी ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान शानदार वित्तीय प्रदर्शन दर्ज करते हुए 49,793 करोड़ रुपये का समेकित शुद्ध लाभ अर्जित किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 30 प्रतिशत अधिक है। चौथी तिमाही में कंपनी का समेकित शुद्ध लाभ 53 प्रतिशत बढ़कर 13,678 करोड़ रुपये रहा। निदेशक मंडल ने 13.25 रुपये प्रति शेयर के कुल लाभांश की घोषणा की है, जिससे 16,669 करोड़ रुपये का भुगतान होगा। कंपनी की सहायक इकाइयों के प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया।



गुरुग्राम स्थित पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता शपथ एवं स्वच्छता अभियान में सीएमडी वंसी रामा मोहन बुर्रा, जी. रविशंकर, डॉ. यतींद्र द्विवेदी, नवीन श्रीवास्तव तथा वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लेकर स्वच्छ, स्वस्थ और हरित भारत के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।




गुणवत्ता परीक्षण एवं आश्वासन तंत्र को सुदृढ़ बनाने हेतु आरईसी लिमिटेड और ईआरडीए के बीच समझौता ज्ञापन पर आरईसी लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक प्रभात कुमार सिंह एवं बृजेश सचदेवा ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर आईएएस अधिकारी प्रिंस धवन एवं दोनों संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

**राहत** | तेल कंपनियों ने घरेलू विमानन कंपनियों के अनुरोध पर जेट ईंधन के दाम में वृद्धि नहीं की, घरेलू यात्रियों को महंगी यात्राओं से राहत मिली

# लगातार दूसरे महीने विमानन ईंधन के दाम नहीं बढ़े

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोमवार को अंतरराष्ट्रीय उड़ानें संचालित करने वाली कंपनियों के लिए विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमतों में 27 प्रतिशत की भारी कटौती की गई। हालांकि, घरेलू कंपनियों के लिए एटीएफ दरों में लगातार दूसरे महीने कोई बदलाव नहीं किया गया। महंगे ईंधन से जूझ रहीं विमान कंपनियों की अपील के बाद भी भारत की तेल कंपनियों ने जेट ईंधन की कीमतें स्थिर रखी हैं। विमान कंपनियों ने कीमतों में कटौती करने का आग्रह किया था।

इस कटौती से अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के लिए विमान ईंधन की कीमत 400 डॉलर प्रति किलोलीटर से अधिक घटकर करीब 1,100 डॉलर प्रति किलोलीटर रह गई। अप्रैल में ऊर्जा कीमतों में उछाल के कारण यह दोगुनी से अधिक बढ़कर 1,435.31 डॉलर प्रति किलोलीटर हो गई थीं।

घरेलू कंपनियों के लिए अप्रैल में एटीएफ की कीमत में 8.6% की वृद्धि की गई थी। सरकार ने मई में इसे स्थिर रखने का निर्देश दिया था। घरेलू विमानन बाजार में प्रमुख एयरलाइंस को मार्च और अप्रैल के दौरान उड़ानों में कटौती करने के लिए मजबूर होना पड़ा था, क्योंकि उन्होंने बढ़ी लागत को यात्री किराये में डाल दिया था।



### भारत में रोजाना 250 उड़ानों में कटौती

**22%** तक करेगी एयर इंडिया घरेलू उड़ानों में

**27%** कटौती एयर इंडिया कर चुकी विदेशी उड़ानों में

**07%** की कटौती करेगी इंडिगो घरेलू उड़ानों में

### विदेशों में भी सीटें घटाई जा रहीं

- 13,000 से अधिक उड़ानों को रद्द किया गया मई में
- 20 लाख सीटों की कटौती की गई कुल मिलाकर दुनियाभर में
- 93 हजार सीटों में कमी होने जा रही सितंबर तक
- 20 लाख सीटें घटाएगी कतर एयरवेज
- 07 लाख सीटें कम करेगी एमिरेट्स

### यात्रियों की संख्या में लगातार गिरावट

नागर विमानन महानिदेशालय के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, मार्च के मुकाबले अप्रैल में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या में 4.2 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। इस वर्ष अप्रैल में करीब 1.38 करोड़ लोगों ने हवाई यात्रा की। मार्च 2026 से तुलना करें तो अप्रैल में यात्रियों की संख्या 4.2 प्रतिशत कम रही। मार्च में 1.44 करोड़ लोगों ने हवाई सफर किया था। वहीं, पिछले वर्ष अप्रैल में 1.43 करोड़ लोगों ने हवाई यात्रा की थी।

# बीसीसीआई ने वैभव को सर्वोच्च स्तर तक ले जाने के संकेत दिए

**अहमदाबाद, एजेंसियां।** आईपीएल 2026 में रिकॉर्ड 776 रन और पुरस्कारों की झड़ी लगाने वाले 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी को लेकर उन्हें तत्काल राष्ट्रीय टीम में 'एंट्री' की बहस तेज हो गई है। हालांकि बीसीसीआई ने साफ संकेत दिया है कि वह इस असाधारण प्रतिभा को जल्दबाजी में नहीं, बल्कि सुनियोजित तरीके से आगे बढ़ाना चाहता है।

बोर्ड सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि 15 वर्षीय बल्लेबाज का भविष्य बेहद उज्ज्वल है और बीसीसीआई उसे क्रिकेट के सर्वोच्च स्तर तक पहुंचाने के लिए हरसंभव मदद करेगा। वहीं, फाइनल मुकाबले के बाद मैदान पर मौजूद वैभव ने कहा, मैं अगले सीजन में इससे भी बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगा। मैंने सीखा है कि हर समय आक्रमण नहीं किया जा सकता। परिस्थितियों और टीम की जरूरत के हिसाब से भी खेलना पड़ता है। बिहार का यह किशोर बल्लेबाज आईपीएल इतिहास का सबसे कम उम्र का ऑरेंज कैप विजेता बना है।

उनका स्ट्राइक रेट 237.30 रहा, जिसने पूरे टूर्नामेंट में बल्लेबाजी की परिभाषा बदल दी। सीजन समाप्ति पर वैभव ने पुरस्कार समारोह में भी दबदबा बनाए रखा। उन्हें मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर, इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द सीजन समेत कई बड़े सम्मान मिले। इन पुरस्कारों के साथ उन्हें टाटा सिएरा एसयूवी भी भेंट की गई। दिलचस्प बात यह है कि कार जीतने वाले वैभव सूर्यवंशी को उसे चलाने के लिए अभी तीन साल इंतजार करना होगा, क्योंकि उनकी उम्र अभी केवल 15 वर्ष है।



अहमदाबाद में अपनी ट्रॉफियों के साथ वैभव सूर्यवंशी। • बीसीसीआई

## 'बेबी बॉस' की प्रतिभा पर फिदा

वैभव सूर्यवंशी शानदार खिलाड़ी हैं। इतनी कम उम्र में उनके प्रदर्शन से पूरा देश प्रभावित और हैरान है। उनका भविष्य बहुत उज्ज्वल है।
– **राजीव शुक्ला**, बीसीसीआई उपाध्यक्ष

वैभव जैसी प्रतिभा को खेलते देखना रोमांचक है। आईपीएल युवा खिलाड़ियों को पहचान दिलाने का बड़ा मंच है।
– **मैथ्यू हेडन**, पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर

वैभव अति प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। उन्हें भारतीय टीम में शामिल किया जाना चाहिए। उन्हें ज्यादा इंतजार करवाने का कोई मतलब नहीं है।
– **एमएसके प्रसाद**, पूर्व मुख्य चयनकर्ता

नौ साल पहले वह स्टैंड्स में बैठकर मैच देख रहा था, आज ऑरेंज कैप विजेता है। यह अविश्वसनीय सफर है।
– **संजीव गोयनका**, एलएसजी मालिक

## विराट ने सूर्यवंशी को मैदान पर गले लगाया

सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। पोस्ट-मैच प्रेजेंटेशन से ठीक पहले वैभव सूर्यवंशी को मैदान पर देखते ही विराट कोहली उनकी तरफ खुद हाथ मिलाने जाते हैं। फिर उनके कंधे पर हाथ रखकर उन्हें कुछ बातें बताते हैं जैसे कुछ टिप्स दे रहे हों। इस दौरान उन्होंने सूर्यवंशी की पीठ भी थपथपाई। प्रशंसकों ने इसे मौजूदा 'किंग' और 'भविष्य के किंग' की मुलाकात करार दिया। इस वीडियो को लाखों लोग लाइक कर चुके हैं।

■ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने दो दिवसीय वार्षिक बैठक में कई बदलावों का फैसला किया

# टेस्ट में गुलाबी गेंद के इस्तेमाल को मंजूरी



**अहमदाबाद, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ( आईसीसी ) के बोर्ड ने खराब रोशनी के कारण खेल प्रभावित होने की स्थिति में टेस्ट मैचों में परीक्षण के आधार पर गुलाबी गेंद के इस्तेमाल को मंजूरी दे दी है। साथ ही 'ड्रिंक्स ब्रेक' के दौरान मुख्य कोच को मैदान पर जाकर खिलाड़ियों से चर्चा करने की अनुमति देने जैसे कई महत्वपूर्ण बदलाव भी वार्षिक बैठक में कर दिए।

अहमदाबाद में हुई दो दिवसीय बैठक में आईसीसी बोर्ड ने खराब रोशनी के कारण खेल का नुकसान कम करने के लिए मैच अधिकारियों और मैदानों में प्रकाश व्यवस्था से जुड़ी नई तकनीकों पर शोध को भी मंजूरी दी है।

**टीमों की पूर्व सहमति :** दोनों टीमों की पूर्व सहमति से टेस्ट मैचों में गुलाबी गेंद के इस्तेमाल का परीक्षण किया जाएगा, ताकि खराब रोशनी की आशंका होने पर अधिक से अधिक खेल संभव हो सके। मैच की शुरुआत लाल गेंद से होगी, पर रोशनी कम होती है तो फ्लडलाइट्स की मदद से गुलाबी गेंद का इस्तेमाल कर उन ओवरों को पूरा कराया जा सकेगा जो कम रोशनी के कारण प्रभावित होने वाली होगी।

**भारतीय खिलाड़ी पक्ष में नहीं :** यह देखना दिलचस्प होगा कि भारत इस व्यवस्था को स्वीकार करता है या नहीं। भारतीय खिलाड़ी घरेलू परिस्थितियों में गुलाबी गेंद से टेस्ट खेलने को लेकर अनिच्छा जता चुके हैं। गुलाबी गेंद से सीम मूवमेंट अधिक मिलने से मैच का रुख बदल सकता है।

**ऐसे होगा फायदा :** मौजूदा नियमों के तहत एक दिन में 90 ओवर फेंके जाते हैं। उदाहरण के तौर पर अगर 75 ओवर लाल गेंद से खेले जाने के बाद रोशनी कम हो जाए और 15 ओवर बाकी हों, तो दोनों टीमों की पूर्व सहमति होने पर उन ओवरों को दूधिया रोशनी में गुलाबी गेंद से पूरा कराया जा सकेगा।

**महिला चैंपियंस ट्रॉफी का वक्त बदला :** पहली महिला चैंपियंस ट्रॉफी का समय बदल दिया गया है। यह 2027 में श्रीलंका में होगी। इसका समय जून-जुलाई से फरवरी में कर दिया गया है।

### 'ड्रिंक्स ब्रेक' में मैदान पर आ सकेंगे कोच

■ मुख्य कोच या उनके प्रतिनिधियों को 'ड्रिंक्स ब्रेक' में मैदान पर खिलाड़ियों से चर्चा की अनुमति दी गई है। टी-20 में टाइम आउट में कोचिंग स्टाफ के मैदान पर आने की व्यवस्था पहले से है और यह टेस्ट में भी उपलब्ध होगी।

■ आईसीसी ने 2025 में, 'वाइड' गेंदों के फैसले के मामले में गेंदबाजो को 'लेग साइड' की ओर थोड़ी ज्यादा छूट देने के लिए ट्रायल शुरू किए थे। अब आईसीसी ने इस नियम को हमेशा के लिए लागू करने का फैसला किया है।

■ अगर किसी गेंदबाज के गेंद फेंकने के तरीके पर शक होता है तो आईसीसी मैच अधिकारियों को 'हॉक-आई' डेटा उपलब्ध कराने में मदद करेगा। इससे वे यह तय कर पाएंगे कि उन्हें किसी गेंदबाज के खिलाफ रिपोर्ट करनी है या नहीं।

■ बोर्ड ने भ्रष्टाचार और प्रशासनिक अनियमितताओं के आरोपों में क्रिकेट कनाडा की सदस्यता तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दी है। साथ ही बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के चुनावों की निगरानी वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपी गई है।

### लीग-अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर में संतुलन बनाएगी समिति

दुनिया भर में फ्रेंचाइजी क्रिकेट के तेजी से फैलने से चिंतित आईसीसी बोर्ड ने एक समिति बनाने को मंजूरी दे दी है। यह संतुलन बनाएगी जिससे मौजूदा अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर में कोई रुकावट नहीं आए।

**दुनियाभर में लीग बढ़ीं**
आईपीएल साल के कैलेंडर के दो महीने ले लेता है। इसके अलावा एसए20, आईएलटी 20, बीबीएल, बीपीएल, एसएलपीएल, द हंड्रेड और सीपीएल दुनिया भर की कुछ प्रमुख लीग हैं। इसमें यूरोपीय टी-20 प्रीमियर लीग भी जुड़ने वाली है जो इसी साल शुरू होगी।

**टीमों के लिए खतरा**
वेस्टइंडीज जैसे देशों के लिए यह खतरा है, जहां खिलाड़ी बस टी-20 लीग में ही खेलना चाहते हैं। इसका उदाहरण निकोलस पूरन हैं जिन्होंने 30 साल की उम्र से पहले ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया। हेनरिक क्लासेन ने लीग के लिए अफ्रीकी करियर को अलविदा कह दिया।

**एफटीपी पर भी असर संभव**
इतनी सारी लीग होने की वजह से आईसीसी का द्विपक्षीय सीरीज से जुड़ा भविष्य दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) भी प्रभावित होने के कगार पर है। हालांकि भारत इसका अपवाद है क्योंकि वह अपने मौजूदा पंजीकृत प्रथम श्रेणी खिलाड़ियों को दूसरी लीग में खेलने की इजाजत नहीं देता।

## विजय जुलूस नहीं निकालेगा बेंगलुरु

**अहमदाबाद।** रॉयल चैलेंज बेंगलुरु ( आरसीबी ) ने आईपीएल में लगातार दूसरी खिताबी जीत पर विजय जुलूस नहीं निकालने का फैसला किया है। पिछले साल 4 जून को जल्दबाजी में निकाले गए विजय जुलूस के दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास 11 प्रशंसकों की मौत हो गई थी।

आरसीबी ने यह निर्णय कर्नाटक के नवनियुक्त मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के शपथ ग्रहण समारोह को ध्यान में रखते हुए भी लिया जो लोक भवन में आयोजित किया जाएगा। एक सूत्र ने कहा, बेंगलुरु में किसी भी प्रकार का जश्न मनाने की संभावना बहुत कम है। कुछ दिशा-निर्देश निर्धारित हैं और हमें उनका पालन करना होगा।

बेंगलुरु के पुलिस आयुक्त सीमंथ कुमार सिंह ने कहा, हम किसी भी प्रकार के सार्वजनिक समारोह की अनुमति नहीं देंगे। यदि कोई जश्न मनाना चाहता है तो वह घर के अंदर मना सकता है।

## खिलाड़ियों को बीच सड़क उतारा गया

**अहमदाबाद।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के हाथों आईपीएल फाइनल में हार के बाद होटल लौट रही गुजरात टाइटंस की टीम बस में शॉर्ट सर्किट की खराबी के कारण खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ को बीच सड़क पर उतरना पड़ा।

शॉर्ट सर्किट से बस में धुआं फैल गया लेकिन टीम के सभी सदस्य सुरक्षित हैं और उन्हें किसी तरह की चोट नहीं आई। खिलाड़ियों और सहयोगी स्टार के सदस्यों को दूसरी बस की व्यवस्था होने तक कुछ देर तक सड़क पर इंतजार करना पड़ा। इससे पहले मुल्लांपुर में दूसरा क्वालीफायर जीतने के बाद चंडीगढ़ में खराब मौसम के कारण 30 मई को अहमदाबाद के लिए उनकी निर्धारित रवानगी में अत्यधिक देरी हुई थी। गुजरात टाइटंस की टीम शनिवार को देर शाम ही यहां पहुंच पाई थी।

# दिव्यांशी ने दोहरी स्वर्णिम सफलता से इतिहास रचा

**टेबल टेनिस**

**प्रिस्टीना (कोसोवो), एजेंसी।** उभरती हुई खिलाड़ी 15 वर्षीय दिव्यांशी भौमिक ने डब्ल्यूटीटी फीडर महिला एकल खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। यह उपलब्धि हासिल करने वाली वह भारत की सबसे युवा महिला खिलाड़ी बन गई हैं।

विश्व रैंकिंग में 211वें स्थान पर काबिज दिव्यांशी ने रविवार को फाइनल में चीनी ताइपे की विश्व नंबर 38 येह यी-तियान को 3-2 से पराजित किया। मात्र 15 वर्ष की आयु में वह जापान की स्टार मिवा हारिमोटो के बाद डब्ल्यूटीटी फीडर सर्किट में महिला एकल खिताब जीतने वाली दुनिया की दूसरी सबसे युवा खिलाड़ी हैं।



डब्ल्यूटीटी फीडर महिला टूर्नामेंट में एकल, युगल खिताब जीता

दिव्यांशी ने एक और स्वर्णिम उपलब्धि जोड़ते हुए महिला युगल का स्वर्ण पदक भी जीता। उन्होंने भारत की ही सिंड्रेला दास के साथ जापान की साची आओकी-कोकोना मुरामात्सु की जोड़ी को फाइनल में 3-2 से हराया।

# कलिंस्काया को पहली बार क्वार्टर फाइनल में जगह

**फ्रेंच ओपन**

**पेरिस, एजेंसी।** रूस की अन्ना कलिंस्काया पहली बार फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। उन्होंने सोमवार को ऑस्ट्रिया की अनास्तासिया पोटापोवा को 6-4, 2-6, 7-6 ( 10-7 ) से हरा दिया। विश्व रैंकिंग में 22वें स्थान पर काबिज कलिन्स्काया का यह दूसरा ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल होगा। इससे पहले वह 2024 ऑस्ट्रेलियन ओपन में भी अंतिम आठ में पहुंच चुकी हैं।

**कोबोली भी जीते :** पुरुष वर्ग में इटली के फ्लावियो कोबोली ने अमेरिका के जाचरी स्वजदा को 6-2, 6-3, 6-7, 7-6 से हराकर दूसरी बार ग्रैंड स्लैम क्वार्टर में प्रवेश किया।



पेरिस में सोमवार को प्री-क्वार्टर में जीत के बाद रूस की अन्ना कलिंस्काया। • एजेंसी

**उलटफेर जारी :** 'जाइंट किलर' ब्राजील के जोआओ फोंसेका ने 15वें वरीय कैस्पर रूड पर उलटफेर भरी जीत दर्ज की। उन्होंने चार सेट में 7-5, 7-6, 5-7, 6-2 की जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। फोंसेका ने नोवाक जोकोविच को भी हराकर बाहर किया था। इस बीच भारत के प्रमुख युगल खिलाड़ी श्रीराम बालाजी भी ब्राजीलियाई जोड़ीदार मार्सेलो डेमोलिनर के साथ पुरुष युगल के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं।

### सेरेना वापसी करेंगी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी दिग्गज महिला खिलाड़ी सेरेना विलियम्स चार साल बाद क्वींस क्लब से प्रतिस्पर्धी टेनिस में वापसी करेंगी। चार बार की ओलंपिक स्वर्ण विजेता सेरेना महिला युगल में वापसी करेंगी। उन्हें डब्ल्यूटीए 500 टूर्नामेंट में वाइल्डकार्ड मिला है, जो 8 जून से शुरू हो रहा है। उनके युगल जोड़ीदार के नाम की हालांकि घोषणा अभी नहीं की गई है। 44 साल की सेरेना के नाम 23 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब हैं। इसके अलावा उन्होंने ग्रैंड स्लैम में 14 युगल खिताब भी जीते हैं।

## खेल 30s

### नॉर्वे शतरंज में चारों भारतीयों को शिकस्त



**ओस्लो।** नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के छठे दौर में चारों भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। सभी को हार का सामना करना पड़ा। पिछले दौर में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विश्व चैंपियन डी गुकेश विजय अभियान जारी नहीं रख पाए जबकि आर प्रज्ञाननंदा, दिव्या देशमुख और कोनेरू हम्पी को भी शिकस्त का सामना करना पड़ा। भारतीय खिलाड़ियों को जहां निराशा हाथ लगी, वहीं मौजूदा चैंपियन और विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने क्लासिकल में जीत दर्ज करके खुद को खिताबी दौड़ में फिर शामिल कर दिया। उन्होंने अलीरेजा फिरोजा को मात दी।

### एथलेटिक्स में 19 पदक जीतने पर मोदी की बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स में 10 स्वर्ण पदकों सहित 19 पदक जीतने वाले भारतीय टीम को सोमवार को बधाई दी। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, यह उत्कृष्ट प्रदर्शन भारत के युवा एथलीटों के दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता को दर्शाता है। उम्मीद है कि यह उपलब्धियां आने वाले वर्षों में और भी कई युवा भारतीयों को खेल में अपना करियर बनाने के लिए प्रेरित करेंगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी भारतीय टीम को बधाई दी। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, 19 पदक जीतने की आपकी उपलब्धि भारत की अपार खेल प्रतिभा का प्रमाण है, जो पूरे देश के अनगिनत खिलाड़ियों को प्रेरित करेगी।

### इंग्लैंड-भारत में निर्णायक महिला टी-20 आज

**टॉन्टन।** भारत और मेजबान इंग्लैंड के बीच तीसरा और निर्णायक महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला मंगलवार को खेला जाएगा। भारत ने सीरीज का विजयी आगाज किया था, लेकिन इंग्लैंड ने दूसरा मुकाबला जीतकर वापसी की। अब दोनों टीमें 12 जून से शुरू होने वाले महिला टी-20 विश्व कप से पहले सीरीज जीत के साथ आत्मविश्वास बढ़ाना चाहेंगी। दोनों ही मुकाबलों में भारतीय टीम अंतिम पांच ओवरों में लय बनाए रखने में असफल रही। इंग्लैंड की बल्लेबाजी भी चिंता का विषय रही है। दो मैचों में एमी जोन्स का 67 रन ही एकमात्र अर्धशतक रहा है। अन्य बल्लेबाजों ने अच्छी शुरुआत तो की पर बड़ी पारी नहीं खेल सकीं।

### आईपीएल : टिम डेविड एक मैच के लिए निलंबित



**अहमदाबाद।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बल्लेबाज टिम डेविड पर आईपीएल के फाइनल में गुजरात टाइटंस के खिलाफ आचार संहिता के उल्लंघन के कारण अगले सत्र में एक मैच का प्रतिबंध लगाया गया है। उन पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना भी लगाया गया है। यह घटना पहली पारी के 10वें ओवर में विकेट गिरने के बाद हुई थी। डेविड को मैदान पर मौजूद अंपायर नितिन मेनन की दिशा में आक्रामक तरीके से आइस बैग फेंकने का दोषी पाया गया था। इस उल्लंघन के लिए उन्हें दो डिमेरिट अंक दिए गए हैं। इसके साथ ही उनके डिमेरिट अंक पांच हो गए हैं, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें एक मैच के लिए निलंबित किया गया है।

### अंडर-18 : एशिया कप में पुरुष टीम की बड़ी जीत

**काकामिगाहारा, (जापान)।** भारतीय अंडर-18 पुरुष हॉकी टीम ने सोमवार को एशिया कप 2026 में अपने तीसरे पूल ए मैच में कोरिया पर 4-1 से शानदार जीत दर्ज की। भारत के लिए कप्तान केतन कुशवाहा ने (तीसरे, 36वें), वरिंदर सिंह ने (पांचवें) और शाहरुख अली ने (54वें) मिनट में गोल किए जबकि कोरियाई कप्तान यून जेह्योक ने (21वें) मिनट में अपनी टीम का एकमात्र गोल किया। इस जीत से भारत पूल में शीर्ष पर पहुंच गया है। हालांकि कोरिया और जापान के साथ भी 6 अंक हैं पर गोल अंतर में भारत शीर्ष पर है। भारत का अगला मुकाबला 3 जून को आखिरी पूल मैच में चीनी ताइपे से होगा।

### टॉप्स विकास समूह में 22 नौकायन खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** जापान के आइची-नागोया में सितंबर-अक्तूबर में होने वाले एशियाई खेलों की तैयारियों के मद्देनजर नौकायन ( रोइंग) के 22 खिलाड़ियों को सोमवार को टारगेट ओलंपिक पोडियम योजन ( टॉप्स) के विकास समूह में शामिल किया गया। यह फैसला मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) की 174वीं बैठक में लिया गया। भारतीय नौकायन संघ ( आरएफआई) द्वारा वार्षिक राष्ट्रीय चयन ट्रायल और विभिन्न नौकाओं के लिए दलों को अंतिम रूप दिए जाने के बाद खिलाड़ियों की सूची जारी की गई। इनमें पेरिस ओलंपियन बलराज पंवार, 2022 एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता अरविंद सिंह और जसविंदर सिंह भी शामिल हैं।

### थाईलैंड ओपन में चुनौती देंगे भारतीय शटलर



**जकार्ता।** सिंगापुर ओपन में खिताब जीतने के बाद सात्विकसाईराज रांकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी सहित प्रमुख भारतीय शटलर मंगलवार से शुरू हो रहे थाईलैंड ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट में चुनौती पेश करेंगे। सात्विक-चिराग की नजर लगातार दूसरे खिताब पर होगी। पुरुष युगल में एमआर अर्जुन-हरिहरन अम्साकरुणान भी उतरेंगे। महिला एकल में पीवी सिंधु, मालविका बंसोड़ और उन्नति हुड्डा से उम्मीदें होंगी। पुरुष एकल में लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत और आयुष शेट्टी होंगे। महिला युगल में त्रीसा जॉली-गायत्री गोपीचंद और मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला-तनीषा क्रैस्टो, रोहन कपूर-रुथविका शिवानी चुनौती की अगुवाई करेंगे।

### सात्विक-चिराग पूर्व कोच माथियास बो से जुड़े

**नई दिल्ली।** सात्विकसाईराज रांकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष युगल बैडमिंटन जोड़ी बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों से पहले डेनमार्क के अपने पुराने कोच मैथियास बो के साथ फिर जुड़ गए हैं। मैथियास बो ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर बताया कि उन्होंने अप्रैल में थॉमस कप शुरू होने से पहले ही भारतीय जोड़ी के साथ 'चुपके से' काम करना शुरू कर दिया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह कंसल्टेंट के तौर पर काम करेंगे, साथ में मलेशिया के मौजूदा नेशनल टीम कोच टैन किम हेर भी होंगे। बो तकनीक और मैच विश्लेषण पर नजर रखेंगे जबकि टैन पूर्णकालिक कोच के तौर पर काम करते रहेंगे।

### राइजिंग स्टार्स में कार्तिक संयुक्त 12वें स्थान पर

**अल जदीदा (मोरक्को)।** भारत के उभरते हुए गोल्फर कार्तिक सिंह ने यहां मोरक्को राइजिंग स्टार्स 2026 के अंतिम दौर में एक अंडर 71 का स्कोर बनाकर संयुक्त 12वां स्थान हासिल किया। आखिरी नौ होल में एक डबल बोगी और एक बोगी करने के बावजूद कार्तिक का प्रदर्शन सराहनीय रहा। इस बीच थाईलैंड के तानापत पिचैकूल ने बांग्लादेश के अनुभवी खिलाड़ी सिद्दीकुर रहमान को दो शॉट से हराकर खिताब जीता। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने तीसरे दौर में आठ अंडर 64 के स्कोर के बाद दो शॉट की बढ़त बना ली थी। उन्होंने अंतिम दौर में दो अंडर 70 का स्कोर बनाकर अपनी बढ़त को बरकरार रखा। उन्होंने नौ अंडर का स्कोर बनाया।

**वो सब कुछ जो आपके लिए जानना जरूरी : सर्वाधिक मैच, सबसे ज्यादा मेजबान देश, सबसे अधिक टीमों के साथ यह फुटबॉल विश्व कप इतिहास का सबसे लंबा टूर्नामेंट**

# फुटबॉल फीवर : अब सिर चढ़कर बोलेगा 'दन दना दन गोल' का रोमांच

फीफा विश्व कप-2026
10 दिन शेष

आईपीएल के चौके-छक्के खत्म... अब दन दना दन गोल के रोमांच की बारी है। फुटबॉल इतिहास का सबसे विराट विश्व कप सिर्फ 10 दिन दूर है। 11 जून से शुरू होने वाला यह टूर्नामेंट अपने 23वें संस्करण में कई मायनों में ऐतिहासिक होगा। इस बार सर्वाधिक मैच, सबसे ज्यादा मेजबान देश, सबसे ज्यादा टीमों के साथ यह सबसे लंबा टूर्नामेंट होगा।

| 48 | 104 | 39 |
|---|---|---|
| टीमें | मैच | दिन |

**मेजबान देश**



अमेरिका
मेक्सिको
कनाडा

पहली बार तीन देशों में एक साथ विश्व कप आयोजित होगा

**कब और कहां?**
शुरुआत : 11 जून 2026
फाइनल : 19 जुलाई 2026

**सबसे बड़े बदलाव क्या?**
■ पहली बार 48 टीमें खेलेंगी
■ पहले 32 टीमें होती थीं
■ मैचों की संख्या 64 से बढ़कर 104 हो जाएगी
■ टूर्नामेंट 39 दिन तक चलेगा

**नया फॉर्मेट क्या है?**
■ विश्व कप टूर्नामेंट को कुल 12 ग्रुप में बांटा गया है
■ हर ग्रुप में 4 टीमें
■ हर टीम 3 लीग मैच खेलेगी
■ प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष दो टीमें सीधे अगले दौर में जाएंगी
■ 12 में से सर्वश्रेष्ठ 8 तीसरे स्थान वाली टीमें भी नॉकआउट में पहुंचेंगी
■ इसके बाद पहली बार राउंड ऑफ-32 खेला जाएगा
■ फिर राउंड ऑफ 16, क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फिर फाइनल की जंग

**उद्घाटन और फाइनल कहां?**
■ **उद्घाटन मुकाबला :** एस्तादियो अजटेका, मेक्सिको सिटी
■ **फाइनल :** मेटलाइफ स्टेडियम (विश्व कप के दौरान न्यूयॉर्क-न्यू जर्सी स्टेडियम नाम से)



**मौजूदा चैंपियन?**
■ अर्जेंटीना फुटबॉल टीम
■ कप्तान : लियोनेल मेसी
■ इटली, ब्राजील के बाद लगातार दूसरा खिताब जीतने वाली तीसरी टीम बनने का मौका होगा। 1962 के बाद कोई भी टीम विश्व कप खिताब नहीं बचा सकी है।

**16 शहरों में खेले जाएंगे मुकाबले**
**अमेरिका (11) :** ■ न्यूयॉर्क-न्यू जर्सी ■ लॉस एंजिलिस ■ मियामी ■ अटलांटा ■ डलास ■ ह्यूस्टन ■ सिएटल ■ बोस्टन ■ फिलाडेल्फिया ■ कैनसस सिटी ■ सैन फ्रांसिस्को बे एरिया
**मेक्सिको (3) :** ■ मेक्सिको सिटी ■ ग्वाडलाहारा ■ मॉन्टेरी
**कनाडा (2) :** ■ टोरंटो ■ वैंकूवर

**सबसे बड़े दावेदार?**



अर्जेंटीना पुर्तगाल ब्राजील स्पेन इंग्लैंड जर्मनी फ्रांस

**किन सितारों पर रहेंगी नजर?**
■ लियोनेल मेसी ■ किलियन एम्बापे ■ इर्लिंग हालैंड ■ नेमार ■ क्रिस्टियानो रोनाल्डो ■ जूड बेलिंघम ■ विनिसियस जूनियर

**खास बातें**
■ मेक्सिको तीसरी बार विश्व कप की मेजबानी करेगा
■ कनाडा पहली बार पुरुष विश्व कप की मेजबानी करेगा
■ एस्तादियो अजटेका पहला स्टेडियम होगा जो तीन विश्व कप की मेजबानी करेगा
■ विश्व कप के इतिहास में पहली बार नॉकआउट में 32 टीमें एक-दूसरे का सामना करेंगी

**भारत में प्रसारण कब और किस चैनल पर?**
ज्यादातर महत्वपूर्ण ग्रुप मैच और नॉकआउट मुकाबले रात 12 :30 बजे और रात 1:30 बजे से प्रसारित किए जाएंगे। सभी मुकाबले जी नेटवर्क प्रसारित होंगे। आठ साल तक फीफा के बड़े टूर्नामेंट यहीं दिखेंगे।

**पुरस्कार राशि कितनी?**
कुल 65 .5 करोड़ डॉलर (करीब ₹5,600 करोड़) की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि बांटी जाएगी, जो पिछले संस्करण से 50% ज्यादा है।

| | |
|---|---|
| चैंपियन | 5 करोड़ डॉलर (करीब 430 करोड़) |
| उपविजेता | 3.3 करोड़ डॉलर (करीब 284 करोड़) |
| तीसरा स्थान | 2.9 करोड़ डॉलर (करीब 249 करोड़) |
| चौथा स्थान | 2.7 करोड़ डॉलर (करीब 232 करोड़) |
| क्वार्टर फाइनल (5-8) | 1.9 करोड़ डॉलर (करीब 163 करोड़) |
| प्री-क्वार्टर फाइनल (9-16) | 1.5 करोड़ डॉलर (करीब 129 करोड़) |

हर टीम को तैयारी खर्च के लिए 15 लाख डॉलर (करीब 13 करोड़) अलग से। यानी विश्व कप में पहुंचने वाली प्रत्येक टीम को कम से कम 1.05 करोड़ डॉलर (करीब ₹90 करोड़) मिलने की गारंटी होगी।

POSTAL REG. NO. DL (ND)-11/6057/2015-16-17 "Licensed to post without prepayment" LICENCE No. U(C)-116/2006-08

# चिंता : दावानल से जूझे दुनिया के संपन्न देश

## वर्ष 2025 में 33.5 करोड़ हेक्टेयर जमीन आग की चपेट में आई




**नॉर्विच, एजेंसी।** साल 2025 में वैश्विक स्तर पर आग की चपेट में आने वाला कुल क्षेत्रफल भले ही कम हो, लेकिन दुनिया के अमीर और घनी आबादी वाले इलाकों में जंगल की आग (दावानल) ने पुराने रिकॉर्ड तोड़े हैं।

ब्रिटेन स्थित ईस्ट एंग्लिया विश्वविद्यालय के जलवायु वैज्ञानिकों के अनुसार, साल 2025 में दुनिया भर में लगभग 33.5 करोड़ हेक्टेयर जमीन आग की चपेट में आई। साल 2002 के बाद से वैश्विक स्तर पर आग लगने की यह दूसरी सबसे कम घटना है। वैश्विक स्तर पर इस गिरावट की मुख्य वजह अफ्रीका महाद्वीप है। वहां तेजी से बढ़ते कृषि विस्तार के कारण सवाना घास के मैदान छोटे-छोटे टुकड़ों में बंट गए, जिससे आग को दूर तक फैलने की जगह नहीं मिल पा रही है। आग का कुल क्षेत्रफल घटने से कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन में भी भारी गिरावट आई है।

भले ही दुनिया भर का औसत घटा हो, लेकिन संपन्न और आधुनिक क्षेत्रों में 2025 का साल आग की आपदाओं के नाम रहा। स्कॉटलैंड में लगी भीषण आग ने अकेले एक लाख हेक्टेयर से अधिक जमीन को जलाकर राख कर दिया। लॉस एंजिल के पैलिसेड और ईटन में लगी आग अमेरिकी इतिहास की सबसे विनाशकारी घटनाओं में शुमार हो गई। वहीं दक्षिण कोरिया ने सबसे जानलेवा फायर सीजन देखा।

स्पेन-पुर्तगाल में गर्मी के चलते पांच लाख हेक्टेयर जमीन खाक हो गई। 2025 में मौसम संबंधी आपदाओं के कारण बीमा कंपनियों को होने वाले नुकसान का 38% हिस्सा जंगल की आग की वजह से था। विशेषज्ञों के मुताबिक, इंसानी गतिविधियों के कारण हो रहा कार्बन प्रदूषण ऐसी परिस्थितियां पैदा कर रहे हैं। भले ही जंगलों के बीच में आग कम लग रही हो, लेकिन यह आग अब उन क्षेत्रों की तरफ तेजी से बढ़ रही है, जिसे 'जंगल-शहरी सीमा' कहते हैं।

- स्पेन, पुर्तगाल, द. कोरिया, कनाडा, अमेरिका और यूरोप के देशों में लगी आग
- कनाडा की आग से तीन वर्षों में चार अरब टन कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2) वातावरण में पहुंची
- आग से निकला जहरीला धुआं अमेरिका, यूरोप और अफ्रीका तक फैल गया
- इस जहरीले धुएं से लगभग 82,000 लोगों की असमय मौत हुई



### किस देश के बराबर क्षेत्रफल

33.5 करोड़ हेक्टेयर (33.5 लाख वर्ग किलोमीटर) का क्षेत्रफल पूरे भारत के कुल क्षेत्रफल के बराबर है। भारत का आकार 32.8 लाख वर्ग किलोमीटर है, यानी साल 2025 में दुनिया के जंगलों और मैदानों में लगी आग से कुल भारत जितनी जंगल जलकर राख हो गए।

### भारत में भी नहीं थम रही परेशानी

साल 2025 में भीषण गर्मी और सूखे के चलते भारत के कई राज्यों को जंगल की आग का सामना करना पड़ा। ग्लोबल फॉरेस्ट वॉच के सैलाइट आंकड़ों के अनुसार, इस दौरान देश ने आग के कारण लगभग 1.4 लाख हेक्टेयर प्राकृतिक वन क्षेत्र खो दिया था। भारत में ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के पर्वतीय इलाके इस मौसमी आग से सबसे ज्यादा प्रभावित रहे, जहां चीड़ की सूखी पत्तियां और अत्यधिक तापमान आग भड़कने का मुख्य कारण बने। इसके अलावा, कई जगहों पर मानवीय गतिविधियां और लापरवाही भी आग की घटनाओं को बढ़ाने में जिम्मेदार रहीं।

## क्या आप जानते हैं

# सजा के लिए हुआ था ट्रेडमिल का आविष्कार

आज से करीब 200 साल पहले इस मशीन पर कैदियों को घंटों तक चलने के लिए मजबूर किया जाता था। गुजरते समय के साथ यह क्रूर उपकरण बदलकर एक आधुनिक फिटनेस मशीन बन गया।

- इस मशीन को वर्ष 1818 में ब्रिटेन के इंजीनियर विलियम क्यूबिट ने बनाया था।
- इसका प्राथमिक उद्देश्य कैदियों से कड़ी मेहनत करवाना और उन्हें अनुशासित करना था।
- कैदियों को ऐसा महसूस होता था, मानो वे कभी न खत्म होने वाली सीढ़ियां चढ़ रहे हों।
- मशीन की गति के साथ तालमेल न बिठा पाने पर कैदियों के गिरने और चोटिल होने का खतरा था।



- कैदियों के चलने से पैदा होने वाली ऊर्जा का उपयोग अनाज पीसने में किया जाता था।
- कई जगहों पर इस ऊर्जा से पानी खींचने का काम लिया जाता था।
- कैदियों को हर दिन लगातार छह से आठ घंटे तक इस मशीन पर चलना पड़ता था।
- समय के साथ यह अनोखी मशीन अत्याचार की निशानी बन गई।
- इसकी क्रूरता को देखते हुए 19वीं सदी के अंत में इस पर प्रतिबंध लगा दिया गया था।
- दशकों बाद डिजाइन में सुधार कर इसे फिटनेस के लिए ढाला गया।




आरसीबी ने लगातार आईपीएल ट्रॉफियाँ जीतीं!

# रेगिस्तान में उगाई जा सकेगी फसल

**शंघाई, एजेंसी।** चीन के वैज्ञानिकों ने एक विशेष बैक्टीरिया (सायनोबैक्टीरिया) विकसित किया है जो रेगिस्तान की रेत को मात्र 10 महीने में उपजाऊ मिट्टी में बदल सकता है।

यह बैक्टीरिया रेत के कणों को आपस में जोड़ता है, नमी को रोककर रखता है और मिट्टी में कार्बनिक पदार्थ व पोषक तत्व बढ़ाता है। प्रयोग में देखा गया कि 10 महीने बाद रेत में ह्यूमस बन जाता है और फसल उगाई जा सकती है।

इस तकनीक से थार रेगिस्तान, सहारा और गोबी जैसे रेगिस्तानी इलाकों को हरियाली से भरा जा सकता है। इससे जलवायु परिवर्तन से लड़ने, खाद्य सुरक्षा बढ़ाने और बंजर जमीन को उपयोगी बनाने में मदद मिलेगी। भारतीय कृषि वैज्ञानिकों ने भी इस अविष्कार पर नजर रखी हुई है।



### संरक्षक संत के सम्मान में समारोह...

पेरू के ओलांतायताम्बो में 'लॉर्ड ऑफ चोकेकिल्का' समारोह मनाया गया। इस दौरान सैकड़ों कलाकारों ने पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य किया। लोक संगीत, रंग-बिरंगे परिधान और गहरी आध्यात्मिकता से भरा यह त्योहार हर वर्ष हजारों लोगों को आकर्षित करता है। ओलांतायताम्बो के संरक्षक संत की यह पूजा संस्कृति और विश्वास की जीवंत मिसाल है। • एएफपी

# तीन हजार घरों को 'होमस्टे' में बदलेंगे

**शिलॉन्ग, एजेंसी।** मेघालय में पर्यटन तेजी से बढ़ रहा है। अब तक 16 लाख से ज्यादा पर्यटकों का स्वागत कर चुकी है और 2028 तक हर साल 21 लाख पर्यटक लाने का लक्ष्य रखा है।

इस बढ़ते पर्यटन को देखते हुए मेघालय में 2028 तक तीन हजार नए होमस्टे बनाने की योजना बनाई गई है। इसके लिए 'मुख्यमंत्री मेघालय होमस्टे मिशन' शुरू किया गया है। नए होमस्टे बनाने वालों को सात लाख रुपये तक की सब्सिडी दी जाएगी। अभी तक 490 से ज्यादा होमस्टे चल रहे हैं और 900 आवेदन मंजूर हो चुके हैं।

बताया जाता है कि इस योजना से 15 हजार नए रोजगार पैदा होने की उम्मीद है। जानकारों का मानना है कि यह कदम स्थानीय लोगों की आय बढ़ाने और 2027 नेशनल गेम की तैयारी के लिए भी महत्वपूर्ण है।

## तकनीक 30s

### यूट्यूब यूजर के लिए 'ऑन द गो' मोड

यूट्यूब प्रीमियम ने पॉडकास्ट सुनने वालों के लिए 'ऑन द गो' मोड लॉन्च किया है। यह फीचर उनके लिए है, जो पॉडकास्ट देखना नहीं, बल्कि सुनना पसंद करते हैं। यह सुविधा एंड्रॉइड पर प्रीमियम यूजर के लिए है।

### मेटा को टक्कर देगा एप्पल स्मार्ट ग्लास

एप्पल के स्मार्ट ग्लास में कैमरा, अलग-अलग डिजाइन और कई रंगों के फ्रेम मिलेंगे। कंपनी इन्हें मेटा और गूगल के स्मार्ट ग्लास के मुकाबले उतारेगी। भविष्य में इनमें ऑगमेंटेड रियलिटी तकनीक जुड़ सकती है।

### जल्द रिटायर होगा जीपीटी-4.5 मॉडल

ओपनएआई ने चैटजीपीटी के पुराने मॉडल जीपीटी-4.5 को बंद करने का निर्णय लिया है। कंपनी 27 जून को इस मॉडल को हटा देगी। पुराने और धीमे मॉडल को हटाकर उनकी जगह तेज और आधुनिक मॉडल को दी जा रही है।

# पक्षियों की चहचहाहट बताएगी संख्या, एआई करेगा गणना

**मोहन भट्ट**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड में पहली बार पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों की संख्या का पता लगाने के लिए 'वाइल्डलाइफ एकॉस्टिक रिकॉर्डर' और एआई तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है।



हल्द्वानी वन प्रभाग में करीब एक सप्ताह पहले शुरू की गई इस अनूठी पहल के तहत चार विशेष रिकॉर्डर खरीदे गए हैं। इन्हें वन प्रभाग की पांचों रेंज में बारी-बारी से लगाने की योजना है। इसके तहत पक्षियों की अधिक आवाजाही वाले क्षेत्रों को चिह्नित कर रिकॉर्डर को पेड़ों पर बांधा जा रहा है। एक स्थान पर करीब एक हफ्ते तक रिकॉर्डर रखने के बाद उसके डाटा कार्ड में दर्ज ऑडियो को एक विशेष सॉफ्टवेयर में डाला जाता है। यह सॉफ्टवेयर एआई तकनीक की मदद से पक्षियों की एक-एक आवाज का बारीकी से विश्लेषण करता है और उनकी प्रजातियों की सटीक जानकारी सामने रख देता है।

- पक्षियों की अधिक आवाजाही वाले क्षेत्रों को चिह्नित कर रिकॉर्डर को पेड़ों पर बांधा जा रहा

**ट्रायल में रिकॉर्ड हुई 145 आवाजें :** वन प्रभाग की छकाता रेंज में इस रिकॉर्डर का प्रारंभिक ट्रायल पूरा हो चुका है। यहां महज एक हफ्ते में रिकॉर्डर ने अलग-अलग पक्षियों की 145 आवाजें रिकॉर्ड की हैं। पक्षी विशेषज्ञों ने रिकॉर्डर द्वारा जुटाए गए आंकड़ों और एआई सॉफ्टवेयर द्वारा किए गए इसके सटीक विश्लेषण पर आश्चर्य और खुशी जताई है।

**दुर्लभ व निशाचर पक्षियों की आसानी से होगी पहचान :** विशेषज्ञों के अनुसार, पक्षियों की कई ऐसी दुर्लभ प्रजातियां हैं जो घने जंगलों में आसानी से दिखाई नहीं देतीं। अब इस तकनीक से उनकी ध्वनियों के आधार पर पहचान करना बेहद आसान हो जाएगा। इसके अलावा रात में सक्रिय रहने वाले निशाचर पक्षियों (जैसे उल्लू और नाइटजार) की प्रजातियों की संख्या जानने भी यह रात्रिकालीन ध्वनि रिकॉर्डिंग काफी मददगार साबित होगी।

# परेशान माताओं के लिए कैफे

**टोक्यो, एजेंसी।** जापान में नवजात बच्चों की देखभाल में रात-रातभर जागने वाली और मानसिक तनाव झेल रही माताओं के लिए नाइटटाइम क्राइंग कैफे शुरू किए गए हैं।

ये कैफे रात नौ से सुबह छह बजे तक बिल्कुल मुफ्त सेवाएं देते हैं। यहां आकर मांएं सुकून के पल बिता सकती हैं, अपनी परेशानियां साझा कर सकती हैं और कुछ देर आराम कर सकती हैं।

# मच्छरों की पैदावार रोकेगा गूगल का अनोखा प्रयोग

**फ्लोरिडा, एजेंसी।** गूगल मच्छरों से होने वाली बीमारियों से लड़ने के लिए एक अनोखा प्रयोग करने जा रहा है।

कंपनी अमेरिका के फ्लोरिडा और कैलिफोर्निया राज्यों में अगले दो सालों में 3.2 करोड़ प्रयोगशाला में तैयार किए गए मच्छर छोड़ने की योजना बना रही है। यह परियोजना गूगल की 'डिबग' नामक वैज्ञानिक परियोजना का हिस्सा है, जिसकी शुरुआत 2014 में हुई थी। गूगल नर मच्छरों को वोल्बाकिया नामक बैक्टीरिया से संक्रमित करेगा। इन संक्रमित नर मच्छरों को बाहर छोड़ दिया जाएगा। जब ये मच्छर जंगली मादा मच्छरों के साथ प्रजनन करेंगे तो उनके अंडे विकसित नहीं हो पाएंगे और नष्ट हो जाएंगे। इससे धीरे-धीरे पूरे इलाके में मच्छरों की संख्या कम हो जाएगी। इससे डेंगू, चिकनगुनिया, जीका और वेस्ट नाइल वायरस जैसी बीमारियों पर लगाम लगने की उम्मीद है। कंपनी का कहना है कि वह स्थानीय लोगों और सरकार के साथ मिलकर काम कर रही है, ताकि लोग मच्छरों से होने वाली बीमारियों से सुरक्षित रह सकें।

# फेफड़ों के कैंसर का नया टीका तैयार

**हवाना, एजेंसी।** क्यूबा और अर्जेंटीना के वैज्ञानिकों ने मिलकर फेफड़ों के कैंसर के इलाज के लिए 'वैक्सीरा' नाम का एक टीका विकसित किया है। यह टीका उन मरीजों के लिए उपयोगी है, जिन्हें फेफड़ों का कैंसर है। यह कैंसर को रोकने वाली नहीं बल्कि इलाज करने वाली है। यह शरीर की रोग प्रतिरोधक शक्ति को सिखाती है कि कैंसर की कोशिकाओं को पहचानकर उन पर हमला किया जाए।

यह सिर्फ कैंसर वाली कोशिकाओं को निशाना बनाती है और स्वस्थ कोशिकाओं को नुकसान नहीं पहुंचाती, इसलिए इसके साइड इफेक्ट भी बहुत कम होते हैं। कुछ अध्ययनों के अनुसार यह 34 महीने से बढ़कर 77 महीने तक हो गई है। पश्चिमी देशों में ऐसे इलाज का सालाना खर्च करीब 1.6 करोड़ रुपये तक हो सकता है।

**GOVERNMENT OF HARYANA TENDER NOTICE**

| SR. No. | NAME OF BOARD/CORP./ AUTH | NAME OF WORK NOTICE TENDER | OPENING DATE CLOSING DATE | AMOUNT/EMD (APPROX.) IN RUPEES | WEBSITE OF THE BOARD CORP./AUTH | NODAL OFFICER/ CONTACT DETAILS/EMAIL |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | MUNICIPAL CORPORATION, FARIDABAD | PROVISION OF ONE NUMBER NEW TUBE WELL BORE BY REVERSE ROTARY MACHINE AT TUBEWELL NO. 4, MCF LAND, NAGLA GAJRAN, KURESEEPUR ROAD, IN WARD NO. 7, NIT FARIDABAD + 3 WORKS | 30.05.2026 06.06.2026 | ESTIMATED COST Rs. 38.14 LACS | https:// etenders.hry. nic.in | 01292411649 xen1mcf@ gmail.com |

FOR FURTHER INFORMATION KINDLY VISIT : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
RO No. 13/2027/40/45768/I/93/7

**GOVERNMENT OF HARYANA TENDER NOTICE**

| SR. No. | NAME OF BOARD/CORP./ AUTH | NAME OF WORK NOTICE TENDER | OPENING DATE CLOSING DATE | AMOUNT/EMD (APPROX.) IN RUPEES | WEBSITE OF THE BOARD CORP./AUTH | NODAL OFFICER/ CONTACT DETAILS/EMAIL |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | THE SONIPAT CO-OPERATIVE SUGAR MILLS LTD | A.) INTERNAL CLEANING OF BOTH BOILERS (HA-111, 112), WET SCRUBBER ETC. B) COMPLETE CLEANING, WASHING AND PAINTING OF MILL HOUSE, PITS GALLERY, CANE CARRIER, RACK CARRIER AND FIBRIZER. + 22 OTHER WORK | OPENING CLOSING DATE 05.06.2026 | 8,00,00,000/- | https:// etenders.hry. nic.in | 9996250570 sonipatsugar@ gmail.com |

FOR FURTHER INFORMATION KINDLY VISIT : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
RO No. 13/2027/40/45774/I/93/7

**मध्य रेल**
**निविदा सूचना**
**Tender notice No CWE/MTN/ 85265153/2026 due on 07-JUL-26**
Sr No.:- 1., निविदा No.:- 85265153, निविदा विवरण:– बॉम्बार्डियर व्हीलसेट के लिए स्पेयर पार्ट्स का सेट।, मात्रा:– 6 Set, नियत तारीख:– 07-JUL-26, राशि:– 12094713
215
असुरक्षित तथा अनाधिकृत रूप से रेल लाइन के पास कार्य करना दंडनीय अपराध है

**PSPCL पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड**
(पंजीकृत कार्यालय :पीएसईबी हेड ऑफिस, द मॉल, पटियाला)
कॉर्पोरेट पहचान संख्या : U40109PB2010SGC033813
वेबसाइट: www.pspcl.in, (संपर्क नं.: 9646118773)
निविदा पूछताछ सं.: क्यूक्यू-4040/पीओ-टी/26-27/सीई-एमएम
मुख्य क्रय अधिकारी/एमएम, केन्द्रीय क्रय संगठन, पीएसपीसीएल, द्वितीय तल, मल्टी स्टोरी बिल्डिंग, दि माल, पीएसपीसीएल द्वारा 8000 नग थ्री फेज 40 केवीए, आईएसआई मार्क्ड, ऑयल इमर्स्ड, सीआरजीओ/अमार्फस कोर, एल्युमीनियम वाउंड, डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर्स जो कि पीएसपीसीएल विनिर्देशनों के अनुसार फिटिंग्स के साथ पूर्ण हों तथा आईएस 1180 पार्ट-1 (2014) तथा आईएस 2026 (नवीनतम संशोधनों सहित) को सुनिश्चित करते हों, के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना और निविदा विनिर्देशन के लिए कृपया दि. 02.06.2026 से https://eproc.punjab.gov.in देखें।
नोट: शुद्धिपत्र और संशोधन, यदि कोई हो तो उसे https://eproc.punjab.gov.in पर ऑनलाइन प्रकाशित किया जाएगा।
RO No. 1079/12/2026/27/11804 सी-605/26

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम) CIN- U40109UR2001SGC025867
कार्यालयः अधीक्षण अभियंता, विद्युत वितरण मण्डल (नगरीय) न्यू फोरेस्ट, एफ०आर०आई० कैम्पस, देहरादून।
Email: seedcurban@gmail.com Website: www.upcl.org
**ई–निविदा विस्तार सूचना**
विद्युत वितरण मण्डल (नगरीय) देहरादून के अन्तर्गत ई–निविदा संख्या 05/वि०वि०म०(न०)/2026–27 को दिनांक 10.06.2026 तक अपरिहार्य कारणों से विस्तारित की जाती है। विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट www.uktenders.gov.in पर देखें।
पत्रांकः 618/वि०वि०म०(नगरीय)/दे०दून दिनांकः 01/06/2026 अधीक्षण अभियन्ता
"राष्ट्र हित में बिजली बचायें" टोल फ्री नं० 1800–419–0405

**कल्याण सिंह अति विशिष्ट कैंसर संस्थान**
सी.जी. सिटी, सुल्तानपुर रोड, लखनऊ - 226002
(उत्तर प्रदेश सरकार का स्वायत्तशासी संस्थान)
Website: https://cancerinstitute.edu.in Email: procurementservices.ksssci@gmail.com
**जेम बिड सूचना** **दिनांक : 01.06.2026**
सूचित किया जाता है कि जेम बिडस संदर्भ संख्या नं. निम्नवत् है।

| Sr. No. | Name of Service | Bid No. & Date | Pre-bid Meeting Date & Time |
|---|---|---|---|
| 1 | Laundry Service - Healthcare purpose | GEM/2026/B/ 7601741 Dated 01.06.2026 | 04.06.2026 15:00 PM |

उपरोक्त बिड जेम पोर्टल पर अपलोड की गई है। सभी इच्छुक सेवाप्रदाताओं से निविदा की शर्तों के अनुसार जेम पोर्टल पर बिड आमंत्रित की जाती हैं। निदेशक, के.एस.एस.एस.सी.आई., लखनऊ बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बिडो को किसी भी स्तर पर स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। निविदा दस्तावेज संस्थान की वेबसाइट www.cancerinstitute.edu.in पर उपलब्ध है।
Advt no. KSSSCI/Tender -04/2026-27 DIRECTOR

**मध्य रेलवे**
सामग्रियों की खरीद के लिए
**ई–निविदा सूचना क्रमांक NIT/01/26/25 दिनांक 29 मई–2026**
भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, मध्य रेलवे निम्नलिखित वस्तुओं की आपूर्ति के लिए ई–निविदाएं आमंत्रित करते है:

| क्र. | निविदा क्र. | विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 43261129 | 110V/120AH क्षमता वाली वाल्व–नियंत्रित लेड एसिड बैटरी | 981 सेट | 06 जुलाई 26 |
| 2 | 38261478 | CASNUB बोगियों के लिए बोगी सेंटर पिवट बॉटम, RDSO Drg. no. WD-85079-S/2 Alt-29 आइटम सं. 1 | 1866 नग | 13 जुलाई 26 |
| 3 | 43263220 | जम्पर प्लग असेंबली (केबल सहित) | 247 नग | 15–जून–26 |
| 4 | 27263506 | सस्पेंशन ट्यूब | 232 नग | 29–जून–26 |
| 5 | 27263467 | लेबिरिंथ और बेयरिंग कैप का सेट | 927 सेट | 16–जून–26 |
| 6 | 27263298 | सभी स्टील लॉक नट का सेट | 239 सेट | 22–जून–26 |
| 7 | 27264649 | मुर्गे को अलग करना | 442 नग | 17–जून–26 |
| 8 | 38262281 | दो–टुकड़ा काँच का शटर | 6686 नग | 25–जून–26 |
| 9 | 38263048 | बिना बुश के ब्रेक बीम | 1546 नग | 30–जून–26 |
| 10 | 80262234 | एक्सल गियर ऑयल SHELL SPIRAX S2A 85 W 140 of M/s SHELL INDIA MARKET Pvt Ltd | 19437 लीटर | 23–जून–26 |

संशोधन: निम्नलिखित निविदाओं के लिए जारी किए गए संशोधन के लिए कृपया www.ireps.gov.in पर जाएं।
1) 42263713 की अंतिम तिथि 03 जून 26; 2) 42263160A की अंतिम तिथि 09 जून 26; 3) 42261115 की अंतिम तिथि 12 जून 26; 4) 42261518 की अंतिम तिथि 18 जून 26; 5) 42261188 की अंतिम तिथि 25 जून 26
नोट : उपरोक्त सभी निविदाएं ई–निविदाएं है और सभी निविदाकारों से अनुरोध है कि वे अपनी बोलियां IREPS वेबसाइट https://www.ireps.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन जमा करें। उपर्युक्त निविदाओं और अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में अधिक जानकारी के लिए कृपया IREPS वेबसाइट पर जाएं। DE-219
सुरक्षित यात्रा करें, फुटबोर्ड पर यात्रा न करें

**बिहार सरकार**
**नगर विकास एव आवास विभाग, पटना**
**नगर कार्यपालक पदाधिकारी का कार्यालय**
**नगर पंचायत, सुरसंड (सीतामढ़ी)**
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– 02/2026–27
(ई–टेंडरिंग द्वारा https://eproc2.bihar.gov.in)
(Double Bid System)
1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता – कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, सुरसंड।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि – दिनांक– 27.05.2026
3. निविदा अपलोड करने की प्रारंभ तिथि/समय – दिनांक– 04.06.2026 को 11:00 बजे से (On website https://eproc2.bihar.gov.in )
4. प्री बीड मीटिंग का समय स्थान/तिथि – दिनांक – 05.06.2026 समय 13.00 बजे स्थान– नगर पंचायत, सुरसंड का कार्यालय।
5. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय – दिनांक– 13.06.2026 के 15:00 बजे तक (On website https://eproc2.bihar.gov.in )
6. तकनीकि बीड खोलने की तिथि/समय – दिनांक– 15.06.2026 के 15:30 बजे के बाद (On website https://eproc2.bihar.gov.in
7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि/समय – तकनीकी निर्णय के बाद
8 कार्य का विवरण :–

| ग्रुप सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (Through online payment) (अप्रत्यर्पणीय) (रू० में) | Bid Processing Fee (Through online payment) (अप्रत्यर्पणीय) (रू० में) | कार्य समाप्ति की अवधि (इन्कुलिडिंग मोनसून अवधि माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | नगर पंचायत, सुरसंड क्षेत्र अंतर्गत सुरसंड पूर्वी स्थित जल मीनार का वृहद मरम्मती, पाईप लाईन वितरण एवं गृह संयोजन कार्य। | 1,64,14,742 | 3,28,295.00 | 10,000 | Eproc2 वेबसाईट के अनुसार | 12 माह |

Note :- The Bidder should submit the bid processing fee & transaction processing fee through online payment as per the self Amount generated on website https://eproc2.bihar.gov.in
9. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाईट https://eproc2.bihar.gov.in अथवा state.bihar.gov.in/prdbihar में देखा जा सकता हैं।
PR- 004557 (B & C) 2026-27
कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, सुरसंड।
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

**बिहार सरकार**
बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड, बुडको
(बिहार सरकार का उपक्रम)
परियोजना निदेशक का कार्यालय, बुडको, बक्सर
e-mail:-pdbuxar123@gmail.com
मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना अन्तर्गत अल्पकालीन पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना
निविदा आमंत्रण की सूचना
(ई–टेडरिंग द्वारा www.eproc2.bihar.gov.in.)
निविदा आमंत्रण सूचना प्रारूप (Eproc-2.0 के माध्यम से)
मानक निविदा आमंत्रण सूचना प्रारूप ₹ 70.00 लाख से ₹ 2 करोड़ तक की राशि के कार्यो के लिए
(डबल बीड पद्धति)
संख्या– NIT No. 06 पुर्ननिविदा
1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता– परियोजना निदेशक, बुडको, बक्सर।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि – दिनांक–27.05.2026
3. प्री बीड मीटिंग की तिथि एवं समय एवं स्थान – दिनांक–09.06.2026 को समय 11:30 बजे पूर्वाह्न स्थान– परियोजना निदेशक, बुडको, बक्सर के कार्यालय, पुलिस चौकी, किला मैदान पानी टंकी के नीचे, बक्सर
4. परिमाण विपत्र प्राप्त करने की तिथि एवं समय – दिनांक–04.06.2026 से दिनांक–11.06.2026.के 17:00 बजे तक (www.eproc2.bihar.gov.in )
5. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि – दिनांक–11.06.2026 समय 17:00 बजे तक (www.eproc2.bihar.gov.in )
6. तकनीकी बीड खोलने की तिथि– दिनांक–12.06.2026 समय 17:00 बजे तक
7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि– तकनीकी बीड में सफल होने के उपरांत निर्देशानुसार
8. कार्य की विवरणी–

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु॰ में) | अग्रधन की राशि (online के माध्यम से) Website:- www.Eproc2.bihar.gov.in | परिमाण विपत्र का मूल्य (online के माध्यम से) Website:- www.Eproc2.bihar.gov.in | Bid Processing fee (Through Online Payment हेतु प्रोसेसिंग शुल्क | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | बक्सर नगर परिषद् अंतर्गत वार्ड नं0–34 एवं 35 के अतंर्गत बक्सर सिण्डीकेट से जिला परिवहन कार्यालय, कर्पुरी ठाकुर विधि महाविद्यालय होते हुए गंगा ब्रीज पथ (मठिला पुल तक) पथ एवं नाला निर्माण कार्य। | 1,85,86,935.00 | 3,72,000.00 | 1,73,60,968.00 | 17,700.00 | 06 माह |

नोटः–Bidders Should submit Bid Processing fee thorugh Online Payment as per Amount generated on Website www.eproc2.bihar.gov.in
परियोजना निदेशक
बुडको, बक्सर
विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
PR. No. 004585 (B&C) 2026-27
नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

वायु सेवा शुल्क : मुम्बई एवं अहमदाबाद-₹ 10.00
प्रकाशक समुद्र भट्टाचार्य द्वारा हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स लिमिटेड के पक्ष में 18-20, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित एवं मुद्रक मनहर कपूर द्वारा एच टी मीडिया लिमिटेड, प्लॉट नं.-8, उद्योग विहार, ग्रेटर नोएडा, जिला : गौतमबुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित।
प्रधान सम्पादक : शशि शेखर प्रबंध संपादक : प्रताप सोमवंशी* दूरभाष : (011) 23361234, सम्पादकीय (011) 66561364, 66561263, प्रसार : (011) 66561111, विज्ञापन (011) 66561442, 66561189, फैक्स : (011) 66561451, 66561270 आर.एन.आई. नं. 509/57
*संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

# JOIN OUR PAID SERVICE - 2026

Daily PDF Access | Editorial Bonus | Almost All Editions

## ENGLISH NEWSPAPERS

The Hindu, Indian Express, Hindustan Times, Business Line, Business standard, The Live Mint, Times of India, Telegraph, New Indian Express, Asian Age, Statesman, Tribune, Pioneer, Financial Express, The Economic Times, Mid-Day, Deccan Chronicle, Employment News, Free Press Journal, Hans India, Deccan Herald, Lokmat Times, Mirror, Telangana Today

## HINDI NEWSPAPERS

दैनिक जागरण, अमर उजाला, दैनिक भास्कर, हिंदुस्तान, बिज़नेस स्टैण्डर्ड, राजस्थान पत्रिका, हरी भूमि, लोकसत्ता , पायनियर , दैनिक ट्रिब्यून , द हिन्दू, राष्ट्रीय सहारा , नवभारत टाइम्स, पंजाब केसरी, जनसत्ता, देशबंधू, प्रभात खबर, दैनिक नवज्योति, आईनेक्स्ट लाइव, लोकमत, नव भारत, नई दुनिया

### Bonus Included :

- The Hindu Analysis
- Editorial Complation
- The Hundu in Hindi

### Bonus Included :

- The Hindu Analysis
- Editorial Complation
- The Hundu in Hindi

## Full Package : All in One Plan

The Hindu Plan

(Starter) 1 Month = 199 ₹99
(Popular) 6 Month = 599 ₹349
(Best Value) 1 Year = 999 ₹549

*Special Offer*

You will Get

- 20+ Hindi Newspapers
- 22+ English Newspapers
- THE Hindu, BL,IE,TOI,ET, etc..
- Dainik Jagran, NBT, DB, Etc..
- Editorial Complation (En & Hi)
- The Hindu Analysis

You Get All Editions of These Premium Newspapers

Order Now



## The Hindu, BL, IE, NIE Plan

The Hindu Plan

(Starter) 1 Month = 149 ₹69
(Popular) 6 Month = 499 ₹269
(Best Value) 1 Year = 799 ₹399

*Special Offer*

You will Get

- The Hindu (TH)
- Business Line (BL)
- Indian Express (IE)
- New Indian Express (NIE)
- Editorial Complation
- The Hindu Analysis

You Get All Editions of These Premium Newspapers

LIMITED TIME OFFER

Telegram Access Available

→ CLICK HERE & JOIN NOW